नया शिक्षादर्पण।

देशवाली पाठकगणोंके हितार्थ।

हिन्दी और अंगरेजी।

रामप्रताप भुंवालकेने बनाकर

प्रथम और द्वितीय भाग।

प्रकाश किया है।

NAYA SHIKSHA DARPAN.

ENGLISH AND HINDEE.

IN TWO PARTS

BY

RAMPARTAP BHONWALKA

FOR

THE USE OF NATIVE STUDENTS.

CALCUTTA

1881

PRINTED BY C. L. MISRA AT THE
BHARATA MITRA PRESS No. 60, *Cross Street*.

ALL RIGHTS RESERVED.

भारतमित्र ।

इश्तिहार ।   इश्तिहार !!   इश्तिहार !!!

सब लोगोंको मालूम हो कि राजधानी कलकत्ते में अखबार "भारतमित्र" नागरी हरफों में हर बृहस्पतिवार को छपकर निकलता है, यह अखबार उम्दा कागज़ चार फरमा रौयल में छपता है। इसमें, हर तरह को खबरें बहुत जल्द मिलती हैं, और दाम इसका दोही पैसा यानि दो आने महीना, इस हिसाब से कुल डेढ़ रुपया सालियाना पेशगी रक्खा गया है (डाक महसूल छोड़ कर)। और ज़रूरी खबर आने से इसके सिवा अलहदा परचा भी छपकर बगैर दाम के खरीदारों को भेजा जाता है। और खूबी यह है कि इसके मालिकों को इसके नफे से कुछ दरकार नहीं है, इसका खर्च बाद देके जो कुछ बचता है वह अच्छे कामों में लगा दिया जाता है, इसलिये, इसके खरीदारों को दोहरा नफा है एक तो अखबार पढ़ने में आवे दूसरे पैसा अच्छे कामों में लगे। इस अखबार के बारे में अंग्रेजी और देसी मशहूर अखबारों ने जो जो तारीफें की हैं वह इस छोटे से कागज़ में लिखी नहीं जासकतीं। इस अखबार के पढ़ने से इसका हाल मालूम हो जायगा।

अखबार का सालियाना दाम।

कलकत्ते में १॥, दूसरे शहरों में मै डाक महसूल २/, पेशगी।

डाक महसूल की किफायत के वास्ते एक बात और यह है कि १ ही टिकट में २ कागज़ एक साथ जा सकते हैं। इसवास्ते २ कागज़ एक साथ मंगाने से डाक महसूल कुल १॥/, एक रुपया दस आना लगेगा, पेशगी दामआने से कागज़ भेजा जायगा। जिनको नमूने की तौर पर यह कागज़ मंगाना होय वह हमें लिखें और आध आने का टिकट महसूल का चिट्ठी के साथ भेज दें।

भारतमित्र औफिस।

९० नं० क्रौस ष्ट्रीट बड़ाबाजार। कलकत्ता

मैनेजर भारतमित्र।

देशवाली पाठकगणोंके हितार्थ ।

हिन्दी और अंगरेजी ।

रामप्रताप भुंवालकेने बनाकर ।

प्रथम और द्वितीय भाग ।

प्रकाश किया है ।

NAYA SHIKSHA DARPAN.

ENGLISH AND HINDEE.

IN TWO PARTS

BY

RAMPARTAP BHONWALKA

FOR

THE USE OF NATIVE STUDENTS.

CALCUTTA:

1881

PRINTED BY C. L. MISARA AT THE

BHARATA MITRA PRESS No. 60, *Cross Street.*

ALL RIGHTS RESERVED.

पहिले से अबकी दफे यह किताब सवाई बड़ी बनी है और खर्च भो सवाया बैठा है लेकिन दाम इसका ज्यों का त्यों ही रक्खा है।

इस किताबके छपवानेका हक़ ग्रंथकर्त्ताही का है दूसरे किसीका नहीं है। बमूजिब एक्ट २०वां सन १८४७ और एक्ट २५वां सन १८६७ के इसकी रैजिस्टरी कराई गई है,।

रैग्रायर यारोंको इस किताबकी दरकार होवे तो मिहरबानी ना नाम पता ठिकाना चौकस लिखें और किताबकी कीमत महसूल समेत १॥≠॥ चौठीके साथ इस पते से भेज।

रामप्रताप भूंवालका,
अफीम चौरस्ता
बड़ाबाजार
कलकत्ता।

Bhonwalka
pium Chorasta
Barra Bazar
Calcutta

ही।

प्रस्तावना।

यही बात सदासे चली आती है कि "यथा राजा तथाप्रजा" मुसलमानोंके पहिले इस देशमें संस्कृत विद्याकी आदरथी, जब मुसलमानोंका राज्यहुआ तब फारसी की कदर बढ़ी थी, जो फारसी नहीं जानते उनकी कुछ गिन्तीही न थी, वैसही अब अंगरेजी राज्य में अंगरेजीका आदर बढ़ा है, क्या अदालत, क्या व्यापार, स्कूल, क्या हाट बाजार, कहींभी अंगरेजी बिना कुछ कामही नहीं चलता, सच है! जब जिस भाषाका राजा आदर करता है वही सबको पियारी लगती है और उसी भाषामें सब कारबार चलाने लगजाते हैं, लेकिन कुछ भी हो! अंगरेजी फारसी इत्यादि भाषाओंके शब्दोंको देखने और विचारने से निश्चय हुआ कि सब भाषाओं की जड़ संस्कृत भाषाही है और अच्छे अच्छे विद्वान अंगरेजोंने भी इसको कबूल किया है और लिखाभी है कि

"Sanskrit Language is the mother of all Languges"

"अर्थात् संस्कृत भाषा सब भाषाओंकी मा है"

यह प्रसिद्ध है कि अंगरेज लोग आजकाल बड़े उद्योगी और प्रतापी हैं परन्तु उनकेबाद इनगुणोंके पूरे मारवाड़ी चूरूवालेही हैं जैसे ये उद्योगी परिश्रमी, हिसाबकिताबके पक्के और व्यापारका पड़ता फैलाने वाले हैं अगर इन में भेड़िया धसान नहीं होता और विद्याभी अंगरेजोंकी समान होती तो बेधड़क कह सकते कि सब जातियोंसे श्रेष्ठ यही होते, परन्तु यही दो प्रधान बातकी इनमें कमी है, इससे जहां तहां इनका काम अटक जाया करता है सहजसीबातों में एक अंगरेजी जाननेवाला काम निकाल लाता है, और जो नहीं जानते हैं खड़े मुंह ताकते र जाते हैं, ऐसा कौन होगा कि जिसको इस बातका मनमें दुःख न आ परन्तु ये लोग रातदिन निन्नावेंके फेर और अपने व्यापारके कामों ऐसे उलझ रहते हैं और इनको ऐसी फुरसत कहां कि अपने बालकों को हुनर सिखलाया करें इसलिये जरा जरा कामोंके लिये इनको अंगरेजी जाननेवालोंकी खुशामद करनी पड़ती है और कैसी भी सा

को गुमस्ते... हो लाचार होकर दूसरोंसे पढ़ानी पड़ती है इनकी यह तकलीफ दूर करनेके लिये यह किताब बनाई है कुछ रोजगारके लिये नहीं इस किताबके बनाने में जो कुछ मिहनत हुई और खर्च पड़ा है मैं हीं जनाताहूं लिखना फजूल है, सिर्फ स्वदेशी लोगोंके हितार्थ बनाई है।

पहिले भाग में अक्षराभ्यास, नसीहत, चीठी, दस्तावेज हिसाब, वगैरहके नमूने बालकोंको शरुसे सिखलानेवास्ते हिन्दी में लिखे हैं, और दूसरे भागमें अंगरेजी नाम गाम वगैरह लिखनेका रास्ता इस किताब में ऐसा लिख दिया है कि बुद्धिवान खुद अभ्यास करनेसेभी सीख सकता है और कितनेक शहरोंके नामभी जो इसमें तीन तरहसे लिखे हैं सो कुछ इल्म की तरक्कीकेवास्ते नहीं लिखे हैं, केवल बैपारियोंका सुबीता और गवनमेण्ट का फाएदा समझके लिखे हैं अर्थात् प्रथमतो जहां जहां बैपारका काम जियादह है वह शहर लिखे हैं कि जिससे थोड़ी अंगरेजी जाननेवालाभी उनको देखकरके चीठीपर उसके अनुसार लिख सकेगा. दूसरे एक शहरके नामसे दूसरे शहरोंके नाम मिलते हुए हैं, जिसके सबबसे चीठी पारसल वगैरह अकसर गोलमाल हुआ करती है वह सब जिलोंके साथ लिखे हैं उस मूजब लिखनेसे चीठी ठीक जहां भेजोगे वहांहीं पहुंचेगी तीसरे, भिन्न भाषाके अर्थात्, मारवाड़ी, बिकानेरिया, फतहपुरिया, अम्रतसरी, लाहोरी; मुलतानी, शिकारपुरी मुरशदाबादी, सिंधी, जैसलमेरिया, दिल्लीवाल, मालवी, इत्यादि, हरफों में सरनामा लिखने से कुछका कुछ पढ़ाभी जाता है, वह शहरभी नमूने दाखिल थोड़ से लिखे हैं फिर छोटे छोटे फिकरे तथा हर एक तरहके ...ार सम्बन्धी समाचारोंका नमूनाभी लिखा है और इसके आगे डिक्श...री वाक्यावली और अंगरेजी चीठी बिल इकरारनामें इत्यादि हैं।

अब हमारी पाठकों से यह अर्ज है कि इस में जो कुछ भूलचूक ...खें तो उसको कृपा करके सुधारें, क्योंकि जितनी मिहनत किताब ...नानेवालेको होती है उतनी निकालनेवालेको नहीं होती है इति।

रामप्रताप भुंवालका

...ा० ८वीं अप्रैल सन १८८१ बाशिंदा फतेपुर इलाके राजसवाई जैपुर

सूचीपत्र—प्रथमभाग केवल हिन्दी।

वर्णमाला	१	मारवाड़ी भाषा की चिठियें	
मुड़ाक्षर बङ्गला समेत	२	,, सर्राफी काम संबंधी	
पाठ १से ८ पञ्चांक ३से	५	,, कपड़े सम्बन्धी	१०५
एकसे सौतक गिनती	६	,, रुई संबन्धी	१०८
संस्कृत पाठ	७	,, अफयून संबन्धी	१११
सिद्धोवर्णसटीक	८	हर एक रकम की चीठियें	११३
व्याकरण	११	दलील दस्तावेज	
अकलसीखनेकी १७५ बातें	१७	हुण्डी, पैठ, परपैठ, जिकरी	१२१
वक्तका नुकसान	४८	जिकरीकी रसीद	१२४
अच्छी सलाह	५०	फिरती हुण्डी की रसीद	१२४
दुनियां सराय	५०	खाता चुकती चीठी	१२५
कीमीयांगिरी	५१	चालान चीठी	१२५
मक्कुरकी दवा	५४	आढ़त चीठी	१२५
साहूकार और अकलमन्द	५५	सिफारिश चीठी	१२५
आदमी का नाम रखना	५७	रसीद चीठी	१२६
राजाभोज	५७	मियादी सिफारिश चीठी	१२६
कालिदास का वर्णन	५८	भरती सिफारिश चीठी	१२६
पण्डित जगन्नाथ रायभट्ट	६३	तेजी की चीठी	१२७
माघ पण्डित	६६	मंदी की चीठी	१२७
महावीर स्वामी	६८	जोखिम चीठी	१२७
जयदेवस्वामी	७०	शराकतनामा	१२८
भास्कराचार्य	७२	वारिसनामा	१२८
फतेपुरशेखावाटी का इतिहास	७३	फारगखती	१२९
कलमबनाने की रीति	८१	मुचलका	१२९
चीठी लिखने की रीतियां	८२	मालजामनी	१३०
लफाफा लिखनेकी रीतियां	८३	हाजिर जामनी	१३०
चीठी पढ़ने की रीतियां	८६	फैलजामनी	१३१

गिरवी नामा	१२१	मोतियों का हिसाब	१४१
वकालत नामा	१२१	बाजारमण हण्डरका वजन	१४२
आममुखतयार नामा	१२२	फुटका नाप	१४३
सुपुर्दनामा	१२२	सिक्का कम्पनी रुपया	१४३
किरायानामा	१२३	योरपविलायत उपरकी हण्डीयों-का हिसाब	१४४
बेबानखत	१२३	डालर का हिसाब	१४४
तकसीम नामा	१२४	चीन का तोल	१४४
इतलानामा	१२४	अंगरेजी पञ्चाङ्ग ९५ बरस का	१४५
दानपत्र	१२४	अंगरेजी हिन्दी और मुसलमानी बरसों का मिलान	१४६
पञ्चमुखतयारनामा	१२५	माप्यतोप	१४७
करज खत	१२५	मनुष्यों की संख्या और जमीन का विस्तार	१५१
राजीनामा	१२६		
अरजी लिखनेकी रीति	१२६		
हिसाब करने की रीति	१२९		
हण्डामणका फलाव	१४१		

सूचीपत्र अंगरेजी और हिन्दी—दूसरे भागकी।

हिन्दी अंगरेजीवर्णमाला	१	,, कचहरीका	६३
स्वर, बाराखरीशिक्षा	२	,, घरसम्बन्धीतार	६४
शहरोंकेनाम	९	हिकमतेरी	६५
शहरोंके नाम मिलते हुए	२३	वाक्यावली	६५
शहरोंके नाम जो एक बालिका दूसरा और पढ़ सके	३१	,, स्वर्गसम्बन्धी	११३
एक से लगाय १३ तक पाठ		,, आसमान का	११३
तारसंबंधी समाचार	५७	,, दिशाओं कानाम	११४
,, अफयून का	५७	,, मौसिम	११४
,, सराफी कारबारका	५९	,, आग सम्बन्धी	११५
,, कपड़ेका	६०	,, जमीन सम्बन्धी	११५
,, गल्ले का	६१	,, कुटम्बिता	११६
,, रूईका	६२	,, शरीरसम्बन्धी	११७
		,, दुखी	११९

,,	रंगोंके नाम	११९
,,	बीमारियोंके नाम	११९
,,	दुलाजोंके नाम	१२०
,,	चौपगोंके नाम	२०
,,	परन्दोंके नाम	१२१
,,	मक्खियोंके नाम	१२२
,,	किड़ोंके नाम	१२२
,,	धातुवोंके नाम	१२३
,,	जवाहरातके नाम	१२३
,,	पनसारठकोचीजे	१२४
,,	खेलोंके नाम	१२५
,,	बाजोंके नाम	१२५
,,	फलोंके नाम	१२५
,,	अन्नकेनाम	१२६
,,	कपड़ेकेनाम	१२७
,,	पोशाकोंके नाम	१२७
,,	गहनोंके नाम	१२८
,,	खुराक सम्बन्धी	१२८
,,	पेशेदोंके नाम	१२९
,,	मनुष्यभेद	१३०
,,	स्वाभाविकप्रकृती	१३१
,,	इमारतसम्बन्धी	१३१
,,	घरके असबाबका नाम	१३२
,,	विवाह सम्बन्धी	१३३
,,	लिखनेका सामान	१३३
,,	पाठशालासम्बन्धी	१३४
,,	औजारोंके नाम	१३४
,,	रेलवे सम्बन्धी	१३४
,,	कचहरी सम्बन्धी	१३५
,,	सिक्कोंकेनाम	१३७
,,	लशकर सम्बन्धी	१२७
,,	हथियारोंके नाम	१३७
,,	[illegible] संबन्धी	१३८
,,	महिनोंके नाम	१३९
,,	हफतेके दिन	१३९
,,	गिनती	१३९
	अंगरेजीका व्याकरण	१४१
	चीठी वगैरह दलील दस्तावेज	१५३
	किरायदारकी तरफसे	१५७
	आढ़तियेको	१५८
	शिफारसिची	१५८
	हुंडोलहनी भेजनेबाबत	१५८
	रेलवे कम्पनीको दरखास	१५९
,,	मालनहीपहुंचनेजिस बाबत	१६०
,,	गाड़ियोंकेवास्ते दरखास	१६०
,,	जियादामहसूलबाबत	१६०
,,	बाकीमाल बाबत	१६१
,,	रसीदखोजानेबाबत	१६१
	टेलीग्रामफमास्टरकोघरजी	१६२
,,	तारनहींपहुंचेजिसकी	१६२
,,	तारकीनकलकोटोको	१६२
	मनसीपालकमीटीको	१६२
	टकसालवगैरहदेखनेकेबाबत	१६३
	पोष्टमाष्टरको चीठीपारसल वगैरहनहीं पहुंचे जिसबाबत	१६३

अफीमकीडिपौजिटका	१६४	,,	हथियारके पासबाबत	१७३
बङ्गालबंकमेंक॰दाखिलेका	१६४	,,	छुट्टीके लिये	१७३
नोटिसकेईतरहका	१६५	,,	नोकरीबाबत	१७३
प्रोमसरीनोट	१६८	,,	हाकिमका	१७४
हैण्डनोट	१६८	,,	पढानेबाबत	१७४
हुण्डी	१६८	,,	मुहताजकी अरजी	१७५
कन्टराकट	१६०	मुलाकिएतकेसाथहुकाम		१७५
विलौकेनकथे	१७०	मुलाकिएतकेसाथअरज		१७५
जाहिरखबर	१७१	पदवी		१७६
अरजियां	१७२			

नचोरहार्यं नचराजहार्यं नभ्रातृभाज्यं नचभारकारि
व्ययेकृतेवर्धतएवनित्यं विद्याधनंसर्वधनप्रधानम् ॥ १७॥

न देवेदेवत्वं कपटपटवस्तापस जना
जनोमिथ्यावादी विरलतनुवृष्टिर्जलधर:
प्रसङ्गोनीचानां मवनिपतयो दुष्टमनसो
जनाभ्रष्टानष्टा अहह कलिकाल: प्रभवति ॥ १ ॥

चतुरनके चाकर कामिलेहमरसहुके, भावहुके भूखे भिखारी हैंसनमानके गुनीजनके ग्राहक सपूतोंके मित्र सुन्दरके दिखईया रिझैईयाखंर-तानके, सुघरनकेसेवक और चरणगहैसाधुनके प्रीतिकरैं उनसें जोवड़े कुलकानके, एतेपरभरोसा मदन राखे उस रामहूका और नहीं काम जीते लोग हैं जहानके ॥ १ ॥

नया शिक्षादर्पण

BENGAL LIBRARY
13 JUL. 19
WRITERS BUILDINGS

श्रीगुरु गौरी नंदको नमन करूं करजोर।
विद्या बुद्धि वरदीजिये लंबोदर गणमीर॥

स्वरवर्ण।

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ
অ	আ	ই	ঈ	উ	ঊ
ऋ	ॠ	ऌ	ए	ऐ	ओ
ঋ	ৠ	ঌ	এ	ঐ	ও
औ	ं	ः			
ঔ	ং	ঃ			

व्यञ्जनवर्ण।

क	ख	ग	घ	ङ	।	च	छ	ज	झ	ञ
ক	খ	গ	ঘ	ঙ		চ	ছ	জ	ঝ	ঞ
ट	ठ	ड	ढ	ण	।	त	थ	द	ध	न
ট	ঠ	ড	ঢ	ণ		ত	থ	দ	ধ	ন
प	फ	ब	भ	म	।	य	र	ल	व	श ष
প	ফ	ব	ভ	ম		য	র	ল	ব	শ ষ
स	ह	क्ष	१	२	३	४	५	६	७	८ ९
স	হ	ক্ষ	১	২	৩	৪	[illegible]	৬	৭	৮ ৯

क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः।

ক কা কি কী কু কূ কে কৈ কো কৌ কং কঃ।

कृ गृ तृ दृ धृ पृ भृ वृ शृ सृ हृ।

কৃ গৃ তৃ দৃ ধৃ পৃ ভৃ বৃ শৃ সৃ হৃ।

क्य ख्य ग्य घ्य च्य ज्य ट्य ड्य ढ्य ण्य त्य द्य

ক্য খ্য গ্য ঘ্য চ্য জ্য ট্য ড্য ঢ্য ণ্য ত্য দ্য

ध्य न्य प्य भ्य म्य य्य ल्य व्य श्य ष्य स्य ह्य क्ष्य

ধ্য ন্য প্য ভ্য ম্য য্য ল্য ব্য শ্য ষ্য স্য হ্য ক্ষ্য

क्र ग्र घ्र ज्र त्र द्र प्र भ्र म्र व्र श्र स्र ह्र।

ক্র গ্র ঘ্র জ্র ত্র দ্র প্র ভ্র ম্র ব্র শ্র স্র হ্র।

क्ल ग्ल प्ल म्ल श्ल ह्ल।

ক্ল গ্ল প্ল ম্ল শ্ল হ্ল

क्व थ्व त्व द्व ध्व न्व म्व ल्व श्व ष्व स्व ह्व।

ক্ব থ্ব ত্ব দ্ব ধ্ব ন্ব ম্ব ল্ব শ্ব ষ্ব স্ব হ্ব

क्न ग्न घ्न त्न प्न म्न श्न ष्ण स्न [illegible]।

ক্ন গ্ন ঘ্ন ত্ন প্ন ম্ন শ্ন ষ্ণ স্ন হ্ন

क्म ग्म त्म द्म ध्म न्म श्म ष्म स्म ह्म

ক্ম গ্ম ত্ম দ্ম ধ্ম ন্ম শ্ম ষ্ম স্ম হ্ম

र्क र्ख र्ग र्घ र्च र्छ र्ज र्ट र्थ र्य र्व र्श

র্ক র্খ র্গ র্ঘ র্চ র্ছ র্জ র্ট র্থ র্য র্ব র্শ

ङ्क ङ्ग ञ्च ञ्ज ण्ट ण्ठ ण्ड ण्ढ ण्ण न्त न्द न्ध न्न

ঙ্ক ঙ্গ ঞ্চ ঞ্জ ণ্ট ণ্ঠ ণ্ড ণ্ঢ ণ্ণ ন্ত ন্দ ন্ধ ন্ন

म्प म्ब म्भ [illegible] स्क श्च श्छ ष्ट ष्ठ स्त स्थ ष्प स्प

ম্প ম্ব ম্ভ ষ্ক স্ক শ্চ শ্ছ ষ্ট ষ্ঠ স্ত স্থ ষ্প স্প

पाठ पहिला

माता	মাতা	मौसी	মৌসী	छोरा	ছোরা
पिता	পিতা	खाला	থালা	छोरी	ছোরী
दादा	দাদা	बेटा	বেটা	जीजा	জীজা
दादी	দাদী	बेटी	বেটী	जीजी	জীজী
बाबा	বাবা	फुफी	ফুফী	बापु	বাপু
भाई	ভাই	भाभी	ভাভী	जोरू	জোরূ
नाना	নানা	ताई	তাই	दाई	দাই
नानी	নানী	चचा	চচা	सास	সাস
मामा	মামা	चची	চচী	साला	সালা
मामी	মামী	गुरु	গুরু	साली	সালী

पाठ दुसरा

आइये	আইয়ে	काहेको	কাহেকো	कहदो	কহদো
बैठिये	বৈঠিয়ে	किसको	কিসকো	देभालो	দেভালো
लीजिये	লীজিয়ে	आपने	আপনে	भाईजी	ভাইজী
देखिये	দেখিয়ে	आपसे	আপসে	आयाहूं	আয়াহুঁ
सुनिये	সুনিয়ে	किधर	কিধর	कहता	কহতা
कहाहै	কহাহৈ	कहांसे	কহাঁসে	सुनोतो	সুনোতো
सुनोजी	সুনোজী	चाहिये	চাহিয়ে	नहींजी	নহীঁজী
कहिये	কহিয়ে	सचहै	সচহৈ	लेचुका	লেচুকা
मुझको	মুঝকো	कुछहै	কুছহৈ	होनेदो	হোনেদো
आपको	আপকো	मेरेको	মেরেকো	जानेदो	জানেদো

पाठ तीसरा।

सचबोलो	विद्यासीखो	हेपियारे	भाईजीश्री	चीठीलिखो
पुरातोलो	यादरखो	हेपियारी	सेठजीश्री	हुंडीलिखो
मीठाबोलो	भुलोमत	क्योंसाहिब	शाहजीश्री	आंकमांड़ो
मुंहधोओ	बकोमत	क्याभेदहै	चिरंजीव	अंकलिखो
हाथधोओ	मतखेलो	दूररहो	लालाजीश्री	माआदेओ
रोटीखाओ	सोओमत	छुओमत	यथायोग्य	लीकखेंचो
पानीपीओ	लड़ोमत	देखोमत	लायकश्री	साफकरो

पाठ चौथा।

खुदासेडरो	सुनोसाहिब	मिहरवान	केलामिठाहै
मौतसेलड़ो	क्याचाहतेहो	कदरदान	नीबूखट्टाहै
सफाईरक्खो	बाहरआओ	पियारेदोस्त	आहिस्ताबोलो
अदबरक्खो	अभीदेरहै	हांमहाराज	सुनोतोसही
होशियाररहो	भारीकामहै	बड़ाजोरहै	क्याकहतेहो
जलदीकरो	क्योंचिड़ाताहै	भारीतेजहै	मैंगरीबहूं
बहुतखूब	क्योंबकताहै	बड़ासुखहै	देखोसोबोलो

पाठ पांचवां

महनतकरो	मनमेंसोचलो	शरमाओमत
झूठमतबोलो	बिचारकेबोलो	खुलकरबोलो
चोरीमतकरो	बन्दोबस्तकरो	मेरेपासबैठो
हिंसामतकरो	ढीलेमतरहो	यहक्याबातहै
गुलमतकरो	कुछडरनहीं	कहोसोकरूंगा
गालीमतदेओ	बड़ाअन्धेरहै	तुम्हारीभूलहै

पाठ छठ्ठा

जैगोपालसाहिब	उससेक्याकामहै	मुलाक़ातकेलिये
आपकानामक्याहै?	आपहीफरमावें	मिलनामुश्किलहै
मेरानाममोतीहै	अबक्यादेखतेहो?	औरक्याकहतेहो?
कहांसेआनाहुआ?	ज़रासब्रकरो	बातेंमतबनाओ
आपक्यापूछतेहैं?	किधरख़यालहै	वहबड़ाबेईमानहै
मआफकीजियेगा	ज़राहोशसम्भालो	मेरसेमतबोलो
हुजूरक्याचाहतेहैं?	घबराओमत	अपनाकामकरो
आपकोमिहरबानी	विचारकेबोलो	यहकिसकामकाहै?
मैंआपसेलाचारहूं	अबसीखदिराओ	यहकिसकाघरहै।
कहियेक्याहालहै?	जोहोनाथासोहुआ	आपक्योंपूछतेहो
सानकदस्तूरहै	भगवतकीमायाहै	कुछमतलबहै
क्यावहांचलियेगा?	यहांकुछघाटानहीं	ज़राहमभीसुनें

पाठ सातवां

ठंढकेवक्तचलेंगे	वहलड़काअच्छाहै	वहकबआवेगा
वहांक्यातमाशाहै?	दहनेतरफचलो	कबकाइरादाहै?
मुझेमालूमनहीं	[illegible]तहै	अबजलहाथहै
आपकाभरोसाहै	क्याअच्छीचीज़है	कौनजानेक्याहोगा
क्याकुछखायेगा?	उसकोसमझाओ	मतलबसेकामहै
आपहीकाखाताहूं	वहबेवकूफहै	ऐसाक्योंपुकारता?
खानेमेंक्याशरम	उसकोकहोमत	होशियारीसेबोलो
आपहीकेवास्ते है	कुछभीमतबोलो	बेमौकेमतबोलो
कुछजरूरनहीं	कुछहालतोकहो	वहबेपरवाहहै
आसमाननीलाहै	तानामारनाबुराहै	वहजंगीमरहै
चन्द्रमासफेदहै	बातकरामातहै	तुमकमजोरहो
ताराचमकताहै	क्योंबातबनाताहै	वहसूरबीरहै

एकसे लगाय एकसौतक गिनती

१ एक	२६ छब्बीस	५१ इक्यावन	७६ छिहत्तर
२ दो	२७ सत्ताइस	५२ बावन	७७ सतहत्तर
३ तीन	२८ अठाईस	५३ तिरपन	७८ अठहत्तर
४ चार	२९ उनतीस	५४ चौवन	७९ उन्नासी
५ पांच	३० तीस	५५ पचपन	८० अस्सी
६ छः	३१ इकतीस	५६ छप्पन	८१ इक्यासी
७ सात	३२ बत्तीस	५७ सत्तावन	८२ बियासी
८ आठ	३३ तेतीस	५८ अठावन	८३ तिरासी
९ नौ	३४ चौतीस	५९ उनसठ	८४ चौरासी
१० दस	३५ पैंतीस	६० साठ	८५ पचासी
११ ग्यारह	३६ छत्तीस	६१ इकसठ	८६ छियासी
१२ बारह	३७ सैंतीस	६२ बासठ	८७ सत्तासी
१३ तेरह	३८ अड़तीस	६३ तिरसठ	८८ अट्ठासी
१४ चौदह	३९ उंचालीस	६४ चौंसठ	८९ नवासी
१५ पन्द्रह	४० चालीस	६५ पैंसठ	९० नव्वे
१६ सोलह	४१ इकतालीस	६६ छियासठ	९१ इक्यानवे
१७ सतरह	४२ ब्यालीस	६७ सड़सठ	९२ बानवे
१८ अठारह	४३ तैंतालीस	६८ अड़सठ	९३ तिरानवे
१९ उन्नीस	४४ चौवालीस	६९ उनहत्तर	९४ चौरानवे
२० बीस	४५ पैंतालीस	७० सत्तर	९५ पचानवे
२१ इक्कीस	४६ छियालीस	७१ इकहत्तर	९६ छियानवे
२२ बाईस	४७ सैंतालीस	७२ बहत्तर	९७ सत्तानवे
२३ तेईस	४८ अड़तालीस	७३ तिहत्तर	९८ अट्ठानवे
२४ चौबीस	४९ उंचास	७४ चौहत्तर	९९ निन्नानवे
२५ पचीस	५० पचास	७५ पचहत्तर	१०० सौ

संस्कृत पाठ।

सदा प्रियं ब्रूयात्। प्रियवादी सर्व्वस्य प्रियोभवति। विद्या हि परमं धनम्। यस्य विद्या धनमस्ति स सदा सुखेन कालं नयति। श्रमेण यत्नेन च विना विद्या न भवति तस्मात् विद्यालाभाय श्रमो यत्नश्च विधेयः। विद्या विना वृथा जीवनम्। आलस्यं सर्वेषां दोषाणामाकरः। अलसा विद्यामुपार्ज्जयितुं न शक्नुवन्ति धनं न लभन्ते। अलसानां चिरमेव दुःखम् तस्मादालस्यं परित्यजेत्। मातापितरौ पुत्रार्थं बहून् क्लेशान् सहेते तस्मात् तयोर्नित्यं प्रियं कुर्य्यात्। कायेन मनसा वाचा तयोर्हितं चिन्तयेत् तयोः सततं भक्तिमान् भवेत्। प्राणात्ययेऽपि तयोरव मानना न काय्यी तयोरनुमतिं विना न किञ्चित् कर्म्म कर्त्तव्यम्। अतिभोजनं रोगमूलम् आयुःक्षयकरम् तस्मादतिभोजनं परिहरेत् योऽस्मानध्यापयति सोऽस्माकं परमो गुरुः। सहि पितृवत् पूजनीयः। विद्यादाता जन्मदाता द्वावेव समानौ समं माननीयौ च। क्रोधं यत्नेन वर्जयेत्। क्रोधवशो परत्र भाषेत न प्रहरेत्। क्रोधो हि महान् शत्रुः। सर्व्वं परवशं दुःखम्। सर्वमात्मवशं सुखम्। एतदेव सुखदुःखयोर्लक्षणम्। परहिंसायां परापकारे न बुद्धिर्न काय्यी। तयोः समं पापं नास्ति। यथाशक्ति परेषामुपकारं कुर्य्यात्। परोपकारो हि परमो धर्म्मः। अहङ्कारं परिहरेत् नाहङ्कारात् परो रिपुः। सन्तुष्टस्य सदा सुखम्। य आत्मानः सुखमन्विच्छेत् स सन्तोषमवलम्बेत सन्तोषमूलं हि सुखम्।

व्याकरणको प्रथम सन्धि प्राय सर्वत्र राजपूतानमें बालकों को पढाते हैं परन्तु इसका अर्थभेद और शुद्धाशुद्ध पढाने और पढनेवाले दोनूंहीं विशेषकरके नहीं समझते, हैं इसलिये शुद्धकरके अर्थसमेत लिखोजातोहै और जो गुरुलोग अशुद्ध पढातेहैं वहभी बराबरमें लिखतेहैं

१ सिद्धोवर्णसमाम्नायः	१ सीधोवर्णा समामनाया
२ तत्र चतुर्दशादौ स्वराः	२ चतवचतदशादउ'समाद्धा
३ दशसमानाः	३ दशेसमाना
४ तेषां द्वौ द्वावन्योऽन्यस्यसवर्णौ	४ देखुं दुधो बर्णांनसीसवर्णी
५ पूर्वो ह्रस्वः	५ पूर्वो हंस्या
६ परो दीर्घः	६ पारोदीरघा
७ स्वरोऽवर्ण वर्जोनामी	७ सारोवर्णा बिनज्योनामी
८ एकारादीनिसंध्यक्षराणि	८ इकाराद्दोनी संदकराणी
९ कादीनि व्यंजनानि	९ कादेनहेतूबिणज्योनामी
१० ते वर्गाः पंचपंच:	१० तेवरगा पंच्योपंच्यो
११ वर्गाणां प्रथमद्वितीयौ	११ बरघाणोपरथाणोमोदतियो
१२ शषसाश्च घोषाः	१२ संखूचाश्चै चा,
१३ घोषवंतोऽन्ये	१३ घोखा घोखपीतोरणी
१४ अनुनासिकाः ङ ञणनमाः	१४ अन्यूनासीका, नीनानेरनमा
१५ अन्तस्था यरलवाः	१५ अंतासंताझारेलया
१६ ऊष्माणः शषसहाः	१६ हुकुमण सिंहकासाहा
१७ अः इति विसर्जनीयः	१७ आईतोभीसारजनोयो
१८ क, इति जिह्वामूलीयः	१८ काईतीजवामूलीयो
१९ प, इत्युपध्मानीयः	१९ पाईयोपदमानीयो
२० अं, इत्यनुस्वारः	२० आयो अंतनसुंवारो
२१ पूर्वपरयोरर्थोपलब्धौपदम्	२१ पूर्वोपलायोरथापालारेमैपदुं पद्दू
२२ अस्वरं व्यंजनम्	२२ बिणज्योनामी साख्पाक
२३ परं वर्णनयेत्	२३ बरणा अनेत्

२४ अनतिक्रमयंनविश्लेषयेत्	२४ नेतकालमत्या, विसलखजेतू
२५ लोकोपचाराद्ग्रहणसिद्धिः	२५ लखोविचाराद्दुर्घणसंधिया
इति संधौ सूत्रतः प्रथमस्वरण	येतीसेतीसुतरता प्रथिमीसंध

समाप्तः ।

टीका

१ सिद्धो वर्णः समाम्नायः । वर्ण समाम्नाय अर्थात् वर्ण समुदायः— अ आ, इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः । क ख ग घ ङ । च छ ज झ ञ । ट ठ ड ढ ण । त थ द ध न । प फ ब भ म । य र ल व । श ष स ह । इत्यादि स्वयं सिद्धहै अर्थात् साधित नहीं है ।

२ तत्र चतुर्दशादौ स्वराः तिस पूर्वोक्त वर्णोंके आदिमें चौदह वर्ण स्वरके नामसे पुकारे जाते हैं जैसे—अआ इई उऊ ऋॠ ऌॡ एऐ ओऔ ।

३ दशसमानाः दशवर्णोंको समान संज्ञाहै अआ इई उऊ ऋॠ ऌॡ ।

[illegible] तेषां द्वौ द्वावन्योऽन्यसवर्णौ । तिन समान संज्ञकवर्णों में यथा क्रम से दो दो वर्ण आपुसमें एकका एक सवर्ण कहके पुकाराजाताहै यथा— अ, का आ, इ, का ई, उ, का ऊ, ऋ, का ॠ, और ऌ, का ॡ ।

५ पूर्वो ह्रस्वः । प्रथम वर्णोंको ह्रस्व कहते है जैसे—अ इ उ ऋ ऌ ।

६ परो दीर्घः । पिछले वर्णोंको दीर्घ कहतेहैं जैसे—आ ई ऊ [illegible] ॡ

७ स्वरोऽवर्ण वर्जोनामी । अवर्ण छाड़के बाकीके स्वरों को नामी कहते हैं जैसे—इई उऊ ऋॠ ऌॡ एऐ ओ औ ।

८ एकारादीनिसंध्यक्षराणि । एसेलगा के जो वर्ण हैं उनको संध्यक्षर कहते हैं जैसे ए ऐ ओ औ ।

९ कादीनि व्यंजनानि । क से लगायके वर्णों को व्यंजन कहते हैं ।

१० ते वर्गाः पंचपंच । वही पांचवर्णमिलने से वर्ग कहलाताहै सोवर्ग पांचहैः- कवर्ग, कखगघङ । चवर्ग, चछजझञ । टवर्ग, टठडढण । तवर्ग, तथदधन, । पवर्ग, पफबभम ।

११ वर्गाणांप्रथमद्वितीयौ। वर्गोंके पहिले और दूसरे अक्षर कख, चछ, टठ, तथ, और पफ, इनको तथा।

१२ शषसाश्चाघोषाः। शषस इन तीन वर्णों को अघोष संज्ञाहै।

१३ घोषवन्तोऽन्ये। और वर्ण घोषवान् संज्ञक है।

१४ अनुनासिकाः ङञणनमाः ङञणनम इन पांचवर्णोंको अनुनासिक कहते हैं अर्थात् नासिका सहित मुखसे इनका उच्चारणहोताहै।

१५ अन्तस्था यरलवाः। यरलव वर्णोंको अन्तस्थ कहते है।

१६ ऊष्माणः शषसहाः। शषसह वर्णोंको ऊष्म कहतेहै।

१७ अः इति विसर्जनीयाः। अः अर्थात् दोनू विंदुको विसर्जनीय (विसर्ग) कहते है।

१८ ᳵक इति जिह्वामूलीयः। क को अर्थात् क वा ख के पर रहते पूर्वस्थित अर्द्धविसर्गाकार वर्णको जिह्वामूलीय कहते है।

१९ ᳶप इत्युपध्मानीयः। प वा फके पर रहते पूर्वोक्त अर्द्धविंदु चिह्नको उपध्मानीय विसर्ग कहते हैं।

२० अं इत्यनुस्वार। अं अर्थात् उपर विन्दुको अनुस्वार कहते हैं।

२१ पूर्वपरयोरर्थोपदम्। पूर्व तथा पर अर्थात् प्रकृति और प्रत्यय इन दोनूंका अर्थ जहां प्रतीत होय तिसे पद कहते है यथा रामः।

२२ अस्वरं व्यञ्जनम्। स्वररहित को व्यञ्जनसंज्ञाहै यथा-कखगघङ इत्यादिकको।

२३ परं वर्णंनयेत्। व्यञ्जनको परवर्ण अर्थात् अगले वर्ण में लेजाना चाहिये यथा मधव् अत्र मधुव।

२४ अनतिक्रमयन् विश्लेषयेत्। अतिक्रम नहीं करके संयोग करना उदाहरण पूर्वोक्त।

२५ लोकोपचाराद्ग्रहणसिद्धिः। शेषसंज्ञा ओंकी सिद्धि लोकरीत्या-समझनी।

इति संधौ सूत्रतः प्रथमचरणः समाप्तः-अथ संधि सूत्र क्रमसे प्रथम चरण समाप्त हुआ।

व्याकरण।

व्याकरण सीखे बिना बोलना या लिखना किसीभी भाषाका शुद्ध नहीं हो सकता है।

हीन्दीमें ४८ अक्षर हैं उनमें १६ स्वर और ३३ व्यंजन है।

१६ स्वर—अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः।

३३ व्यंजन—क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व। श ष स ह।

स्वरके तीन भेद हैं ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत

ह्रस्व स्वर (एकमात्रिक) अ, इ, उ ऋ, ऌ

दीर्घस्वर (द्विमात्रिक) आ, ई, ऊ, ॠ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ,

प्लुत (त्रिमात्रिक) गानेमें रोनेमें और पुकारके बुलानेमें शब्दका अंतस्वर टानके बोला जाता है।

व्यंजन अक्षरों के तीन विभाग हैं:—क से लगाय म तक पांच विभाग करके हैं उनको स्पर्श कहते हैं। य र ल व। को अन्तस्थ और शषसह। को ऊष्म कहते हैं।

अक्षरों के उच्चारण स्थान।

कण्ठ—अ, आ, ह, यह कण्ठसे बोलेजाते हैं।

जिह्वामूलीय—क, ख, ग, घ ङ, यह जीभके मूलसे बोले जाते हैं।

तालव्य—इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य, श यह तालु अर्थात् दांतो कुछ ऊपर जीभ लगानेसे बोले जाते हैं।

दंत्य—ऌ, त, थ, द, ध, न, ल, स यह दांतोंसे बोले जाते हैं।

ओष्ठ—उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म, यह होठोंसे बोले जाते हैं।

अनुनासिक—ङ, ञ, ण, न, म, यह नासिकासे बोले जाते हैं।

कण्ठतालव्य—ए, ऐ, इनका उच्चारणस्थान कंठ और तालू है।

संधिप्रकरण।

संधि दो प्रकारकी हैं—स्वरसंधि और व्यंजन संधि।

अकारके अथवा आकारके आगे अकार अथवा आकार रहै तो दोनू मिलके आकार हो जाताहै—जैसे राम-अवतार रामावतार; शश-अंकः शशांकः; देव-आलयः देवालयः, कुश-आसनम् कुशासनम्। लता-अन्त लतांत, महा-आशयः महाशयः गदा-आघात गदाघातः विद्या-आलयः विद्यालयः।

ह्रस्व, इ किंवा दीर्घ, ई कारके आगे इ अथवा ई रहै तो दोनू मिलके दीर्घईकार हो जाती है—जैसे गिरि-इन्द्रः गिरीन्द्रः प्रति-इतिः प्रतीतिः कवी-ईश्वरः कवीश्वर मही-इन्द्रः महीन्द्रः महती-इच्छा महतीच्छा, लक्ष्मी-ईशः लक्ष्मीशः।

ह्रस्व उकार अथवा दीर्घ ऊकारके आगे उ किंवा ऊ रहै तो दोनू मिलके दीर्घ ऊकार हो जाता है—जैसे वि-धू-उदयः विधूदयः, मधु-उत्सवः मधूत्सवः स्वयम्भू-उदयः स्वयम्भूदयः।

अकार अथवा आकारके आगे इ अथवा ई रहै तो दोनू मिलके एकार हो जात है—जैसे देव-इन्द्रः देवेन्द्रः पूर्ण-इन्दुः पूर्णेन्दुः गन-ईशः गनेशः महा-इन्द्रः महेन्द्रः, रमा-ईशः रमेशः, महा-ईश्वरः महेश्वरः।

अकार अथवा आकारके आगे उ अथवा ऊ रहै तो दोनू मिलके ओकार हो जाता है—जैसे, नील-उतपलम् नीलोतपलम्, सूर्य-उदयः सूर्योदयः महा उदयः महोदयः; गंगा-उदकम् गंगोदकम्।

व्यंजनसन्धि।

च किंवा छ आगे रहै तो त और द को जगह च बनजाता है—जैसे महत-चक्रम् महच्चक्रम् एतद्-चन्द्रमण्डलम् एतच्चन्द्रमण्डलम्, एतद्-छाया एतच्छाया।

ज किंवा झ आगे रहै तो त और द को जगह ज बनता है जैसे—भवत-जीवनम् भवज्जीवनम् उत्-ज्वलः उज्ज्वलः तद्-जन्म तज्जन्म

स्वरवर्ण, वर्गका तीसरा अथवा चौथा वर्ण अथवा यरलव आगे रहै तो अन्तस्थित क की जगह ग होता है जैसे—दिक्-अन्तः दिगन्तः वाक्-ईशः वागीशः।

स्वरवर्ण अथवा ग घ द ध ब भ य र [illegible] आगे रहैतो अन्तस्थित त की जगह द होताहै—जैसे, जगत्-अन्तः जगदन्तः, जगत-ईशः जगदीशः, महत्-औषधम् महदौषधम्।

शब्दभेद।

शब्दके दो भेदहैं वर्णात्मक, और ध्वन्यात्मक। वर्णात्मक—वहहै जिसको लिख सकतेहैं और उच्चारण करसकतेहैं, जैसे, फल, पेड़, मनुष्य हाथी, पुस्तक, इत्यादि।

ध्वन्यात्मक—जिसको केवल ध्वनिसु नपड़तीहै, परन्तु न लिख सकते और न ठीक उच्चारण कर सकतेहैं जैसा—गाय, भैंस, इत्यादिके शब्द।

वर्णात्मशब्दके ५ भेदहैं संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, और अव्यय।

संज्ञा।

दृश्य वा अदृश्य पदार्थके नामको संज्ञा कहते हैं, जैसे—गंगा, गांव राम,

संज्ञा तीनप्रकारकी होतीहैं।

जातिवाचक—जातिमात्रका बोधहोताहै, जैसे—पुस्तक, नदी, नगर, पक्षी, वृक्ष इत्यादि।

नामवाचक—राम, हिन्दुस्तान, गंगा. कलकत्ता, इत्यादि।

भाववाचक—लम्बाई, चौड़ाई, खटास, समझ, इत्यादि।

संज्ञाओंके वचन और इनके बनानेकीरीति।

हिन्दीमें वचन दो हैं,—एक वचन और बहुवचन एकवचनसे एक पदार्थका बोधहोताहै, जैसे—पुस्तक, घोड़ा, गाड़ी, मनुष्य स्त्री, इत्यादि और बहुवचनसे अधिक का बोधहोताहै, जैसे, पुस्तकें, गाड़ियां स्त्रियां,

अन्तस्थ दीर्घईकारशब्दका बहुवचन बनाने से ह्रस्वइकारहोजातीहै, जैसे,—स्त्री, स्त्रियां, गाड़ी, गाड़ियां, घोड़ी, घोड़ियां।

लिंग।

हिन्दीमें लिङ्ग दो हैं,—पुंलिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग। पुरुषबोधकसंज्ञाओंको पुंलिङ्गकहते हैं और स्त्रीबोधक संज्ञाओंको स्त्रीलिंगकहतेहैं।

पुंलिङ्ग—हाथी, घोड़ा, मरद, बैल, पिता, भाई दादा, लड़का इत्यादि।

स्त्रीलिंग—हथनी, घोडी, लुगाई गाय माता, बहन दादी इत्यादि।

पुंलिङ्गशब्द।

हिन्दीमें यह शब्दपुंलिङ्गहै पर बहुतसे आदमी स्त्रीलिंग बोलतेहैं। अपील, अखबार, बाजार, अरज, हलवा, ढोल, अनार, आईन, लफज, पूजा, गिलाफ, पारसल, पर, बुरज, बुलाक, बक्स, पासंग, घर, पल, पिसतौल, चिराग, रिवाज, राग सलाम शिकार वासन

स्त्रीलिङ्ग शब्द।

हिन्दोमें यह शब्द स्त्रीलिङ्गहैं पर बहुतसे आदमी पुंलिङ्गकहतेहैं बरफ, अदरक, पायक, जांघिया, अस्पताल, मेज, आग, फानुस, बालू, खिजूर, पियाज, गुलेल, पशम, रपोट, आस्तीन, आंच आवाज, अबीर, अफीम, टिकट, धूप, हार किताब सरकार फानुस, इतयादि।

हिन्दोमें बहुतकरके ईकारांत शब्दसब स्त्रीलिङ्ग होतेहैं जैसे—पगडी, अंगरखी, धोती, रजाई अंगिया कुरसी सुपारी रोटी, ईतयादि। परन्तु कितने क ईकारांतशब्दपुंलिगभीहै—जैसे—पानी, घी, दही, हाथी, मोती, भाई, ईतयादि।

पुरुष तीनहै उत्तम मध्यम और अन्य बातके कहने वाले को उत्तम पुरुष वक्ता कहतेहै जैसे,—मैं, हम।

जिससे बातचीत की जाय उसको मध्यमपुरुष कहतेहै जिसके विषय में बातकी जाय उसको अन्य पुरुषकहतेहै जैसे—वह, वे।

विशेषण।

विशेषण संज्ञा वा सर्वनामके पहिले लगाया जाताहै और उनके गुण वा दोषको प्रगटकरताहै जैसें—अच्छा लडका, खराब लडकी उंची हवेली, चौडा, तखता, तेजचाकू, सुरख कपडा, खारा पानी मीठा-फल इतयादि।

कारक क्र प्रकारहै।

कर्त्ता—जो करै वह कर्त्ताकहलाताहै कर्त्तामें प्रथमाविभक्तिहै अर्थ इससे है सो निकलताहै जैसे—देवदत्त जाताहै बालक रोताहै मृगदौड़ताहै

कर्म—जो करै देखै खावै जिसमें कर्त्ता की क्रियाके व्यापारका फलहो—जैसे घटबनाताहै चंद्रमादेखताहै अन्नखातेहैं, गीतगाताहै।

करण—जिसके द्वारा कामनिकले उसको करण कहतेहै इसमें तृतीयाविभक्तिहैं जैसे हस्तद्वार मारताहै आंखद्वारादेखताहै।

सम्प्रदान—जिसको कोई वस्तुदीजावे उसको सम्प्रदानकहतेहैं इसमें चतुर्थीविभक्तियुक्तहै जैसे—दरिद्रकोधनदेना मेरेको पुस्तकदेओ

अपादान—जिससेती कोईवस्तु अथवा व्यक्ति चले डरै अथवा उत्पन्नहो उसको अपादान कहतेहै अपादानकारकमें पंचमी विभक्ति है—जैसे—वृक्षसेपत्ते गिरतेहै सिंहसे डरताहै तालाबसे जल लाताहै।

अधिकरण—क्रियाके जो आधार उसको अधिकरण कहतेहै अधिकरणकारकमें सातवी विभक्तिहै जैसे—बिछोनेमें सोताहै आसनपर बैठताहै घरमें रहताहै विद्यापढताहै घडेमें पानी है तिलोंमें तेलहै इत्यादि

क्रिया।

क्रिया वहहै जिससे होना करना दौडना खाना पीना इत्यादि निकलतेहै क्रिया दो प्रकारकी होतीहै।

अकर्मक और सकर्मक।

अकर्मक क्रिया—वहहै जिसमें कर्मनहो, जैसे मैंखडाहूं लडका रोताहै घोडा दौडताहै नदी बहतीहै इत्यादि। सकर्मक क्रिया—वहहै जिसमें कर्महो जैसे मैं खाताहूं गुरु शिष्यको पढाताहै राम रावनको माराहै।

काल।

कालसे यह जानाजाताहै कि फलाना काम किस समयमें हुआ—काल तीनहै भूत, वर्त्तमान, और भविष्यत बितेहुए कालको भूतकाल

कहतेहैं जो वर्त्त रहाहै उसको वर्त्तमान कहतेहैं और जो होनेवालाहो उसको भविष्यत कहतेहैं जैसे—भूतकाल—रामजी गांव गया वह आया इत्यादि। वर्त्तमानकाल—रामजीगांवजाताहैं वह आताहै इत्यादि भविष्यतकाल—रामजी गांवजावेगा वह आवेगा इत्यादि।

क्रियाविशेषण।

क्रियाविशेषण वहहै जो क्रियाके गुण, काल, आदि को दिखाताहै यह ५ प्रकारकेहैं जैसे।

स्थानवाचक—जहां, वहां, कहां, यहां, तहां, इधर, उधर, किधर, जिधर, आसपास, सर्वत्र, निकट इत्यादि।

कालवाचक—जब, तब, अब, कब, आज, कल, फिर, परसों, तड़के, सबेरे, सदा, निदान, तुरन्त, इत्यादि।

भाववाचक—अकस्मात्, अचानक, केवल, ज्यों, त्यों, तथापि, यथार्थः सचमुच, अवश्य इत्यादि।

परिमाणवाचक—अति अत्यन्त, एकबार दोबार प्राय।

निषेधवाचक—न, नहीं, मत, इत्यादि।

समुच्चय बोधक अव्यय।

जो शब्द दो पदों वा वाक्योंके बीचमें आतेहैं उनको समुच्चयबोधक अव्ययकहतेहैं यह दो प्रकार काहोताहै-जैसे मिलवाचक और भिन्नवाचक।

मेलवाचक—और, अथवा, तो, फिर, यथा इत्यादि।

भिन्नवाचक—वा अथवा, पर, परन्तु, किन्तु इत्यादि।

विस्मयादिबोधक।

विस्मयाबोधक उसे कहतेहैं जिससें अन्तःकरणका भाव वादशा प्रकाशहो जैसे—

क्लेशबोधक—आह, आहा, आहो, हाय। मोरे, हायरे।

आनंद वा आश्चर्यबोधक—वाह वाह! धन्य धन्य! जय जय!

लज्जा या निरादरबोधक—छी छी! धिक! दूर! इत्यादि।

अकल सीखने की बातें ।

निम्न लिखित उपदेश संग्रह संस्कृत, फारसी, अंगरेजी, इत्यादि किताबों से और उस्तादों के कलाम सुन २ के जमा किया है जो कोई इनको सीख समझ के अमल में लावेगा वह शख्स कभी कहीं नहीं ठगावेगा।

१ सर्व्वशक्तिमान जगदीश्वर की अपार महीमा पर धन्यवाद देना चाहिये देखिये ! करोड़ों आदमी इस जहान में पैदा होचुके और हुए हैं लेकिन सूरत बोल मिजाज नसीब चाल एक का दूसरों से नहीं मिलता है।

२ सब से पहिले हरएक काम में परमेश्वर को याद करो जिस से हृदय शुध हो।

३ परमेश्वर मौत और इज्जत से जो शख्स डरता रहैगा उस आदमी से बुरा काम भी नहीं हो सकेगा।

४ मा बाप जो कुछ कहैं उनपर अमल करो और उन्हों की खिद्मत करने में कसूर मत करो क्योंकि उन्होंने तुमको किस किस दुःख और भाव से पाला है।

५ उस्ताद की बन्दगी मा बाप के बराबर करनी चाहिये।

६ अपने बदन को हमेशा साफ और पाक रक्खो और कपड़े भी साफ सफेद पहनो जिससे तनको आराम और दुनियां से इज्जत मिले।

७ खाने पीने का परहेज हमेशा रक्खोगे तो कोई तरह की बीमारी पैदा न हो सकेगी, किसी शाअर ने भी

कहा है कि दवा खा के परहेज नहीं रक्खोगे अथवा रक्खोगे तो दवा बिचारी क्या कर सकेगी ।

८ बात, वक्त, जवानी, और आब, गई हुई नहीं मिलती इसके लिये लोगों को याद रखना चाहिये कि उन्हों को बचा के रक्खें।

९ बुरा काम अगर कोई छिप के भी करेगा तो क्या है। आखिर जाहर में तो आवेहीगा क्योंकि ईश्वर सर्व्वव्यापी है देखता रहता है ।

१० जवानी दीवानी है जो कुछ फल हासिल हो सो करने में चूको मत क्योंकि जब बुढ़ापा आन पहुंचता है सब मुराद दिलही में रह जाती हैं देखोहीगे साचरों मे भी कहा है कि अब पछताए क्या होवे जब चिड़ियां चुन गईं खेत।

११ हमेशा भोजन में औरत मे जोर में और दौलत में सब्र रखना चाहिये और रखना तो न चाहिये धर्म्म में भजन में विद्या में और परोपकार में।

१२ राजा वेश्या आग चोर बालक पाहुना और चुगल फकत अपने ही फायदे देखते हैं दूसरे का दुःख हरगिज नहीं देखते हैं इसलिये इनसे पीयार मत बढ़ाओ।

१३ गैर का ऐब देख के अपने दिल में खुशी पैदा करनी और दूसरों से जाहिर करना नही चाहिये क्योंकि बे ऐब और बे गुनह आदमी तो दुनिया में कोई एक होगा।

१४ जो आदमी समझाने पर हंस देता है उसे बेशरम समझो और जानवरों को संतावे वा संताते देखके खुश होवें वह दया हीन है और एक पैसे के वास्ते दूसरे का रुपये का नुकसान करे वह निहायत लालची है और जो बहुत बकता है और दुसरे की नहीं सुनता वह बेवकूफ है।

१५ दौलतमंद होके खाने पीने पहनने को कोताही रक्खे और गरीबों की परवरिश नहीं करे और विद्यावान हो के औरों को न बतलावे वह दोनों ही वृथा है, जब वक्त आन पहुंचता है कुछ हो नहीं सक्ता है।

१६ नोकरी कदरदान आदमी जो की अच्छे बूरे कामों को देखे और समझे उसकी करो और जो मालिक नौकर का हक नहीं पहचानता ऐसे मालिक के पास रहने वाला खुश नहीं रहता है और न उसका काम दुरस्त हो सक्ता है।

१७ दौलत और जवानी पर जो शख्स घमंड करके आंखें बंद कर लेता है वह नादान है क्योंकि यह नापायदार हैं जैसे बिजुली की चमक और बद्दल की छाया।

१८ मूर्ख बीमार बावला बालक औरत और मतवाला अगर गालिभी देबैठे तो कुछ खयाल नहीं लाना चाहिये और जो शख्स उस वक्त गुस्सा करता है उसको भी उन्हों मे समझ लेना चाहिए।

१९ महनत के करने और निईत के साफ रखने से माल

जमा होता है और अपना ऐब और दूसरोंके गुणजा-हिर करनेसे बड़ापन मिलता है ।

२० गुणमाने उसको गुण सिखलाना दान ग़रीबको करना उपदेश सबको देना, नेकी बुरे और भले दोनूं के साथ करनी ।

२१ जो शख़्स अपनी ताक़त मुजब बोझा उठा के महनत के साथ रोजी पर क़ायम रहता है हमेशा खुशी रहता है और जो कोई ताक़त सिवा जोखम सरपर उठावेगा तकलीफ़ पावेगा ।

२२ विद्वान और मूर्ख बोलने से जाने जाते हैं खभाव काम पड़ने से और मुहब्बत वक़्त जरूरत के ।

२३ खुशी के बाद ग़म और ग़म के बाद खुशी हुआ ही करती है, आदमी को चाहिये कि न तो खुशी के वक़्त ऐसी खुशी माने कि दूसरे कामों को भूल जावे और न गम के वक़्त ऐसा अफ़सोस करे कि कामों से ना उ-म्मीद हो जावे ।

२४ लायकों में चतुरों में गुणीजनों में विद्वानों में हुनरम-न्दों में जितेंद्रियों में सूरवीरो में धर्म्मात्माओं में और महनतों में जिस शख़्स का नाम नहीं गिना जावे उसकी माता ने वृथा दुःख सहा है ।

२५ लुच्चे को बदमायश को बेईमान को चोरको जुवारीको तमाशबीन को औरतों के छलबल को पहचान लेने का राह जरूर सीख लेना चाहिये लेकिन अक़ल की खूबी

तो वही है अगर जो आप उनके कामों से बचार है।

२६ विद्या धन को हासिल करने में आदमी ऐसा समझे कि न तो कभी बुड्ढा होउंगा और न मरूंगा और मौत सरपर घूम रही है ऐसा समझ के धर्म्म करे ।

२७ लड़के वालों को शुरू से सिखलाना चाहिये कि राजसभा मे महफल में ठाकुरद्वार में अपने से बड़ी उमर वालों के और बुजरगों के साह्मने जब बैठें तो ऐसे अदब के साथ रहैं कि नतो कोई कुछ बोलसके और न कोई बे. अदब दिल में समझै ।

२८ बहुत से आदमी दौलत हाथ लग जाने पर यहां तक अंधे हो जाते हैं कि उन्हों का अहवाल लिखने को कलम को भी ताकत नहीं है वह यह नहीं सोचते देखते हैं कि जब वक्त आ न पहुंचेगा माल और असवाव जहां का तहां धरा ही रह जावेगा ।

२९ आदमी के पीछे हरएक तरह के दुशमन लगे हुए हैं जो शख्स सीधा राह और दस्तूर मुजब चलेगा वह शख्स दुशमन के काबु में कदाचित ही नहीं आनेका है।

३० हर सूरत से जिस आदमी के काबु में आने सके और जिस शख्स से अपना काम निकलता हो, उन्हों की जो कोई शिकायत करेगा आखिर बहुत ही पछतावेगा

३१ चौकी वा पलंग पर बैठ के पैर हीलाना और पैर के उपर पैर रख के सोना यह निहायत सखत ऐब है ।

३२ ऐसी सोगंद मत खाओ कि जिसका नियम नहीं निभा-

ने सको, ऐसा काम मत करो कि जिससे कुछ फायदा नहीं मिले, और ऐसा भोजन मत करो कि जिस से शरीर दुःख पावे।

३३ बेदरयाफत् किये कामों पर छूट मत करो और न किसीके साथ शरत लगाओ।

३४ सत्य संगत करो तो ऐसे साधु फकीरके यहां जाके करो कि जहां पर पैसे और स्त्री का निशान न दिखलाई देवे और जहां पर यह दोनूं विराजमान है कुछ नहीं कुछ नहीं मत भरमो।

३५ किसी के यहां का अंधेर देख के मत पछताओ क्योंकि जिधर देखो उधर अंधेरहै अपने घरका और कामों का बन्दोबस्त रक्खो।

३६ सूरवीर खानदानी इज्जतदार और इलमवालों के वास्ते बदनामी होने से चल्लुभर पानी में भी नाक डूबा के मर जाना बिहतर है।

३७ जब तक कि आदमी का काम खर्च करने से बन सके जान को जोखम में नहीं डालनी चाहिये क्योंकि पैसा भी तो आखिर जानही के पीछे है।

३८ कभी कोई काम में नहीं चूकता और न कभी झूट बोलता और न गुन्हा करता और न दुःख सहता ऐसा शख्स। जगत में कोई एक है।

३९ दलील दस्तावेज खत वगैरह पर पहिले मतलब समझे सिवाय अपना दस्तखत वा सही नहीं करनी चाहिये।

४० दुनियां में बेशुमार चीजें हैं जिस चीज से अपने को फायदा हासिल होवे उसको जरूर काम में लानो चाहिए और जिस चीज में न तो गुन होवे और न कुछ फायदेमंद हो उसके हाथ भी लगाना नहीं चाहिये,अगले जमाने के लोगों ने भी ऐसा किया और कहा है।

४१ माता पिता गुरु दोस्त और जो अपने पर बिश्वास रक्खे इन सभों से जो कोई दगा करेगा बहुत ही हैरान होवेगा।

४२ घोड़ा ऊंट बैल भैंसा वगैरह चारपाया जब अपनी अख्तियारी से दौड़ते हैं उस वक्त उनका बेग दहनी तरफ जियादा रहता है क्योंकि बनिसबत दहने अंग के सब का बायां अंग कम मुड़ता है और दहना जियादा इसवास्ते याद रखना चाहिये कि अगर कहीं मुकाबला होता दीखे और जो मौका मिले तो अपने को अपनी दहनी तरफ बचाना चाहिये।

४३ यह बात बहुत ही याद रखने की है कि जब किसी जगह कोई शख्सके साथ अपनी वा दूसरेकी गुप्त बात करनी होवे उस वक्त पहिले चौतरफ नजर रखलेना चाहिये ताकि कोई नहीं सुनता हो।

४४ जो आदमी सुन करके, हाथ लगाके, भोग करके देखके और सूंघके, न तो खुश होता और न इनके बिना ना खुश रहता वह शख्स बेपारवाह है।

४५ जिस जगह गप मारनेवाले बैठे हों अकलमंद आदमी

को चाहिये कि कुछ नहीं बोले क्योंकि जब मेंडुक बोलते हैं उस समय कोयल चुपही रहा करती है।

४६ न तो आप नंगा होना और न दूसरे को करना और न नंगे मर्द औरत को कोई बहाने से देखना, क्योंकि इसमें बहुत बेअदबी है।

४७ ज़बानी याद रखने और ज़बानी करार करनेसे तो लिख ले लिखवा लेना बहुत बिहतर है और रणमें कदम रख के पीठ दिखलाने और इज्जत जानेसे मरना बिहतर है।

४८ दौलत औरत मुहब्बत और सुहबत यह सब मोम की नाक हैं जिधर फेरो फिर जाती है इस पर बिचार लेना चाहिये।

४९ हमेशा जिस घर में मूर्खों के साथ सलाह है और औरत मर्दों में तकरार रहता है वहां दौलत जाने को लाचार है।

५० सुस्ती को अपने पास मत आने दो, क्योंकि सब ख़राबियों की जड़ सुस्ती है।

५१ वक्त बहुत किमती है, फिर नहीं मिलेगा, इसका एक लहज़ा भी बेकार मत जाने दो।

५२ किसी के साथ वादा और कौल मत करो और करो तो बदलना क्या! क्योंकि जो अदमी लायक होता है बात और बाप ऐकही समझता है।

५३ किसी को भी अपनी ज़बान से बुरा मत कहो, अगर दूसरा अपने को कहे तो जहां तक बन सके सब्र करो।

५४ तीन चीज़ हमेशा अपने पास जरूर, रखनी चाहिये कुछ पैसे चाकू और अंगुठी।

५५ पांच आदमियों के दरमियान बैठो तो समझ के बात निकालो ताकी सुननेवाले खुश हो जावें और तुम्हारी तारीफ करें।

५६ सोच रक्खो कि जब तक नहीं बोली जाती है तब तक बात अपनी और अपने काबू की है, ज़बान से निकलते ही दूसरों की हो जाती है।

५७ राजकारबारी आदमियों से बहुत होशियार रहना चाहिये, क्योंकि उन्हों की आंखों में वक्त पर लिहाज नहीं पैदा होता है।

५८ दो आदमी किसी जगह बातें करते हों उनके बीच में कुछ भी नहीं बोलना चाहिये, जो कुछ कहना वा पूछना हो पीछे से कहो।

५९ दो आदमी अलग बैठ के बातें करते हों, तो तुम उनके पास मत जाओ और मत सुनो।

६० दो आदमी अगर किसी जगह रास्ते में बातें करते नज़र आवें, तो तुम उनके दरमियान से मत निकलो।

६१ जो कोई चिट्ठी वा खत लिखता पढता होवे उस वक्त मत देखो जब तक कि वह खुद इजाजत न देवे।

६२ अपना मिज़ाज हमेशा सादा और सीधा रक्खो मगरूर और गुमान करने वाले को कोई भी पसन्द नहीं करता है चाहिये बादशाह भी क्यों न हो।

६३ अपनी जबान से हसी मत कराओ, बिहतर तारीफ़ तो वह है कि जिसे दुशमन भी सराहै ।

६४ नीच और निकम्में आदमियों की सुहबत से किनारे रहो विद्यावान अकलमन्दों की सुहबत करो ।

६५ जो आदमी न तो अपनी अक्ल से काम करे और न अपने आदमियों की सुन कर के समझे, और दूसरों की सीख मान के चले उस शख्स का काम कभी नहीं पेश चढ़ सकता है ।

६६ एक वक्त जिस शख्स के साथ दुशमनी हो चुकी फिर उससे समझ बूझ के मेल करना चाहिये, ऐसा मेल करने वाले कई पछता चुके हैं ।

६७ बेवकूफ़ आदमी के साथ कोई बात पर हुज्जत और तकरार मत करो, अगरचे अपनी बात सच्ची भी हो ।

६८ जिस काम करने से दुनियां नाराज़ हो वह काम बिल कुल नहीं करना चाहिये । पर कुल की रीत मर्य्याद को वक्त पर देखनी चाहिये ।

६९ पैसे के लालच से इज्जत हलकी मत कराओ देखिये। पैसा तो फिर भी मीलने सक्ता है, लेकिन इज्जत की अब गई हुई फिर नहीं आवेगी, दुनियां में आबरू के समान कीमती चीज़ और नहीं है ।

७० जहांतक बनसके करजदार मत होओ देखिये। बहादूर आदमी भी इसजगह लाचार हो जाता है, सिवाय इस्के वियाज का बियाज और आवाज नुक्ता और नमाज ।

७१ जो आदमी दौलतमन्द, अक्लमन्द, इलमवाले, जबरदस्त, मुगल, हाकम और हकीम के साथ दोस्ती रखता है खुश रहता है।

७२ इतने आदमियों से कभी संग और प्रीत मत करो, चोर, जुआरी, बेइमान, बद के और जो कभी कोई करता है आखिर पछताता है।

७३ अगर कोई आदमी बहुत ही खुशामद करे तो समझ लेना चाहिये कि यहां कुछ न कुछ मतलब है दुनियां में मतलब की खुशामद रह गई।

७४ अगर कोई आदमी अपने साम्हने किसी की बुराई करे उस वक्त समझ लेना चाहिये कि अपनी भी दूसरे से जरूर करेगा।

७५ जिस आदमी की चार आदमी तारीफ करें उसको तुम भी सियाना समझो और कोई बात समझ में नहीं आवे तो उससे पूछने में कुछ हरज मत समझो।

७६ दान और धर्म्म करो तो इस्तौर पर करो कि दहिने हाथ से करो तो बांए को भी खबर न हो ऐसा दान हर एक दरद की दवा है।

७७ जो शख्स आमदनी से जियादा वृथा खर्च करता है आखिर पछताता है।

७८ जो आदमी अपनी जिद से काम करता है और पांच आदमियों का कहना नहीं सुनता है वह भी पछतावेगा।

७९ हमेशा अपनी नीयत साफ़ रक्खो और परमेश्वर पर भ-
रोसा रख के उद्योग करो, दूसरों का माल देख के मत
पछताओ ।

८० अपने लड़के और लड़की को शुरू से अदब की बोली
सिखलानी चाहिये, दस्तूर की बात है जैसी सीखेगा
वैसा ही बोलेगा ।

८१ औरत को इलम जरूर सिखलाना चाहिये, सीखने से
बहुत फायदे हैं, और नहीं सिखलानेसे बहुत नुकसान हैं।

८२ अपने किसी आदमी को धमकाना या समझाना होवे
तो महमान के रूबरू शरमिन्दा मत करो, जो कुछ क-
हना हो अलग ले जाके कहो ।

८३ हलकी जात के और ओछे आदमी के साथ तकरार क-
रने में फ़ायदा नहीं मिलता क्यों जो आप हारा तब भी
हारा, और जीता तब भी हारा, आखिर भले आदमी
पर शरम पड़ती है उस वक्त नीची ही गरदन करनी
पड़ती है ।

८४ जो आदमी ना समझ औरत की बात पर अमल और
भरोसा करता है, और आप नहीं समझता, वह शख्स
काठ का उल्लू है ।

८५ बाजे आदमी ऐसा भी कहा करते हैं कि हम
औरतों का छल बल सब जानते हैं लेकिन मैं
क्यों कर ईमान करूं, औरत को तक्त चाहिये न
वक्त, बलके करवट फेरने में इधर की दुनियां उधर

हो जाती है औरत रहे तो आपसे, नहीं तो सगे बाप से ।

८६ औरत में जो जो गुण हैं सो सब जानते हैं लेकिन इतने ऐब तो कुदरती होते हैं लालच, नापाकी, कपट, बेवकूफी और झूठ बोलना लेकिन गोरी चमड़ी वालियों के गुण देख के मेरी भी अकल हैरान है ।

८७ कभी किसीके साथ दोस्ती मत करो, अगर करो तो फिर तोड़ना क्या। मरदको चाहिये किया सो किया और कहा सो कहा ।

८८ जो कोई कीमीयांगरीके और मोहनीके फनसे पैसे बरबाद करते हैं, आखिर सर पर हाथ धरके रोते हैं।

८९ चाहिये कैसाभी भला आदमी और दोस्त क्यों न हो लेकिन व्यवहार तो सबके साथ दस्तूर मुजबही खलासा करना चाहिये नहीतो धोखा धरोगे ।

९० जो शखस हमेशा दांतां किल किल करता है, और पुकारके बात करता है और मुंह फाड़के हंसता है वहभी वही है ।

९१ भूतकाल (जो हो चुका) भविष्यत (जो होवैगा) तीसरा वर्तमान उसके भेदको जो कोई समझेगा वह धन्य है। तुलसी दासजी ने भी कहा है "बीती सो चित वैनहीं आगे धरोन आस वर्तमानमें मिल रहे धन्य वह तुलसी दास"।

९२ औरत बतलावे वही जती और साधू बतलावे वह सती

है वैरी बतलावे वह सूरा है और जगत सरा है वह अक्कलका पूरा है।

९३ दुनियां बदनाम करे अथवा हजूरके बरखीलाफ ऐसा माल जमा करने से और बेमुकर्री पंच बननेसे और बदसुहबत करने से घर में बैठ रहना बिहतर है।

९४ याद रखखो कि दुनियामें तीन तरहके दुशमन होते हैं, एक तो अपना दुशमन, दूसरा दुशमनका दोस्त और तीसरा दोस्तका दुशमन, यह सब बराबर हैं।

९५ दूसरे आदमीके मकान पर जाओ तो एका एक मत जाओ, पहिले दूर से आवाज दे लो, क्या जाने! किस तरहसे घरवाले बैठे हों।

९६ दौलतमंदी दिलके साथहै,कुछ मालके साथ नहीहै,और बड़ापन अक्लके साथ है, कुछ बरसों के साथ नहींहै।

९७ जुलमसें पैसा पैदा करनेवाले बदनाम और गुन्हगार होते हैं, और क्या! उस पैसे सेबरकत हो सक्ती है?

९८ आदमी को मुनासिब है, कि जैसी मजलिश हो वैसी ही बात निकाले, जितनी ताकत हो उतनाही बोझा उठावे, जैसा घोड़ा हो वैसा ही चाबुक लगावे, और जैसा वक्त वैसी ही बनी बनावे, जो समझ बूझ के काम नहीं करता है, आखिर पछताता भी है।

९९ इन चारो से जहां तक बन सके किनारे रहो, अर्थात् राजासे, आगसे, बदकार औरत और बद आदमी से।

१०० दुनिया में हरतरह के हुनर और कारीगरी हैं, अगर

सीखा चाहो कारीगरों और हुनरमन्दों की सोहबत करो, क्योंकि सोहबत का असर और बीज की तासीर नहीं जाया करती है।

१०१ जो करना हो सो कर गुजरो मौत एक दिन आ घेरेगी, चाहिये मजबूत किले में भी होगा फिर कुछ हो नहीं सकेगा।

१०२ किसी को, अगर बुरा भला कहा चाहो तो खूब सोच करके बोलो, क्योंकि ज़बान का जखम तीर के जखम से बुरा होता है।

१०३ जब किसी हाकिम के साह्मने जाओ तो सादा मिजाज करके असल मतलब अपना बयान करो, और हाकिम जो फरमावे उसीका जवाब दो और उस वक्त खूब ख़्याल रक्खो।

१०४ अशराफ अशराफ ही है, अगरचे गरीब हो जावे और कमीना कमीना ही है अगरचे दौलतमन्द हो जावे। आदमी को चाहिये कि उसकी गरीबी और उसकी दौलत पर ख़्याल न करे।

१०५ जो आदमी दूसरे की अक्ल पसंद नहीं करता है, और आप में अक्ल समझता है, दुनियां उसको बेवकूफ समझती है।

१०६ बड़ापन अगर चाहते हो तो नरमी पकड़ो और दौलत अगर चाहते हो तो सन्तोष पकड़ो और नियत साफ रक्खो।

१०७ जो चीज अपने हाथ या काबु से निकल चुकी और न पीछे आ सके उस पर अफसोस करना ला हासिल है ।

१०८ गहना पहन के सिंगार करना काजल लगाना आंखे मटकाना काम औरतों का हैं, मरद के वास्ते फकत सुफैद कपड़े और एक अंगुठी पहनना काफी है ।

१०९ एक पल भी अमोलक है आदमी को चाहिये कि सोच करके वा दूसरे से एक भी अच्छी बात हररोज नई सीख लिया करे, जिस रोज नहींसीखेगा वह रोज निकम्मा गया ऐसा समझना ।

११० याद रक्खो कि बिमारी, आग, दुश्मनी, और हाकिम का हुकम, थोड़ा भी हो परंतु जियादह समझो ।

१११ कम बोलना, कम खाना, कम लालच, कम गुस्सा करना, और कम सोना काम समझदारों का है ।

११२ अपने दिल का अभिप्राय एका एकी दोस्त के साम्हने भी मत बोलो न मालूम किस वक्त दुश्मन हो जावे ।

११३ ऐ यारो जो कोई किसी का बुरा करता है और करेगा तो करने वाले का बुरा आप ही से हो जावेगा ।

११४ जो आदमी बहुत बकता है और दूसरे की नहीं सुनता है, उस शख्स को भी एक तरह का बेवकूफ समझ लेना चाहिये ।

११५ आदमी को चाहिये कि एक रोज की या एक दम

खुशी के वास्ते हमेशा की खुशी न छोड़े नहीं तो आ-
खिर उमर भर पछताना पड़ेगा।

११६ जब तक दोनों की बात अच्छी तरह मालूम न होवे किसी की तरफ़दारी मत करो।

११७ एक रोज ऐसा आवेगा कि जो पियार करते हैं वही झट घर से नीकाल ले जावेंगे उस वक़ सिवा नेकी के कोई दूसरा काम नहीं आवेगा।

११८ जिस बात के कहने से दूसरे को नुक़सान पैदा हो, अपनी ज़बान से मत कहो, चाहिये अपने को तक-लीफ भी कुछ हो।

११९ दुश्मन अगर गरीब हो तब भी होशियार रहो काबु पाने से कभी नहीं छोड़ेगा।

१२० आज का काम कल पर मत डालो जो करना हो सो कर गुजरो, क्योंकि दम का भरोसा नहीं है।

१२१ नेकी के कामों मे अगर तकलीफ उठाओगे तो तक-लीफ न रहेगी नेकी रह जावेगी, और जो बदी के कामों में खुशी पैदा करोगे तो खुशी न रहेगी बदी रह जावेगी।

१२२ जो आदमी बड़ों का कहना नहीं सुनता है, और उनके हुकमों को अदूली करता है वह आदमी निहा-यत छोटा और बेशरम है।

१२३ शेर के साथ पञ्जा करना, तलवार पर घूसा मारना, आग को बुझा देना, चिनागारी को छोड़ देना, सांप

को मार देना और बच्चे को दूध पिलाना काम अक़ल-मन्दों का नहीं है।

१२४ दो आदमी नाहक तकलीफ उठाते हैं, एक तो वह कि जिसने दौलत पैदा की और खरची न खाई दूसरा वह कि जिसने एल्म पढ़ के कुछ अमल न किया और न दूसरे को सिखलाया।

१२५ चार चीज बिन चार चीज के अकसर बिगड़ जाती है दौलत बिन व्यापार और एल्म बिन याद किये मुल्क और मकान, बेतदारुख और मरम्मत।

१२६ इतने आदमियों के साथ बेसबब हांसी ठट्ठा मत करो अर्थात् औरत के, नादान के, लड़के के, और लड़की के, बड़ों के, पागल के, सागरद के, और मुसाफिर के, जो कोई करेगा पछतावेगा।

१२७ अपने कुटम्ब की और अपनी औरत की जो आदमी तारीफ़ करता है उसको नादान समझ लेना चाहिये।

१२८ रात को दस बजे सोने से और फजर को पांच बजे उठने से तनको आराम मिलता, और सुस्ती दूर होती है।

१२९ क़िमती जिंस निहायत सस्ती होने से खरीदने में नुक़सान मत समझो और हलकी जिनस निहायत तेज होने से न बेचने में नुक़सान है परंतु इस परभी वक्त देखना चाहिये।

१३० दोस्त कीआजमायश एक वक्त जरूर करलेनी चाहिये

क्या जाने कैसा वक्त आन पड़े, क्योंकि आज कल मतलबी यार रह गये हैं।

१३१ बड़े आदमी के पास और बड़ी जगह जाने से हरतरह के फायदे और अकल हासिल होती है, और छोटे आदमी के पास बैठने से, और हलकी जगह के पास से निकलने ही से नुकसान और इज्जत घटती है।

१३२ जो आदमी दूसरे का हाल सुनके तुम्हें आन कहे, वह तुम्हारा भी हाल सुन के दूसरों से जरूर कहेगा, इसवास्ते जिस आदमी के पेट में बातें न समावें, उसके साम्हने कुछ भी मरम की बातें नहीं करनी चाहिये।

१३३ इशारा करने से जो समझता है, उसको अकलमन्द समझना चाहिये और जो आदमी समझाने से भी नहीं समझता, वह सरासर पत्थर है।

१३४ मरद को हमेशा इन पांच चिजों का सच्चा रहना चाहिये अर्थात् हाथ का सच्चा, कान का सच्चा, आंख का सच्चा ज़बान का सच्चा और लंगोट का सच्चा, सफर में तो बहुत ही जरूर है।

१३५ आदमी जब तक नहीं बोलता है, तब तक उसका ऐब और हुनर सब छिपे रहते हैं इस पर खियाल रक्खो।

१३६ जिस शख्स ने अपना माल लुटा दिया वह दूसरे के माल का कब जाबता करेगा।

१३७ भले आदमी की असल पहचान यह है, कि दूसरो को

तकलीफ से बचाता है और अच्छी सलाह और सीधा राह बतलाता है ।

१३८ जो आदमी दोस्त के दुश्मन से हमेशा सलाह रखता है वह अपने दोस्त के हक में बुरा करता है ।

१३९ इन चारो से जिनसे अगर सखी भी मिले तब भी नहीं लेनी चाहिये अर्थात् जुआरी से, चोर से, खूनी से, मुरदाफरोश और बेइमान से ।

१४० जो आदमी काम को तो दूसरो के सुपर्द कर देवे और उस पर खुद चौकसी न करे, वह काम आखिर बिगड़ जावेगा, दस्तूर की बात है कि जागेगा सो गाजेगा और सोवेगा सो रोवेगा ।

१४१ कदरदान अगरचे गरीब हो जावे तब भी उसके पास जाना चाहिये, और नाकदर अगरचे दौलतमन्द हो जावे तब भी उसके पास न जाना चाहिये ।

१४२ चाहिये अपना ही हो, जहां तक दूसरों के तावे हो भरोसा नहीं करना, देखिये। अक्ल, विद्या, पैसा, और ज़ोर वक्त पर अपने ही काबू का काम आतें हैं, सिवा इसके गोद का छाड़ के पेटवाले की आशा नहीं रखनी । कांसे की उम्मीद पर लुकमा नहीं छोड़ना, वर्षा की उम्मीद पर मसक नहीं फेकना और हरी खेती देख के कोठे का अनाज नहीं बेच डालना सबसे बड़ी आशा भगवान की रक्खो, वही पूरीकरताहै ।

१४३ जो आदमी पांच जगह बहादूरी रक्खता है, वह ला-

यक तारीफ को होता है। एक तो मुसाफरी में मांदगी में, लड़ाई के मैदान में नुकसान में और दुःख वो दरद में दूसरे ऐसा भी तो कहा है, कि हिम्मतें मरदां और मदद खुदा।

१४४ आदमी को जिस जगह बैठक रहती है, वहां अगर अच्छी या बुरी बात सुनने में आवे तो अपनी जबान से दूसरे के साम्हने नहीं बोलनी चाहिये।

१४५ अपना अगर मतलब और काम बन सके तो दूसरे की खुशामद वो तारीफ करने में शरम मत करो, क्योंकि जमाना खुशामद और मतलब ही का आगया है।

१४६ आदमी को चाहिये कि हर एक कामों में अपनी अकल खरच करे, पर याद रखना चाहिये कि, जहां धर्म का काम हो उस जगह आड़ी टांग न देवे, जहां तक बन सके मदद देना चाहिये।

१४७ इतनी जगह अकेले आदमी को गाफिल सोना, नहीं चाहिये अर्थात् जङ्गल में, खाली मकान में, जहां चोर का और दुशमन का डर पैदा हो।

१४८ बेमतलब किसी के साह्मने मत बोलो। जो काम करने का अथवा होने का, अपनी उमर, दौलत, घर का भेद, दान, मान, और अपमान जो कहता है आखिर पछताता भी है।

१४९ इतनी बातें करने से आदमी होशियार हो जाता है अर्थात मुलकगिरी, अकलमन्दो की सुहबत, राजसभा

में आमदरफ्त हर तरह की किताबें पढ़नी व्यापार दलाली करनी और औरतों का छल बल देख कर सोचने से कभी किसी के फरेब में नहीं आसकेगा।

१५० जो आदमी रात दिन तमाशबिनी में झूला रहता है, उससे इतनी बातें चली जाती हैं,दौलत, इज्जत, जोर, रङ्ग, रूप, धर्म्म कर्म्म, जप, तप, लाज, भजन, मेहनत, दान, कीर्ति, अक़्ल, विद्या, इमान, सिवा इनके इस काम में हरतरह का नुक़सान हैं।

१५१ हे पियारो! सुस्त मत रहो मेहनत से रोजी मिलती है भजन से पाप दूर होता है, चुप रहने से झगड़ा मिटता है, और होशियार रहने से दिल के खौफ मिटते हैं।

१५२ आदमी को मुनासिब है कि, इतनी जगह शरम न रक्खे, खाने के वक्त, व्यापार दलाली करने के वक्त जबाब सवाल के वक़्त, इलम पढ़ने और पढाने के वक़्त, जो शरम रक्खता है, आखिर पछताता है।

१५३ आदमी को पहचाना चाहो तो इतनी बातें पहिले देखो. चाल, मिजाज, इलम, परहेज, और काम, जैसे सोना पहचाना जाता है, तपाने से छेदने से कसोटी पर लगाने से और पीटने से। जो आदमी पहचान करके काम करता है, वह धोखा नहीं खाता है।

१५४ हमेशा इनको धमकाया रखना चाहिये, याने औरत को, बालक को, नौकर को, और सागिरद को। जो

आदमी इन सब को सरपर चढाता है आखिर उसी की पगड़ी के गाहक बनते हैं।

१५५ जो आदमी महनत करने लायक है, पर सुस्ती से करता नहीं, सिरफ रात दिन घर के दरमियान अपनी होशियारी औरतों को दिखा के बातें बनाता है उस सख्स को मरद नहीं कहना चाहिये।

१५६ याद रक्खो कि पनसारी से, हलवाई से, कूंजड़ी से, और भटियारी से जिनसे उधार न लेनी चाहिये।

१५७ जो आदमी बहुत झूठ बोलता है, अगर वह सच भी बोलेगा तो कोई उसका भरोसा नहीं करेगा, कहा है कि "नामवर चोर मारा जावे और नामवर शाह कमा खावे"। आदमी की किमत सचावट से है।

१५८ किसी को भी ताना मत मारो। ताना मारना घाव के सामान है, घाव दवा लगाने से मिट तो जाता है लेकिन आखिर निशान बाकी रह जाता है।

१५९ जिस गांव में दौलतमन्द, राजा, नदी, इनसाफ और हकीम, न होवे उस गांव में रहना मुनासिब नहीं।

१६० यार आसनाव सगा सम्बन्धी सब मतलब के हैं, क्या किसी के मरने पर रो के जान खोना। हां! अलबत्ता रोना उन बहादुरो पर जो कि जीते जी काम पड़े मरने को तइयार हो जावे।

१६१ इतने आदमी कहीं बेखबर सूते नजर आ जावे तो बेशक उठा देना चाहिये, याने, तालबेलम को, नौकर

को, खिदमतगार को, पकानेवाले को, मुसाफ़र को, भुखे को, और चौकीदार को। ये सब उठानेवाले को दुआ देंगे।

१६२ देखिये! इनको उठाना तो क्या? बल्कि पास निकलने से भी फायदा नहीं मिलता, याने सांप को, जो कीड़े दुम से काटते हैं, नादान को, बेवक़ूफ़ को, राजा को, दूसरे को, कुत्ते को, और शेर को, जो कोई गाफ़िली से इनको छेड़ता हैं आखिर पछताता है।

१६३ इतने आदमियों का एकाएकी भरोसा मत करों, याने जूवारी का, चोर का, इश्क़बाज का, दुशमन का, क़र्ज़दार का, भड़वे का, राजा का, नदी का, औरत का, और मतलबीयार का। जो कोई करता है आखिर पछताता है।

१६४ निकम्मा वा मूर्ख आदमी कामवालों को, और विद्यावालों को देख नहीं सकता है। जैसे बाजारू कुत्ते दूर सें हाथी को देख के भोंकते हैं। इसपर यही खियाल रखना चाहिये कि काफ़ला चलाही जाता है और कुत्ते भोंकते रहते हैं।

१६५ सब को मान बड़ाई सफ़ाइ के साथ बतलाओ। जो आदमी रैरै, मैमै, तू तू, कहके बतलाता है, उसने कभी सुहबत नहीं पाई होगी।

१६६ चाहिये दुशमन भी हों। सब केसाथ मीठा, और हंस के बोलो। कड़ी ज़बान सें सब कोई नाराज़ होते हैं

और दुशमन भी बढते हैं इसलिये सब से प्रेम रक्खो।

१६७ हलके आदमी को जब दौलत मिल जाती है तो घमंड करता है और जब हाकिम बनजाता है, जुलम करता है। जो आदमी दौलत और काम मिलने पर घमंड नहीं करता है, उस आदमी की हर एक आदमी तारीफ करता है।

१६८ इतने काम जो कोई करता है उसीका है याने बहादुरी, विद्या, व्यापार, शाहूकारी और भलाई। जो कोई [illegible] कि यह काम फलानी जात को करना चाहिये, इसमें कहने वाले की नादानी है।

१६९ जूआ मत खेलो, खेलने से इज्जत घट जाती है, दूसरे तमाम बुराइयों का बादशाह जूआ है अकलमन्दों ने कहा है कि खुशी और फुरसत के वक्त दिल बहलाने को भी मत खेलो। जो जूआ खेलेगा, बेशक पछतावेगा और न कभी चैन पावेगा।

१७० मनुष्य में कई तरह के ऐब होते हैं पर जो रोक टोक करने से अथवा अपने खियाल से मिटा सके वह सब यह है:—

सूरज निकलने बाद सोना, तिनका तोड़ना, जमीन को नख से कुचरना, कपड़े, बदन, बाल, पैर, और दांतों को मैला रखना, सूरज छुपने के वक्त सोना, वगैर बिछौने सोना, पीने के वक्त हंसना, चलते हुआ खाना, पैर परपैर रक्ख के सोना, चौकी पलंग पर

बैठ के पैर हिलाना, हाथों को पीठ पर रक्ख के चलना, दोनों हाथों से खुजलाना, जूता रगड़ के चलना, दांतों को पीसना और होंठ, बालों को चबाना, हाथ से वीर्यपात (कर मैथुन) करना शरीर को बजाना, छाती से घुटना लगा के सोना, इन सब कुलक्षणों को जरूर मिटा देना चाहिये इनके रहने से हरएक तरह का नुकसान है ।

१७१ अगरचे कोई आदमी तुम्हारे पास किसी काम के लिये सलाह पूछने आवे तो जैसी तुम्हारी अक़्ल में आवे और उस्के हक़ में फायदेमन्द हो, वाजब बोलो चाहिये दुश्मन भी उस वक़्त क्यों न हो ।

१७२ किसमत और पुरुषार्थ का जोड़ा है इसलिये केवल एकही [redacted] भरोसे पर काम उठाना वा करना नहीं चाहिये ।

१७३ जितने धर्म्म हैं सभों का सारांश यही है कि चोरी और हिंसा मत करो, गरीबों को मत सताओ, जूआ मत खेलो, झूठ मत बोलो, व्यभिचार मत करो, और नशा वो झगड़ा मत करो ।

१७४ अगले जमाने में बड़े बड़े समर्थों ने कुछ छल का काम किया भी है तो तुम सब उसपर अमल मत करो केवल उन लोगों के हुक्म पर ख़्याल रख के चलो । क्योंकि असमर्थ वो समर्थ का तफ़ावत जमीन आसमान बराबर है ।

१७५ जगत् स्वपन तद्दत है जैसे स्वपन में जाग्रत झूठा और जाग्रत में स्वपन झूठा है इसपर ध्यान रखना चाहिये आखिर तो आशा जहाँ बासा है ।

१७६ जरूरी काम के लिये सलाह करने के वक्त इतने आदमी पास नहीं रहने चाहिये, वामन १ कुबड़ा २ दुबला ३ गञ्जा ४ अन्धा ५ मूर्ख ६ और हिजड़ा ७ ।

१७७ कपिलवर्ण १ अधिक अंग २ रोगणी बिनरोमावली ३ अतिरोमावली ४ पिंगलवर्ण ५ लज्जाहीन ६ निर्दयि ७ अशुचि ८ निद्रालु ९ और बहुत बकनेवाली १० ऐसा लक्षण जिस स्त्री में हो उससे विवाह नहीं करना चाहिये ।

१७८ इतनी जगह स्त्री को तरफ मत देखो, भोजन करती हुई को १ छींकती हुई २ जम्भाई (उवासी) के समय ३ नग्न समय ४ अञ्जन लगाने वकत ५ उबटन के वक्त ६ और बाल बनाने के वक्त ७ ।

१७९ लक्ष्मी इतने लक्षण वालों के पास स्थिर रहती है, सत्यवादी १ कार्यदक्ष २ क्रोधहीन ३ देवपारायण ४ कृतज्ञ ५ जितेन्द्रिय ७ और उदारचित्त ८—और अकर्मण १ नास्तिक २ लम्पट ३ कृतघ्न ४ आचारभ्रष्ट ५ नृशंस ६ चोर ७ गुरुद्वेष्टा ८ मूढ़ ९ कपटी १० बलविर्य हीन और भोजन भेदी ११ इतने मनुष्यों के पास लक्ष्मी कभी नहीं ठहर सकती है ।

१८० बरसात की मौसिम में बिजली सरपर चमकने के वक्त सब्ज दरख्त नीचे, लोहे के दरवाजे, और जिस

मकान में जमीन से ऊपर तक लोहे की छड़ लगी हुई रहे वहां पर खड़ा रहना नहीं चाहिये इतनी जगह बिजली गिरने का खौफ अकसर जियादह रहता है।

१८० मुद्दत से बन्ध पड़ा हुआ या किया हुआ मकान, भांडार, गुफा, भौंरा, और अन्न का खास खोलने के वक्त इनके पास या अन्दर मत घुसो। क्योंकि इस तरह की जगह में एक रकम जहरी हवा पैदा हो जाती है लगने से वक्त पर आदमी मर भी जाते हैं। अगर इस तरह की जगह में बड़ना चाहो तो पहिले थोड़ा सा चूना फैला देने से असर जाता रहता है।

१८२ सरद, सड़ियल पड़तल मकानों में भी खराब हवा अकसर पैदा हो जाया करती है उसकी पहचान के लिये यह तदबीर है :—

तेल की चिराग जला के उस मकान में रख देना अगर धरने के साथ ही गुल हो जावे तो समझो की जहरी हवा है, वहां पर भी चूना फैलाना चाहिये।

१८३ चलती हुई गाड़ी वगैरह सवारी से अगर उतरने या कूदने की जरूरत आन पड़े तो जिस रुख गाड़ी चले उसी तरफ एक फुर्ति के साथ कदम उठा के कूदने से कुछ भी धक्का या चोट नहीं लग सकैगा।

१८४ बचपन ही से कसरत करनी चाहिये तनदुरस्ती के लिये बहुतही फायदेमन्द है कसरत दो तरह की होती है जवानों के लिये चलना, दौड़ना, कूदना घोड़े का

चढना और पट्टा खेलना है और बुड्ढों के लिये गाड़ी नाव में बैठ के फिरना है और बच्चों के लिये भी यही और गोद में उठा के घुमाना, कसरत के लिये वक्त दो ही है फजर और शाम।

१८५ आदमी जैसा की दुशमन से डरता रहता है अगर इस तरह खुदा से डरै तो दुशमन हो ही नहीं सक्ता है। शेख शादी ने भी कहा है (दुशमन चेकुनद चूं मिहरबां बाशद दोस्त) दुशमन क्या कर सक्ता है अगर मिहरबान होवे खुदा।

१८६ हमेशा मशकरी ठट्ठा करना बहुत बुरा है अगर ऐसा ही मौका आन बने तो करके हंसो मत, अगर सुन के दूसरा भी नहीं हंसे और करके खुद हंसे, वह मशखरी खाक डालने लाएक समझो।

१८७ सिंघ, सांप, सोमल, कीमीयागर, जादुगार, चोर और ठग यह सब एक ही मा के बेटे हैं, इनमें पहिले के तीन तो सिर्फ जीव ही के गांहक हैं लेकिन बाकी के जान और माल दोनूं को नहीं छोड़ते हैं, याद रक्खो कि जहां लालच है वहां पर यह सब हाजिर रहते हैं, खबरदार! खबरदार!

१८८ चिन्ता और चिता भी एक ही मां की बेटियां हैं,चीता मरने बाद जलाती है पर चिंता पहिले ही जला के कबाब कर डालती है इनमें से एक याद करो और दूसरी को भूल जाओ।

१८९ हरामजादा, वर्णसङ्कर, नीच भड़वा वगैरह कलामों का अर्थ समझ के हरगिज जबांपर नहीं लाने चाहिये।

१९० जहां सुस्ती और गाफली हैं वहां हर तरह का नुकसान समझो और जहां फुरती और चौकसी है वहां हरएक तरह का नफा है।

१९१ किसी आदमी को चूक, या गलती के लिये अगर ठपका देना चाहो तो पहिले अच्छी तरह अजमाइश के साथ समझ लेना चाहिये ऐसा नहो कि पीछा अपने ही को नीचा देखना पड़े।

१९२ तकलीफ के साथ चुस्त जूते और कपड़े पहनना, नखों को और बालों को रगड़वा के कटवाना, दर्द सहके गहना पहनना समझदारों का काम नहीं है।

१९३ नख बढना, केश बढाना, भस्म लगना, कांटो पर सोना, चौतरफ आग सुलगा के तपना, उंधा लटकना, नङ्गा फिरना इत्यादि से जो शरीर को [illegible] देता है सब अफराड है परमार्थ कुछ भी नहीं है।

१९४ आग से तपना, मसलाना, दबाना, रोज का स्त्री संग और बहुत सोना, महनतू आदमी के लिये बहुत ही बुरा है।

१९५ दुश्मनी सिर्फ पांच ही कारण से हुआ करती है:— स्त्री, जमीन, कड़वाबोल, अपराध, और जाति स्वभाव खियाल रक्खो।

१९६ द्रव्य, बन्धु, वय, कर्म, विद्या, यही पांच मान्य स्थान

हैं इन सब में विद्यावान पुरुष सब से अधिक मान्य पाता है।

१९७ रजस्वला स्त्री में गमन करने से बुद्धि, तेज, बल, नेत्र, और आयुष, यह सब निश्चय हीन हो जाते हैं।

१९८ ऋतुकाल की सोलह रात्रि है, तिसमें पहिली चार और इग्यारहीं तेरही रात्रि अच्छी है। सम रात्रि में पुत्र होता है (छठईं, अठईं, दसईं, चौदहीं, सोलहीं) और विषम रात्रि में कन्या होती है (जैसे पंचईं सतईं, नवईं, इगारहीं, तेरहीं, पंद्रहीं,) इसलिये पुत्रार्थी पुरुष सम रात्री में सम्भोग करे। पुरुष के वीर्य्य अधिक से पुत्र होता है विषम रात्रि में भी और स्त्री के वीर्य्य अधिक से कन्या होती है सम रात्रि में भी, इसलिये अच्छे वस्तुओं के भोजन से अपने वीर्य्य को अधिक करे और निकाम वस्तु के भोजनसे और थोड़ा खिलाने से स्त्री के वीर्य्य को कम करे। पुत्र और कन्या होने का यही मुख्य कारण है। मनुस्मृति।

१९९ जिस चीज में जहर मिला होगा, कव्वा, बन्दर, नेवल, हरगिज़ नहीं खांगे, हमने कई दफा अजमाइश की है।

२०० दिल का हाल सुन करके तो हरएक समझ सक्ते हैं लेकिन आंखोंसे दरयाफ्त कर लेना उसी की तारीफ है, भला बुरा सब आंखोंही से मालूम हो सक्ता है।

२०१ पशुसेवा, खेती, स्त्री, विद्या, और म्लेछ संसर्ग, इन पांचों को हमेशा देखते रहना चाहिये।

२०२ पुत्रसत् आचरण वाला, स्त्री पतिव्रता, स्वामी सर्वदा अनुग्रह करने वाला, मित्र प्रेमी, कुटुम्ब के लोग अवंचक, मनक्लेश से रहित, स्वरूप सुन्दर, सम्पतिस्थिर, और विद्या से सुख, शोभायमान, यह सब उस मनुष्य को प्राप्त होता है जिस पर ईश्वर प्रसन्न हो।

२०३ जीव हिंसा से निवृत्ति रहना, पराया धन हरण नहीं करना, सत्य बोलना, यथा शक्ति दान देना, पर स्त्रियों की कथा में मौन रहना, लालच न करना, बड़े लोगों से नम्र रहना, प्राणी मात्र पर दया रखना, सब शास्त्रोंमें प्रवृत्ति रखना और नित्य नैमित्तिक कर्मों को न छोड़ना यही सब मनुष्यो के कल्याण का पन्थ है।

२०४ जब तक अपना शरीर पुष्ट और निरोग है और वृद्धावस्था दूर है, जब तक इंद्रियों की शक्ति नहीं घटै और आयुष्य भी क्षीण नहीं हुई हो इनके पहिले बुद्धिमान मनुष्य को उचित है कि अपने कल्याण का उपाय अच्छी तरह से कर ले, जब घर जलने लगैगा कूआ खोदना कुछ भी काम न आवेगा।

२०५ स्त्रियों के कटाक्ष बाण चित्त को नहीं बेध सकते और न क्रोध रुपी अग्नि की आंच लग सकती और न मोह, लालच के जाल में फसने सकता, ऐसा सूर वीर तीनो लोक को जीतने सकता है।

वक्तका नुक़सान और मौतकी यादमें।

आदमीको चाहिये कि अपना हर एक दिन और हर एक लहजा अच्छे कामोंमें ख़र्च किया करे, उसको नाहक़ बरबाद न होने देवे। और हर रोज एक न एक नई बात सीख लेवे। जिस रोज नहीं सीखेगा वह दिन उसका नुक़सानमें गीना जावेगा। सोच करके अपने दिलमें देखो तो निश्चय हो जावेगा कि, यह वक्तका नुक़सान कितना बड़ा है। अगर सच पूछो तो वक्त, का एक लहजाभी अनमोल है, क्योंकि जब आदमीका आख़िरी वक्त, आन पहुंचता है, यानी वह मरने लगता है, उसवक्त तमाम दुनियांकी बादशाहत देनेसे भी जिन्दगी एक पल भर नहीं बढ़ सकती है। क्या अफ़सोसकी बात है कि आदमी ऐसी अनमोल चीजको ऐसा गफ़लत से बरबाद करे कि, गोया इसको अपनी मौतकी भी ख़बर नहीं है। देखो! जिस रोज आदमीका साल ग्रहका और बिवाहका दिन आता है, वह राग रङ्ग और तमाशा देखता है, और बड़ी बड़ी ख़ुशियां मनाता है, अगर इसको यह मालूम होता कि, आज मेरी मौतका लशकर कोई मञ्जिल और भी नज़दीक आन पहुंचा तो क्यों कर न एक कोनेमें बैठके अपने गये वक्तके लिये अफ़सोस करता? गरज मौत अगर आदमीको याद रहे तो कभी उससे कोई भी बुरा काम नहीं हो सकेगा।

जिस वक्त 'अफलातून' नामका हकीम मरने लगा, उस वक्त 'अरस्तु' नामके हकीमने अरज़ की—कि आप कुछ मुझको नसीहत कर जाइये, उसने जवाब दिया कि मैंने चार लाख बातें नसीहतकी जमा की थी, उसमेंसे चार बात चुन कर इस वक्त, तुझको कहताहूं। उन चारमेंसेभी दो बात तो बहुतही याद रखने की है, और दो बात भूल जानेकी है, यानी आदमीको अपनी मौत और अपना पैदा करनेवाला मालिक, यह दोनों हमेशाही याद रखना चाहिये और नेकी जो खुद किसी दूसरेके साथ और बदी जो कोई दूसरा आपने साथ करे, वे दोनों भूल जाना चाहिये।

मुराद हमारी इस लिखनेसे यह है कि आदमी अपना वक्त नाहक बरबाद कभी न करे और हरेक रोज कुछ न कुछ अच्छी नई बात सीख लिया करे।

अच्छी सलाह।

आदमीको चाहिये कि जबतक किसी बातकी बुराई या भलाई निश्चय न होवे तब तक एकाएकी किसीकी देखादेखी काम न करे, नहीं तो आखिर बहुतही हैरान वो परेशान हो जावेगा। चुनांचे इसपर एक नकल है।

एक खच्चर निमकसे लदा हुआ किसी नदीके पार उतरता था, जब बीचधारमें पहुंचा तो उसने एक गोता पानीमें ऐसा लगाया कि वह निमक भींगके गलगया और उसकी पीठ हलका हो गया, यह माजरा अचानक एक गदहेने (जिसकी पीठ पर रूई लदीथी) दूर से देखा, देख कर वहभी नदीके किनारे पहुंच कर झटपट उसमें कूद पड़ा और गोता लगाके चलने लगा, लेकिन उसकी पीठ का बोझा तो इस कदर भारी हो गया कि मियां बोझके मारे उसी जगह डूबके मर गया।

भकरात हकीमने कहा है कि, जैसा लड़ाईके वक्त, लोहा सोनेसे भी जियादा काम आता है, वैसे अकलभी हरेक वक्त, वो हरहालतमें बहुत काम आती है।

दुनियां सराय है।

कहने को तो सब लोग इस दुनियांको सराय कहते हैं, लेकिन दिलमें कोई एक अकलमन्द सुहबति समझते होंगे, इस लिये एक नकल बयान किया जाता है, इसके पढ़ने से सब को इस दुनियां के सराय होने पर कुछ संदेह नहीं रहैगा, वह नकल यह है।

किसी बादशाहके बागके अंदर अचानक एक मुसाफिर नावाकिफ फकीर चला आया और अपनी झोली वो तुंबा मसनदके ऊपर रखके बादशाही छप्परखट पर मजेसे सो रहा। जब बादशाह वहां पर आयें, फकीरको देख की निहायत गजब होके बोले कि ऐ। अहमक् तू यहां किस तरह आने पाया? फकीरने यह सुनके उत्तर दिया कि, बाबा इतना गरम क्यों होता है? मैं तो इस मकान को सरायही समझके एक कोनेमें बिशतरा लगाके चुपचाप बैठा हुआ हूं। बादशाह यह सुनकै औरभी जियादा गुस्सेमे आये और बोला, अबे! सराय किसको कहता है? नहीं जानता कि यह मेरे रहनेका महल है। तब फकीर बोला, सुन बाबा! जब तू पैदा नहीं हुवा था तब यहां कौन रहता था? शाहने कहा, मेरा बाप रहता था। तिसपर फकीरने कहा तेरे बापके पहिले यहां कौन शख्स रहता था? बादशाहने कहा मेरा दादा रहते थें। फकीरने कहा तेरे दादेके पहिले कौन था? बादशाहने कहा मेरा परदादा रहते थें? इसी तरह जब बादशाह अपनी सात आठ पीढी तकका नाम ले गये तब फकीरने कहा सुन बाबा! जिस घरमें इतने आदमी रह रहके चले गयें वह सराय नहीं तो और क्या है? तूभी इसी तरह एकरोज चला जावेगा, फिर किस वास्ते इस मकानको आपना बनाता है? बादशाहके दिल पर इस बातका बड़ा असर हुआ और कुछ देके फकीरको रुखसद किया।

कीमीयांगिरी।

हिन्दुस्तानके लोगोंको ठगनेके वास्ते हरीफों को यह बहुत अच्छी तरकीब याद है, कि जो आदमी किसी तौरसे दम पर नहीं चढ़ता, वह कीमीयांका नाम सुनते ही बावला हो जाता है, इन ठगोंका यह दस्तूर है कि फकीरोंका भेष बदलके हर एक शहरमें घुमते रहते हैं, और मकारो फरेबका जाल हर जगह डालते फिरते हैं, जब कभी कोई

इनकी फरेबमें आजाता है, झटपट उनको कपड़े तक मांग लेते हैं, यह न।समझ हिन्दुस्तानी इतना भी नहीं जानते। कि जो शख्स कीमीयां बनाने जानता, वह इसके लिये चांदी और सोना क्यों मांगता? अफसोस है. कि हिन्दुस्तानके हजारहां आदमी कीमीयांगरोंके हाथोंसे मारे जाते हैं, जिस पर भी नादान लोग नहीं जानते कि इस बलायसे दूर भागना हमारे हकमे अच्छा है सब कोई जानते हैं, कि इस फनमें किसीने दौलत जमां नहीं करी फिर इस कामकी तलाशमें जो कोई अपना माल फूंके वह सरासर काठका हाथी है, आखिर दो कौड़ी का बन जावेगा और दुनियांमें बेवकूफ कहलावेगा, जानना चाहिये कि बाजे कीमीयांगर तो मसालोंके जोरसे धातुका रङ्ग बदलकर अपना रङ्ग जमा लेते हैं, और बाजे तो इस तरहकी हथफेरी करते हैं कि पारे और तांबेकी जगह छिपाके सोना चांदी रखके झटपट अपने गाहक को चांदी या सोना दीखा देते हैं लेकिन बाजे तो ऐसे चालाक होते हैं कि लून मिरिच लगाके खालीही बातोंसे आदमीको दांव पर चढ़ा लेते हैं, अब हम कीमीयांगरोंका कुछ अहवाल लोगोंको होशियार करनेके वास्ते इस जगह लिख देते हैं, सुनो—

किसी रोज एक फकीर खाकवेंका लङ्गोट कसा हुआ एक महाजन की दुकान पर अचानक आन बैठा, बनीयेंने भी उनको आगे एक सुलफे की चिलम चढ़ाके रख दी लेकिन उस फकीरने निहायत चालाकी और फुरतिके साथ झटपट तम्बाकुकी जगह एक सोनेकी डली रखदी और चिलम उसी दुकान पर उलटा कर चला गया कुछ देरके बाद बनियेंने उस चिलमको उठाया तो देखा कि उसके नीचे कुन्दन दमक रहा है बनिया उसको देखतेही हाथ मलने लगा और बोला कि, हाय। हाथ से सोनेकी चिड़ीया उड़ गई, लेकिन चार पांच रोजके बाद वही फकीर उसी दुकानके साम्हनेसे निकला, बनिया फकीर की सूरत देख कर अपने दिलमें बाग बाग हो गया, और दूरहीसे दौड़कर उसका कदम जा पकड़ा, और गिड़गिड़ाने लगा कि हजरत! कुछ इस कंगाल पर करम बख्शी कीजिये।

शाह साहिबने पहिले तो बहुतसा मिजाज किया; आखिरको इस तौरसे बोला कि, बाबा! अब हम एकबारगी तेरा बेड़ा पार कर देते हैं लेकिन बाबा बगैर जामन तो दहीभी नहीं जमता, जैसा तेरे घरमे सोना हो, जमा कर रख हम रातको तेरे घरमे आवेंगे, मगर किसीको कहना नहीं। बनियाँ तो उसकी बातों पर ऐसा पिघला कि, घर जाते ही अपनी जोरूका सारा जेवर उतार कर जमा किया, और सूरजकी तरफ देखने लगा कि कहीं जल्द सांझ हो सूरज छुपतेही फकीर भी अपने वादे मुजब आन पहुंचा, और एक मकानके अंदर चार पांच मन छाने याने कंडे सुलगाके उसमें उसी बनियेके हाथसे पहिले तो सेरभर ताम्बा रखवा दिया, और एक पुड़िया खाख की झोलीमेंसे निकालके उस हांड़ीमें छोड़ दी।

एक घण्टेके बाद जब धूंवा उस कंडोका उस मकानके अन्दर अच्छी तरहसे घुट गया और मारे धूवेंके बनियां आंखें मलने लगा, तब फकीर ने आगमें से वह सोनेकी पोटली निकालके अपनी झोलीमें रख ली और वहां बैठके रात काटी सुबह जब हुई तो हजरत बोले कि बाबा! माल तो तय्यार हो गया है, लेकिन अभी ठण्डा नहीं हुआ, इस वक्त छेड़नेसे कच्चा रह जावेगा जब तक ठंडा हो तब तक हम नदीसे नहा आवें, यह कहके फकीर तो सोना लेकर वहांसे चंपत हुआ, और बनियां बैठा रहा जब बनियेंने देखा कि फकीर नहीं आया तो वह आपही उस राखके ढेरमेसे सोनेका डला तलाश करने लगा, लेकिन ताम्बा उसमें मिला सोना कहांसे मिलता, मसल है, कि तिल रहे तो तेल निकले, बनियां रोने लगा आखिर सब्र करके बैठ रहा—इसी तरह का हाल मालवेके अखबारमें देखा गया है, कि एक गुसाईंने सेठको चांदी जमा करवाई और पूजा पाठके बहानेसे मन्तर पढ़ पढ़ घण्टा बजाने लगा, एक रोज़ आधी रातके वक्त गुसाईंजी चांदी लेकर रुखसद हुए दिन निकले मालिकने देखा कि न तो गुसांईजी हैं और न चांदी है सेठजी चुप रह गये कुछ न बोले, कहा है, कि ठगाया हुआ, बनियां और ठूका हुआ रजपूत कुछ नहीं बोलता है—मतलब हमारा इसके

लिखनेका यह है कि ऐसे लोग बातोंके सुननेसे कभी दगा न खावे और न किसीके फरेबमें आवे ।

गरूरकी दवा ।

आदमीके लिये सब ऐबोंसे बुरा ऐब गरूर है इससे फायदा किसी सूरत नहीं होता है, और नुकसान सरासर है हकिकतमें इस ऐबसे तमाम हुनर छिप जाते हैं, इस बीमारीका इलाज जरूर करना चाहिये, सबको मालूम है, कि जिस तरह तप, जुकाम, खांसी, फोड़ा, फुनसी वगैरह बदनकी बिमारियां हुआ करती है, इसी तरह गरूर गुस्सा लालच वगैरह दिलकी मर्ज हैं और जिस तरह बदनकी बिमारियोंके वास्ते बहुतसी दवा खाने पीनेकी मुकर्रर हैं इसी तरह दिलकी मरजोंके वास्ते भी बहुतसे नुसखे सोचने और गौर करनेके मौजूद हैं हम एक नुसखा मगरूर आदमीके वास्ते लिख देते हैं जिन लोगोंके दिलको यह मर्ज होवे वह दो चार दिन इसको अच्छी तरह याद करे उम्मीद है कि भगवान की कृपासे भले चंगे हो जावेगा ।

नुसखा ।

किसी रोज़ एक शखस जिस्का नाम 'मिरज़ा अकड़बेग' था बाजार में चला जाता था, पगड़ी भी इतनी तिरछी सजी हुई थी कि आंख उस्की छिप गई थी, ऐंठ उस्के बदनमें ऐसा था कि, मूंजकी रस्सी भी क्या ऐंठेगी । बदन पर हथियार इतने लदे हुए कि, तोलमे उस्के बदनसे भी जियादा भारी होंगे एक नोकदार जूते पर सवार "अफलातून, का साला बना हुआ बलखाता हुआ और कभी आसमान की तरफ ताकता हुआ कदम रखता और घमंडके नशेमें आंख बंद किए हुआ पान चबाता चला जाता था । पांव कहीं रखता पड़ता कहीं था इतने

में एक गरीब बुड्ढा पांवसे लंगड़ा लाठी टेकता हुआ सामनेसे चला आता था, अचानक कहीं उस 'अकड़बेग' का धक्का उस गरीब को लग गया। उस अकड़बेगने दया तो नहीं किया, बलकि उलटा आंखे बदल के उस बुड्ढे को घुरकके बोला कि अबे ! तू नहीं जानता कि मैं कौन हूं ? यह सुनके उस बिचारेने हाथ बांधके अर्ज़ किया कि, ऐ हज़रत ! मैं आपसे खूब वाकिफ हूं और यहांतक भी जानता हूं कि आप क्या थे और क्या हो जावेंगे, तब तो मिरज़ा साहिब इस बात को सुन के घबराये और निहायत ताजुब कर के बोले कि भला बताओ तो सही कि तू मेरा हाल क्या जानता है ? तब वह बुड्ढा बोला, सुन बाबा ! मैं तेरा हाल बयान करता हूं, तू पहले एक बूंद मूतका था कि जिसके निकाल पड़नेसे ज़रूरत नहानेकी होती है, फिर तू अपनी माके पेटमें उस लोहूसे मिला कि जो तमाम जगहके लोहूसे जियादा नापाक है और अब तू हड्डी, गोश्त, लोहू, चरबी, और शुक, पित्त कफ और इस तरह की सैंकड़ों गलीज़ चीज़ों का पुतला बना हुआ है, और फिर थोड़े दिनोंमें गल पिचकके खाकमें मिल जावेगा, और तब अगर चील कउवे कुत्ते तेरे इस नापाक बदनकी बोटी नोच खावें तो कुछ अचरज नहीं, और खोपरी सबकी ठोकरों तले आवेगी। देखो ! दारा, सिकन्दर, नौशेरवां, सुलेमान, जमशेद, और हातम वगैरह आदमियोंको तो इस जहानने बाकी नहीं छोड़ा, फिर तू किस बागकी मूली है कि इतना घमंड और ज़ोर पर चढ़ा है, यह सुनके मिरज़ा साहिब तो सर्द होके ज़मीन कुचरने लगे और बुड्ढेने अपना रस्ता लिया। सच है ! भेंके गले छुरी है !

शाहुकार और अकलमन्द ।

एक मालदार शाहुकारके पास जाके एक गरीब अकलमन्दने कुछ सवाल किया, शाहुकारने उससे पूछा तुम क्या हुनर जानते हो ?

अक्लमन्दने जवाब दिया कि वक्त पर जो बात आपके समझमें नहीं आवेगी, अंदाज उसको बखुबी बतला सकेगा, यह सुनके उसको अपने पास रक्खा कई दिन पीछे शाहुकारको रातके वक्त एक ऐसा सुपना आया कि "मौतने आ घेरा और दौलतके मालिक लोग बन गये" इस पर पहले तो शाहजी ने बहुतसा अफसोस किया, आखिर उस अक्ल-मन्दको अलग बुलवाके कहा कि लो ! अब मैं उस मुकामको जाता हूं, जहांसे कोई भी पीछा नहीं फिरता है, अक्लमन्दने पूछा कब तशरीफ लाइयेगा, तब उस सेठने कहा मुझे ख्वाब आ चुका है, अब क्या ! देरका काम है ? यह सुन करके अक्लमन्दने पूछा क्या डेरा तंबू लदवा चुके ? कहा नहीं, तो क्या असबाब वगैरह खाने पीनेका सामान भिजवा दिया ? कहा नहीं, तब उसने सेठजी से फिर पूछा कि एकादा खिद-मतगारको तो भेजाही होगा ? कहा तेरी कसम अबतक कुछ भी नहीं यह सुनके अक्लमन्दने हाथ बांधके अरज की कि सेठजी साहिब ! थोड़े दिनके रहनेवास्ते तो आपने कैसे कैसे संगीन मकान बनवाके उनमें लाखों रुपयेका असबाब खरीदके रखवा दिया और सैकड़ों आदमी चौकी पहरे और खिदमतमें हाजिर रहते हैं, और जहां आप हमेशाके लिये रहने जाते हो वहांके लिये तो आपने कुछ भी बन्दोबस्त नहीं किया, इतना माल असबाब छोड़के क्या अकलेही तशरीफ लाइयेगा ? इस बातको सुनते ही सेठजीका निशा उतर गया, और उस अक्लमन्द की बातोंका मतलब बखुबी समझ गया ।

मतलब इस लिखनेका यह है कि जो कुछ वहांके लिये बन्दोबस्त करना हो झटपट कर गुजरे; जब आखिरी वक्त आन पहुंचता है उस वक्त न भाई बंधु, न यार दोस्त, न औरत बेटा काम आ सकता और न दौलतसे कुछ हो सकता है, जो कुछ अपने हाथसे नेककामोंमें खर्च जावेगा वही अपना है ।

———ooo———

आदमीका नाम रहनेकी तरकीब ।

जो आदमी अपनी नेकनामी चाहते हैं, वह क्या क्या काम बनाते हैं, कोई तो बाग, बगीचे, मन्दिर, शिवाले, तालाब, कूआ, मसजिद, मदरसे, और पुल बनवाते हैं, कोई गरिबोंको खैरात करते हैं और बाजे अपना नाम बढ़ानेके लिये हाथी, घोड़ा, फोज, रखके अपना दब-दबा दिखलाते हैं, अगरचे इन कामोंमें बाजे काम बहुत अच्छे और नेकनामी देनेवाले हैं, लेकिन जहांतक यह सब कायम रहते हैं वहां ही तक बनानेवालेका नाम रहता है, देखिये! इस दो हजार बरसों के बीचमें कैसे कैसे राजा और कवि पण्डित हो गये हैं, परन्तु जैसा नाम राजा विक्रम, भोज, महा कवि कालीदास, माघ इत्यादिका है ऐसा दूसरों का नहीं हैं, इससे मालूम हुआ कि आदमीका नाम जैसा विद्यारूपी धन छोड़ जानेसे रहता है, ऐसा दूसरे कामोंसे नहीं रह सकता है ।

विद्योत्साही राजा और कवियोंका कुछ वर्णन लिखते हैं ।

राजाभोज ।

इस राजाने धारनगरमें सम्बत् ९८२ से १०८२ तक नीति प्रमाण राज किया है, इनके पास एकसे एक बढ़के कालिदास, भवभूति, दण्डी वररुचि, सुबंधु, बाण, मयूर, रामदेव, हरिवंश, शंकर, कलिंग, कर्पूर, विनायक, मदन, विद्याविनोद, कोकिल, तारेन्दु इत्यादि १४०० गुण-वान पंडित रहते थे, ऐसा सुननेमें आया है कि जो कोई नया श्लोक बनाके लाता राजा से लक्ष रुपये इनामका पाता । राजा भोजमें बहुतही विलक्षण गुण था, इतने ग्रन्थ इन्होंने बनाये हैं—भोजचम्पु, भोजप्रबन्ध, सरस्वती कंठाभरण, राजमार्तंड, मुंजप्रति देशव्यवस्था, भोज प्रतिदेश व्यवस्था, विक्रमचरित्र इत्यादि । राजा भोज अपने राजमें किसी

को भी मूर्ख रहना नहीं चाहता था, एक दिन एक नदीमें एक ब्राह्मण लकड़ियोंका भार लेके पार उतरता था राजाने उस ब्राह्मणसे हंसके पूछा "नद्यां कियज्जलं विप्र" अर्थात् हे ब्राह्मण! नदीमें कितना जल है, उसने तुरन्त जवाब दिया "जानुदघ्नं नराधिप" अर्थात् हे राजा! जानुतक है, यह सुनके राजा बहुत प्रसन्न हुआ और एक लक्ष रुपये देनेका हुकम दिया, ब्राह्मणने जाके धर्मखातेके अधिकारीसे रुपये मांगे, उसने ब्राह्मण की कंगाल अवस्था देखके नहीं दिये, ब्राह्मण राजाके पास फिर आया तो राजाने दो लक्ष देनेको कहा, तिस पर भी उसने नहीं दिये, तब तो राजाने तीन लक्ष और दश हाथी देनेका धर्मखाते के मुनीमपर लिख दिया, उसने अक्षर देखते ही राजाकी आज्ञानुसार तीनलक्ष और दस हाथी उस ब्राह्मणको दे दिये और लिख दिया कि,—

"लक्षं लक्षं पुनर्लक्षं मत्ताश्च दशदन्तिनः।
दत्ता श्रीभोजराजाने जानुदघ्नं प्रभाषिणे॥"

भोज कुछ ऐसा बड़ा राजा नहीं था परन्तु विद्याके प्रभावसे बड़े बड़े महाराजाधिराजों को मात कर दिया।

सच कहा है—"कीर्तिरक्षरसम्बद्धा स्थिरा भवति भूतले"।

हजारों राजा इस भारतवर्षमें हुए हैं परन्तु दानशील, विद्योत्साही, गुणग्राही, केवल भोज विक्रम प्रभृतिही दो चार सुप्रसिद्ध हुए है।

भोज नामके और भी दो राजा हुए हैं एक संवत् ६२४ और दूसरा संवत् ७२२ में हुआ है, इसी तरह विक्रम नामके राजा और कालिदास नामके पंडित भी कई हुए हैं, परन्तु जिसके पास महाकवि कालिदास रहता था उस विक्रमका नाम "हर्ष" था संवत् बांधनेवाले विक्रमके समय विद्याका प्रचार अधिक नहीं था।

कालिदास ।

अगले जमानेमें बहुतसे प्रसिद्ध कवि हो गए है, परन्तु हालमें कालिदासकी कविता शक्ति और चातुर्य देश देशांतर प्रख्यात है, कालिदास पंडित ऐसा नामाङ्कित हो गया है तथापि इनका जीवन वृत्तांत ठीक ठीक नहीं मिलता है, कालिदास कविका टीकाकार मल्लिनाथ पंडितने भी कालिदासके जन्म विषे कोई ठिकाने कुछ नहीं लिखा है, सिर्फ इतना ही निर्णय हुआ है कि उज्जैननगरीमें विक्रमादित्य अथवा राजा भोजकी वक्तमें हुआ है ।

> धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कुवेतालभट्ट वटकर्पूर-
> कालिदासाः । ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां
> रत्नानि वैवररुचिर्नव विक्रमस्य ॥

अर्थ—धन्वन्तरि, क्षपणक, अमरसिंह, शंकु, वेतालभट्ट, वटकर्पूर, कालिदास प्रख्यात वराह मिहिर और वररुचि यह सब विक्रम राजा की सभामें नवरत्न नामसे पुकारे जाते थे ।

उज्जैनमें विक्रमादित्य नामके बहुतसे राजा हो चुके हैं, और कालिदास नामके भी बहुतसे पंडित हो गए हैं पर जिन्होंने रघुवंश, कुमारसंभव, शाकुन्तल नाटक, विक्रमोर्वशी नाटक, शृंगारतिलक, असज्जन वर्ज्जन और ऋतुसंहारादि ग्रंथ बनाये उस कालीदासका यथास्थित निर्णय नहीं हुआ है, केवल इतना ही निश्चय हुआ है कि हर्ष विक्रमादित्यके वक्तमें बेतालभट्ट, अमरसिंह, वराहमिहिर आदि कवि थे, उनका नाम उपरोक्त नवरत्नमें लिखे हैं सो मिलते हैं ।

राजा भोजकी सभामें जो कोई नया श्लोक बनाके लाता राजा की प्रतिज्ञापूर्वक एकलक्ष मुद्रा पाता, परन्तु नया श्लोक ठहरना बड़ा कठिन था, कितने ही पंडित निराश होके फिर जाते थे, कारण जो कोई नया श्लोक अपनके सभामें बोलता पंडित लोग सुनकरके राजा से कह देते कि महाराज इस श्लोकको तो हमलोग जानते है, पुराणा है, यह देख करके कालिदासने एक नया श्लोक बना के सभामें सुनाया—

स्वस्ति श्रीभोजराजत्रिभुवनविजयी धार्मिकः सत्यवादी,
पित्रा ते मे गृहीता नवनवति युतारत्नकोटि मदीया ।
तां त्वं मे देहि तूर्णं सकलबुधजनै र्ज्ञायते सत्य मेतत्,
नो वा जानन्ति केचिन्नवकृत मितिचेत् देहि लक्षं ततो मे ॥

अर्थ—हे त्रिभुवन विजयी धार्मिकवर सत्यवादी भोजराज! आप के पिता महात्माने मेरे पाससे एक कोटि और निनानव्वे लक्ष रत्न ऋणग्रहण किये थे यह सत्य है, इसको आपके सभासद पंडित सबही जानते हैं, और यदि नहीं जानते हैं तो यह श्लोक नया है, आपको प्रतिज्ञा प्रमाण एक लक्ष मुद्रा दान दीजिये, यह सुनते ही सभाके पंडित सब एकबारगी चुप रह गये कुछ भी जवाब नहीं आया और परस्परमें मुंह देखने लगे, यह देख कालिदासने राजासे हंसके कहा महाराज! अब आपके पंडित सब क्या सोचते हैं? या तो पिताके ऋणसे मुक्त होईयेगा नहीं तो लक्ष मुद्रा दान दीजिये? यह सुनके राजाने कहा इसका जवाब कल मिलेगा, सुनतेही कालिदास तो अपने स्थानको गया, इधर राजाने अपने सभापंडितोंसे पूछा, कि कालिदास को क्या उत्तर देना चाहिये? इस पर एक वृद्ध पण्डितने कहा महाराज! एक पुरातन बात मेरे को याद आई है, राजाने पूछा वह क्या है? पण्डित कहने लगा कि "आपके पिता महात्माके हाथ की लिखी हुई एक कविता है उसमें लिखा है कि मैंने आषाढ़ महीनेके शेष दिन मध्याह्नकालमें हमारी नदीके तीर बगीचेके मध्य तालवृक्षपर अनेक रत्न रक्खे हैं हमारे पुत्रको वयःप्राप्त होनेसे मिलेंगे"।

हे नरनाथ! इस पर कालिदास की कविता पुरानी ठहरती है, आप उसको असम्भव लिपी देकरके आज्ञा दीजिये कि यह धन तुम लेआओ, इससे तो उसका कविताभिमान दूर हो जावेगा, यह सुनके महीपाल अत्यन्त सन्तुष्ट हो धन्यवाद देके कहने लगा, हे कोविदवर! बहुत अच्छी युक्ति बताई इस पर अवश्यही कालिदासको उत्तर नहीं आवेगा।

दूसरे दिन प्रातःकालही कालिदास राजसभामें उपस्थित होके फिर

वही श्लोक बोला, श्रवणमात्रही एक बारगी पण्डितोंने राजासे कहा महाराज! यह कविता कुछ नई नहीं है, आपहीके पिता महात्मा कृत है, यह सुन वह लिपी राजाने कालिदासके हवाले की, कालिदासने देखते ही उस कविताके मतलबको समझ लिया, और कहने लगा कि हे राजन्! इस लिपिमें कुछ रत्नोंकी संख्या नहीं लिखी है केवल इतनाही लिखा है कि वृक्षपर रत्न रक्खे हैं, इसलिये मैंने जो रत्न दिये थे उनसे कमति मिलेंगे तो आपको देने पड़ेंगे और यदि अधिक प्राप्त होंगे तो आपको ला देंगे, राजाने कहा बहुत अच्छा, उसवक्त कालिदासने अति गम्भीर स्वरसे राजाको आशीर्व्वाद दे वहांसे बिदा हुआ, और उसी ठिकानेपर आया कि जहां वह रत्न गड़े थे वहां वृक्षमूल खोदतेही दो ताम्रकलस दो कोटि रत्नोंसे भरे हुए मिले, उनको ले जाके राजाके सनमुख रख दिये और कहा हे नरवर! उसी वृक्षके मूलसे दो कोटि रत्न मिले हैं, हमारे तो एककोटि निनानव्वे लक्ष रत्न पावने थे सो लेता हूं बाकी एकलक्ष रखनेके लिये आप आज्ञा दीजिये, यह देख सुनके राजा अत्यन्त आश्चर्य मानके कहने लगा, हे सुबुद्धि शेखर कविकुलतिलक पण्डितवर! आपने कैसे जाना कि रत्न वृक्षके नीचे गड़े हैं। कालिदासने कहा आपके पिता महात्माने लिखा है कि "आषाढ़ांत दिवसके मध्याह्नकालमें हमारी नदीतीरस्थ बगीचेके मध्यस्थित तालवृक्षोपरि अनेक रत्न रक्खे हैं" इसका अर्थ ऐसा है कि आषाढ़ महीनेके शेषदिन दोपहरके समय मस्तककी छाया पैरके नीचे आ जाती है, अर्थात् वृक्षके ऊपरका विभाग छायाद्वारा मूलमें आनके समा जाता है, इसी संकेतसे वृक्षमूल खोदके रत्न ले आया हूं, वृक्षके ऊपर रत्न रखना यह असम्भव है, यह सुनतेही राजा विस्मयापन्न हो करके असंख्य धन्यवाद देने लगा आखिर वह एकलक्ष रत्न भी कालिदासको दे दिये, यह चरित्र देखके सभाके समस्त लोग चित्रपुत्तलिका तुल्य हो गये। कालिदासने उन रत्नोंमें से आधे तो उसी समय ब्राह्मणों को बांट दिये बाकी लेके अपने स्थानको गया।

एकदिन कालिदासके पास एक कंगाल ब्राह्मण आनके बोला हे कवि-

राज ! मैं अज्ञान हूं और किसी तरहका गुणभी नहीं जानता, दारिद्रसे पीड़ित हूं यदि कुछ कृपा करै तो बहुतही उपकार होगा, कालिदासने कहा, राजाके निकट तो ले जाने सकता हूं पर तुम्हारेमें कुछ विद्या विवेक नहीं इसलिये आगे जैसो तुम्हारे प्रारब्धमें होगा सो मिलेगा, पर एक काम कर राजाको भेटके लिये कुछ ले चल, ब्राह्मण चुप हो गया कुछ पास रहता तो बोलता, कालिदासने यह देखके चारपौंड़ी ईखको हवाले की, ब्राह्मणने अपनी साफीमें रख ली और राजसभामें कालिदासके पीछे पीछे चला गया और कालिदासकी आज्ञानुसार एक जगह जा बैठा, उसके पास एक दुष्टजन आ बैठा और साफीमें से वह ईख की पौंड़ियां निकाल बदलेमें लकड़ीके टुकड़े रख दिये, ब्राह्मण को कुछ मालूम नहीं था, राजासे चौनजर होतेही चट आशीर्व्वाद देके ईखके भरोसे वह लकड़ियां राजाके सनमुख रख दी, राजा देखके बहुत क्रोध हुआ, उसवक्त कालिदासने देखा कि ब्राह्मण बहुत निर्भाग्य है, राजाका प्रसन्न होना तो दूर रहा क्रोध सांती हो जावे तथापि बड़ी बात है, वहां तो सरस्वती जिह्वाग्रे विराजमानही थी तत्काल राजा को समझाया कि महाराज! आप क्या समझते हैं इस ब्राह्मणने तो आपके सनमुख लकड़ियां रूपी दारिद्रको ला के रक्खा हैं इसको भस्म करणा आपके हाथ हैं, यह सुनतेही राजाको समाधान हुआ और उस ब्राह्मणको दक्षिणा देके बिदा किया।

एकदिन राजा भोज और कालिदास बनमें फिरते फिरते एक नदी तीरपे आन बैठे उस नदीमें पत्थर बहुत थे इस लिये पानी पत्थरोंसे टक्कर खाता हुआ बहता था, उसका शब्द सुन राजा भोजने कालिदास से हंसके पूछा कि हे कविराज ! यह नदी इतनी ज़ोरसे क्यों शब्द करती है, कालिदासने जवाब दिया महाराज। क्या आपको मालूम नहीं है यह नवीन अवस्थामें पीहर छाड़के ससुराल को जाती है, राजा यह सुनके बहुत प्रसन्न हुआ।

एक समय कालिदास और दंडी कविका परस्परमें कुछ विवाद हुआ उसपर देवीने यह साखी दी——

कविर्दंडी कविर्दंडी कविर्दंडी न संशयः।

अर्थ—कवि तो दंडी है, दंडी है, दंडीही है, इसमें कुछ संशय नहीं है यह सुन कालिदासने गुस्से होके देवी से कहा। अहं रंडे, अहं रंडे।

अर्थ—रांड़ मैं कौनहूं मैं कौन हूं? यह बचन सुनके देवीने कहा।

त्वमेवाहं न संशयः। अर्थ—तू और मैं तो एकही है।

इस पर दोनूं कवि प्राण समान मित्र हो गये।

पुरा कवीनां गणनाप्रसंगे कनिष्ठकाऽधिष्ठितकालिदासा।
अद्याऽपि तत्तुल्यकवेरभावादनामिका सार्थवती बभूव॥

अर्थ—अगले कवियोंको गिणनेके वक्त पहिले कालिदासहीका नाम लेके गिनते है, उसके पीछे उसके तुल्य दूसरा कवि गिणने योग्य नहीं हुआ इसीसे दूसरी अंगुलीको अनामिका कहते हैं, सो ठीकही है।

अंगरेज लोग भी इस कविकी बहुत तारीफ करते हैं और हिन्दुस्तानका शेक्सपियर ऐसा खिताब दिया है।

पण्डित जगन्नाथराय भट्ट।

यह कवि तैलङ्गदेशका रहनेवाला था एक वक्त इस कविने करनाटक देशके राजाको बहुतही परिश्रम और उत्साहके साथ श्लोक रचना करके भेट किये पर उस राजाने उसकी कविता पर कुछ भी ध्यान नहीं किया, तब तो कविने वहां रहना उचित नहीं समझके राजस्थान जैपुरमें चला आया और वहां पर राजासे भेट की तदनन्तर राजा की आज्ञानुसार पाठशाला स्थापन करके विद्यार्थियों को पढ़ाने लगा, उस वक्त दिल्लिके बादशाहके पास एक संस्कृतविद्यामें निपुन काजी रहता था उसने धर्म सम्बन्धी शास्त्रार्थ करके कितनेही पंडितोंका अपमान किया था, जगन्नाथ रायकी प्रशंसा सुनके दिल्लि मंडलनिवासी बहुतसे पंडित जैपुरमें आये और उस काजीका सब वृत्तांत कह सुनाया, शेषमें यही प्रार्थना किया कि वह दुष्ट काजी कोई उपायसे हार जावे

तो बहुत उत्तम बात है, यह सुनकर जगन्नाथ रायने उन पंडितों से कहा हे भाइयों! आप लोगोंने हमारे ऊपर बहुत कृपा करी अब आप लोगोंकी मनोकामना शीघ्रही परिपूर्ण हो जावेगी, परन्तु एक वर्ष पर्य्यन्त तो कुछ नहीं हो सकेगा कारण यवनधर्म्मके ग्रंथ देखे बिना तत्काल कार्य्यसिद्ध नहीं होगा, यह वचन सुनकरके पंडितलोग अति प्रसन्नतासे अपने अपने स्थानको गये।

इधर जगन्नाथ राय राजासे बिदा हो दिल्लि गया और वहां जाके मुसलमानी मजहबकी बहुतसी किताबें पढ़ उस काजीसे शास्त्रार्थ किया और बातकी बातमें उसको हरा दिया, काजीने उपाय तो बहुत से किये पर कविके साम्हने एक भी नहीं चला, जगन्नाथ की कविता शक्ति देखके बादशाहने उसको अपने पास रहनेको कहा, फिर तो यहां तक दोनोंका दिल मिला कि महलोंतक भी जाने आनेतक की इजाजत दी, जगन्नाथ राय बड़ा अभिमानी और रूपवान था एक दिन बादशाहके साथ सतरञ्ज खेल रहा था उस वक्त बादशाहकी लड़की जिसका नाम लवंगी थी, जगन्नाथको देखके मोहित हो गई और बादशाहको पानी पिलानेके बाहनेसे सोनेकी झारी वहां लेके चली आई, बादशाहको प्यास लगी हुई थी पी लिया, लवंगी जगन्नाथ रायकी तरफ देखके मुसका रही थी, उस वक्त उसने भी लवंगीके दिलका मतलब समझ लिया पर मारे शरमके बादशाहके साम्हने कुछ बोल न सका, लवंगी जब कि अपने महल की तरफ लौटने लगी उस वक्त बादशाहने कविसे कहा इस वक्त मेरी कन्या पर कोई श्लोक बनाओ, जगन्नाथ राय तो यह चाहताही था झटसे बोला—

इयं सुस्तनीमस्तकन्यस्त कुम्भाकुसुम्भारुणं चारुचेलं दधाना।
समस्तस्य लोकस्य चेतः प्रवृत्तिं गृहीत्वा घटे न्यस्य यातीव भाति॥

अर्थ—यह उत्तम स्तनवती तुम्हारी कन्या जो कसुंभरंगकी बारीक सारी पहन रक्खी है और मस्तकपर कलस लेकर चलती है इस वक्त मेरे को मालूम होता है कि सर्व लोगोंकी चित्त की वृत्ति उसमें भर करके ले जाती है।

बादशाह यह सुनके बहुत खुश हुआ और उससे कहा जो तुम्हारी खुशीमें आवे मांगो, जगन्नाथ रायने तुरन्त जवाब दिया।

नयाचेगजालिं नवा बाजिराजिं न वित्तेषु चित्तं मदीयं कदाचित्। इयं सुस्तनीमस्तकन्यस्तकुम्भा लवंगी कुरंगी-दृगंगी करोतु ॥ १ ॥

यवनी नवनीतकोमलांगी शयनीये यदि लभ्यते कदाचित्। अवनीतल मेव साधु मन्ये नवनीमाघवनी विनोदहेतुः ॥ २ ॥

अर्थ—हजरत न तो हाथी घोड़ा मांगता और न पैसे की मुझे दरकार है पर यह जो मस्तक ऊपर घड़ा ले जानेवाली मृगलोचनी है उसको मेरे अंगीकार करो यही मांगता हूं। १।

यह माखन जैसी कोमलांगी यवनी कदाचित् मेरे शयन विषे प्राप्त होय तो इन्द्रके नन्दनवनसे भी इस भूलोकमें अधिक सुख मानूंगा। २।

यह सवाल सुनके बादशाह कोकुछ भी उत्तर नहीं आया और महलमें जाके अपनी हुरमसे सब हाल बयान किया। उसने कहा यह क्या बात है! कि जिसपर आप घबरा गये इसका जवाब यही दीजिये कि हमारे साथ खाना खाओ लवंगी हाजिर है, बादशाहने वैसेही आनके कहा, जगन्नाथने तो पहलेही विचार रक्खा था सुनतेही खाना स्वीकार किया, आखिर लवंगीका विवाह खूब धूमधामसे जगन्नाथके साथ कर दिया और एक महल भी अलग रहनेवास्ते बनवा दिया।

देखिये! खुबसूरती भी अजब चीज़ है, बातकी बातमें क्या था और क्या हो गया। कई दिन पीछे जगन्नाथ बादशाहसे बिदा हो पण्डितानी समेत काशीमें आन बसा, उस वक्त ब्राह्मण पण्डितोंने जगन्नाथ को बहुत ही समझाया कि यवनी को त्याग कर प्रायश्चित्त यथाविधि करना उचित है, पर जगन्नाथ रायने किसीका कहना नहीं सुना।

एक दिन भागीरथी किनारे जहां मणिकर्णिका घाट है यवनी समेत आनके सो रहा, प्रातःकाल हो गया तथापि उठा नहीं उस समय अप्पय्या दीक्षित पण्डित स्नान करने आया और दूरहीसे देखके कहा।

किं निःशङ्कं शेषे, शेषे वयसित्व मागते मृत्यौ।

अर्थ—तू अपनी बाकी रही हुई उमरमें मौतके पास आया हुआ है, फिर यहां कैसे निःशंक सो रहा है, यह सुनके जगन्नाथ रायने मुंह खोला तब तो दीक्षितने तत्काल अर्थ फेरके दूसरा चरण कहा।

अथवा सुखं शयीथाः निकटे जागर्ति जान्हवी भवतः।

अर्थ—आपही हैं क्या? तब तो बेफिकर सोय रहिये क्योंकि आप के वास्ते तो भागरथी सर्वदा जाग्रत है।

जगन्नाथ रायकृत इतने ग्रन्थ हैं।

रसगंगाधर। यह ग्रन्थ अलंकारशास्त्र ऊपर है।

भामिनि विलास। इसमें नीति शृंगारका वर्णन हैं।

अश्वघाटी। इसमें रामचन्द्रकी स्तुतिके २७ श्लोक हैं।

कुचमर्दिनी। इसकी पूरी प्रत नहीं मिलती है।

गंगालहरी। यह गंगा जीकी स्तुति है इस्के ५२ श्लोक हैं इसके हर श्लोक पर गंगा एक एक पैडी चढ़ति गई है, उस समय हजारों मनुष्योंके देखता थका गंगाने यवनी सह वर्तमान शके १५०० में जगन्नाथ राय को दर्शन देके उद्धार कर दिया है।

माघपण्डित।

यह कवि राजा भोजके समय बड़ा नामी और मान्यवर हुआ है, राजा की सभामें दूसरे पण्डितों की तरह बिन बुलाये नहीं जाया करता था, वह आपही बड़ा धनवानथा, और विद्यावान लोगोंको बहुत द्रव्य बांटता था। राजा भोज कविकी दानकीर्ति और विद्वता देखके एक दिन उसके घर श्रीमालपुरमें मिलनेके लिये गया था।

एक ज्योतिषीने माघ कविके जन्मपत्रमें ऐसा लिख दिया था कि "इस कविको दिन दिन अधिक द्रव्य प्राप्ति होगा, अंतमें इसके पांवोंमें सूजन आके दरिद्री हो जावेगा" इस फला दिशको माघ जानता था, कितने बरस पीछे माघ पण्डित को वही अवस्था होने लगी जो कि जन्मपत्रमें वर्ति हुई थी, माघके पास जितना द्रव्य था कुछ भी नहीं रहा

और यहांतक तंगदस्त हो गया कि एक वक्तके लिये खानेको भी नहीं रहा उस अवस्थामें भी भिक्षक लोगोंकी भीड़ माघके द्वारपर लगी ही रहती थी, एक दिन कंगालोंकी भीड़ देखके माघने कहा—

दरिद्रानलसन्तापः शान्तसन्तोषवारिणा।
दीनाशा भङ्गजन्मातु केनायमुपशाम्यतु॥

अर्थ—दरिद्र रूप अग्निका सन्ताप तो मैं सन्तोष-रूपी पानीसे ठण्डा कर देता हूं, पर गरिबों की आशा भङ्गरूपी ताप अब कैसे दूर होवे।

बहुत दुःखितहोके एक दिन माघने अपनी स्त्रीसे कहा—

देशं स्वमपि मुञ्चन्ति मानम्लान महाशयाः।
दिनावसाने व्रजतिद्वीपान्तर महर्मणिः॥

अर्थ—जो उदार है वह आपत्यकालमें अपने देश को त्याग देते हैं, देखो! सूरज भी दिनके शेषमें दूसरे द्वीपमें जाता है, इस पर माघ अपनी स्त्री समेत राजा भोजके पास धारानगरमें चला गया और वहां जाके अपना बनाया हुआ माघकाव्य अपनी स्त्रीको दिया और कहा कि इसको राजाको दे आओ, उस स्त्रीने पतिकी आज्ञानुसार उस काव्यको राजाके पास ले गई, राजाने उस पुस्तक को बीचमें से खोलके देखा उस वक्त प्रथम यही श्लोक नजर आया।

कुमुदवनमपश्रि श्रीमदंभोजखण्डं त्यजति मुदमुलूकः
प्रीतिमां चक्रवाकः। उदयमहिमरश्मिर्याति शीतांशु
रस्तं हतविधिललितानां हि विचित्रो विपाकः॥

इस श्लोकका अर्थ राजा समझके उस स्त्रीसे कहा कि इस तमाम पुस्तक की बात तो मैं क्या कहूं! पर इस एक श्लोकके वास्ते तमाम पृथ्वीका द्रव्य देनेसे भी थोड़ा है, राजाने कविकी स्त्री को आदर सहित एक लक्ष रुपया दिया।

एक एक कविमें एक एक गुण अधिक वर्णन किया है जिसमें—

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवं।
दण्डिनः पदलालितं माघे सन्ति त्रयोगुणाः॥

अर्थ—कालिदास की उपमा, भारवी कविका अर्थ गौरव और

दण्डिका शब्द सौन्दर्य इसी तरह एकसे एक अधिक था, परन्तु माघ कविका उपमा शब्द सौन्दर्य और अर्थ गौरव तीनोंही समान थे सो माघकाव्य देखनेसे ध्यानमें आवेगी।

महावीर स्वामी।

मगधदेशमें क्षत्रियकुण्ड नाम नग्र है वहांके राजाका नाम सिद्धार्थ उसकी स्त्रीका नाम त्रीशला इसीसे महावीर स्वामी उत्पति हुए हैं इनके बड़े भाईका नाम नन्दीवर्द्धन, बहनका नाम सुदर्शना, और स्त्रीका नाम यशोमतिथा, महावीर स्वामीने २८ बरस वयःतक गृहस्थाश्रम पालन करके पीछे दीक्षा लेनेका उद्योग किया, उस समय इनके बड़े भाई नन्दीवर्द्धनने स्वामीसे कहा कि दो बरस तक दीक्षा और भी मत लेओ, इसपर भाई की आज्ञानुसार तीस बरस पर्यन्त गृहस्थाश्रम पालन किया, पीछे लोकान्तिक देवोंने स्वामीसे तीर्थ प्रवृति करनेके लिये आज्ञा दी, तब तो सुवर्ण दान करके अनेक कंगालोंको दुःखमेंसे निकाले और अनेक जगह पर्यटन करके अनेक प्रकारसे तप किया, फिर चन्द्रप्रभा नाम पालखीमें बैठके ज्ञानखण्ड नाम वनमें गये, वहां पर सर्व सङ्ग परित्याग करके मंग सरसुदी दशमके दिन चौथी प्रहरमें दीक्षा ली, और दूसरे दिन वहांसे चलके कोलगार गांवमें बहुल ब्राह्मणके यहां जाके पारणा किया, तदनन्तर माया मोहके कर्मोंका नाश करनेके निमित्त ऋजुवालुका नदीतीरस्थ शालवृक्ष नीचे तप करना आरम्भ किया, उस ठिकाने भीलगोंद, गवालिया इत्यादि लोगोंनेस्वामीको अनेक प्रकारका दुःख दिया, परन्तु सबको सहन करके बारा बरस छःमहीना और पंदरह दिन एकाग्र चित्तसे तप किया जिससे तो सत्य परिणाम रूप फल प्राप्त हुआ और वैशाखसुद दशमीके दिन केवल ज्ञान प्राप्त हुआ, उस समय देवताओंने प्रसन्नतासे पुष्प वर्षा की, केवल ज्ञान होने पश्चात् महावीर स्वामी लोकोपकारार्थ धर्मोपदेश करनेके लिये जगत्

के विषे विचरने लगे, हजारों [redacted] महावीर स्वामीने लोगोंके समूहमें बैठके सदुपदेश किया उसका संक्षिप्त सारांश यह है—

अहो लोगों सुनो! यह संसार अपार है, जैसे समुद्रका पार नहीं है इसी तरह इसका भी पार नहीं है, जैसे वृक्षका मूल बीज है तैसेही यह अति विकट संसार वृक्षका मूल बीजरूपी कर्म्म है और उत्तम किंवा अधम गति प्राप्त होनेका कारण भी कर्म्मही हैं, इस लिये निरन्तर सत्कर्म्म करने चाहिये, निश्चय समझो कि यह जगत [redacted] तह है, जैसे स्वप्नावस्थामें जाग्रत झूठा है इसी तरह यह जगत सब झूठी समझ कर सत्कर्म्म करो।

कभी कोई प्राणीका नाश करना नहीं, अपना प्राण रक्षार्थ जैसा यत्न रखते हो उसी तरह दूसरे प्राणियों की रक्षा करनेमें यत्न रखते जाओ, झूठ मत बोलो, सबको प्रीये लगे ऐसा वचन बोलते रहो, पर स्त्री संगकी कभी इच्छा मत करो, परधन हरण करनेका मनमें मत लाओ इसी तरह नाना प्रकारसे उपदेश करके हजारों मनुष्यों को ज्ञान सम्पन्न करके संसार समुद्रसे डूबते हुएको निकाल दिये है।

इन्द्रभूति, अग्निभूति, वायुभूति, व्यक्त सुधर्मा, मण्डित, मेर्य्यपुत्र, अवकम्पित, अचलभ्रात, मेतार्य, प्रभास, और गौतम, यह ११ मुख्य शिष्य थे, इनको गणधर कहते हैं, इनके सिवा १४००० साधु; चन्दना आदि लेके ३६००० साध्वी, १५९००० श्रावक और ३१८००० श्राविका शिष्य थे और इनकी जो स्थापना करते हैं उसको तीर्थंकर कहते हैं, जैनलोगोंके चौवीस तीर्थंकर हुए हैं उनमें चौवीसवा तीर्थंकर महावीर स्वामी हुआ है, जैन धर्म्म पुरातन कालसे चला आता है, तथापि महावीर स्वामी से बहुत प्रवर्त हुआ है।

केवल ज्ञान प्राप्त हुआ पीछे स्वामीने पहिला चौमासा आस्थिक गांव [redacted] किया, पीछे तीन चौमासा चम्पा और पृष्ठचम्पा नगर्में किया है, इसी प्रमाण वैशाली, राजगृह, नालंदा पाठक, मिथिला, भद्रिका, आलम्भिका, श्रावस्ती और पापापुरी वगैरह स्थानोंमें अनेक चौमासे किये हैं, शेष चौमासा हस्तीपाल राजा की राजधानी पापापुरीमें किया है, उस

समय आयुः समाप्त हो गई, यह समझके लोगोंपर कृपा करके सोलह प्रहर तक एक सारखा धर्मोपदेश किया, उसवक्त वहां पर महावीर स्वामीको नमस्कार करनेके लिये पुण्यपाल राजा आया, उसको देखके स्वामीने भविष्यतकाल चरित्र कह सुनाया, तदनन्तर कार्त्तिकवदी अमावस्याके दिन स्वातिनक्षत्रमें उषाकालके समय महावीर स्वामी निर्वाण-पद प्राप्त हुए। उस वक्त भक्तिमान राजाओंने बहुत भारी दीपोत्साह किया, वही चाल आजतक चली आती है और दीपोत्साह करते है, उसीको दीवाली कहते हैं।

महावीर स्वामीने कोई ग्रन्थ नहीं बनाया, परन्तु स्वामीके भाषण उपरसे इनके शिष्योंने बहुत ग्रन्थ बनाये है, जिनको जैनलोग आगम कहते हैं।

महावीर स्वमी प्राय २५०० वर्ष पहिले हुए हैं ऐसा कहते हैं— महावीर स्वमीका विस्तारपूर्वक कोई वर्णन किया चाहे तो एक बरस तक लिखनेसे भी संपूर्ण नहीं लिखा जावेगा।

जयदेव स्वामी।

यह कवि बाल्यावस्थामें गुरु पाससे पंदरह दिनका पाठ एक वक्तमें लेता था इससे इनका दूसरा नाम पक्षधर मिश्रभी था, जगन्नाथक्षेत्र पास किन्दुविल्व नाम एक बस्ती है वहां पर इनका जन्मस्थान है, इस कवि की वाणी बहुतही रसीली, कोमल, शृंगार और करुणारससे भरपूर है।

एक वक्त जयदेव स्वामी एक साहूकारके यहांसे गुरुदक्षिणा लेकरके अपने ग्रामको आता था, रास्तेमें चोरोंने आ घेरा और जो द्रव्य पास था सब लूट लिया और हाथ, पैर काटके एक गड़हमें फेंक गये, अचानक उत्कलदेशके राजा क्रौंचकी सवारी उसी मारगसे जा रही थी, उस समय राजाने दूरही से देखके पहचान लिया कि यह तो जयदेव स्वामी

है, तुरन्त सवारीको रोक स्वामीके निकट गया और पूछा तो स्वामीने सब वृत्तान्त कह सुनाया, राजा सुन करके एक पालखीमें उनको बैठा-लिया और अपने महलोंमें लाके तनमनसे सेवा करने लगा, उधर जय-देव भी श्रीकृष्ण की स्तुति करने लगा, ईश्वर कृपासे हाथ, पैर, ज्यों का त्यों हो गये।

जयदेव स्वामी की स्त्री पद्मावती बहुतही पतिव्रता थी, एकदिन उस गांवके राजा का बहनोई मर गया उस पर उसकी स्त्री सती होने को चली, यह सुनके जयदेव स्वामी की स्त्रीने कहा कि पतिका मरण सुनतेही स्त्रीको प्राणत्याग देना चाहिये, पतिके साथ जानेकी क्या जरूर है? यह बात पड़ोसकी स्त्रियोंने सुन पाई, एकदिन क्या हुआ कि जय-देव स्वामी तो कहीं गया था पीछेसे पड़ोसनोंने पद्मावती की परीक्षा लेनेके लिये आनके कह दिया कि जयदेव स्वामीको तो सिंह भक्षण कर गया, तुम क्या अबतक जीतीही हो? पतिका मरण सुनतेही पद्मावतीने तुरन्त देह त्याग दी, थोड़ी देरके पीछे स्वामी घरमें आनके देखता है तो पद्मावती मरी हुई पड़ी है, उसवक्त उसके पास बैठके अष्टपदी गाई और कृष्ण की प्रार्थना करतेही पद्मावती जीवित हो गई, स्वामीने गीत-गोविन्द नाम गद्यपद्यात्मक अति उत्तम एक ग्रन्थ बनाया है उसमें राधाकृष्णका विलास वर्णन किया है, एकदिन गीतगोविन्द रचनेके समय एक जगह राधिकाके वर्णन पर कुछ विचार करने लगा कि कमल सदृश है मुखारविन्द, जिसके ऊपर जुलफोंकी लटो को क्या नागनी की उपमा देनी चाहिये? इसपर लेखनी को छोड़के स्नान करने चला गया पीछे से श्रीकृष्ण जयदेवका रूप धारण करके उस विषयको पूर्ण कर गया, जयदेवने यह देखके बहुत ही आश्चर्य माना और श्रीकृष्णकी स्तुति करने लगा।

प्रसन्नराघव नामक एक सुन्दर नाटक स्वामीने बनाया है उसमें वीर शृंगार और करुणारस बहुतही उत्तमतासे रक्खे हैं।

भास्कराचार्य्य ।

यह ब्राह्मण ज्योतिषशास्त्रमें बड़ा प्रवीण था, इन्होंने सम्वत् १२१० में सिद्धान्तशिरोमणि नाम ग्रन्थ बनाया है, जिसमें गोलाध्याय और गणिताध्याय दो विभाग हैं, ज्योतिषशास्त्रके बहुतसे ग्रन्थ प्राचीनकालसे चले आते हैं, और उनके गणितप्रमाण सूर्य्यग्रहण, चन्द्रग्रहण और तारोंका उदे अस्त होता तो है, परन्तु कमसे कम दश पांच पलोंका अंतर तो अवश्यही रह जाता है, जिसका मुख्य कारण यही है कि अगले ग्रंथोंमें जो ध्रुवा बांधे हैं वह सब काल पाके सिथल हो गये हैं, उनको भास्कराचार्य्यने सुधारे थे, उसके पीछे भास्कराचार्य्य जैसा सुधारनेवाला नहीं हुआ इसीसे अंतर पड़ता है, भास्कराचार्य्यने ग्रहादि नक्षत्रोंका वेध किया, उसकाल दूरबीन वगैरह यन्त्र कुछ भी नहीं थे केवल बांसकी भोंगलीद्वारा वेध किये हैं और ग्रहादिकों की अंतर, ऊंचाई, आकार प्रमाण और पृथ्वीका स्वरूप इत्यादि केवल अपनी बुद्धि कौशलसे शोधके लिखे हैं, वह सब अंगरेज लोगोंके ग्रंथोंके साथ मिलते हैं, इससे मालूम होता है कि भास्कराचार्य्य बुद्धि और कल्पना शक्तिका सागर था ।

लीलावती नाम एक इनके लड़की थी परन्तु उसके सन्तान नहीं थी, इसपर भास्कराचार्य्यने लड़कीका नाम बना रहै यह विचार लीलावती नाम ग्रंथ बनाके अपनी कन्याको अर्पण किया, लीलावती ऊपर धनेश्वर दैवज्ञ नाम पण्डितने टीका की हैं, उसका नाम लीलावतीभूषण रक्खा है, और जंबूशहरके रहनेवाले गंगाधर ज्योतिषीने इसी ग्रंथपर अमृतसागरा नाम टीका की है, भास्कराचार्य्य सांख्य, तन्त्र, वेद, पूर्वमीमांसा वैशेषिकशास्त्र, प्राभाकर शास्त्र, छन्द, काव्य और शिल्प इत्यादिकोंमें बड़ा निपुण था और खास, ज्योतिषशास्त्रमें तो अत्यंतही निपुण था ।

भास्कराचार्य्य ६५ बरस की उमरमें दक्षिण निजामके राजमें बेदरगांवमें इस असार संसारको परित्याग करके स्वर्गवासी हुआ है ।

फतेहपुर शेखावाटीका इतिहास।

दिल्लीका बादशाह फीरोजशाह एक दिन अपने वजीर सैय्यद नासिर को साथ लिये हुए एक जंगलमें शिकारके वास्ते धूपके तड़ाकेमें जा रहे थे, अचानक दूरसे कुछ पेड़ नज़र आये तो उसी तरफ चलने लगे, जब नजदीक पहुचे तो वहां क्या देखते हैं कि वृक्षोंकी छायामें कई एक शखस सोये हुए हैं, और बीचमें एक दरखत जिसके तले सिर्फ एकही शखस सूता है, और सब दरखतों की छाया तो मुताबक सूरज के पूर्वरुख पर ढल गई थी, पर जिस पेड़तले सिर्फ एकही शखस था उसकी छाया ज्यों की त्यों बन रही थी, बादशाहने यह देखके बड़ा ताज्जुब किया और वजीरसे पूछा कुछ तेरे भी ध्यानमें आया? वजीरने हाथ बांधके अरज किया कि हजरत! मैंने भी ऐसा कभी देखा और सुना था, ऐसा यह कौन वली है कि जिसके आरामके लिये छाया भी नहीं हटती है, निदान दोनूं उसके पास गये, इनकी आहट पाते ही वह भी चूंक पड़ा और उठकर सलाम की, बादशाहने सब हाल पूछा और आखिर नाम निशान भी पूछा तो उसने जवाब दिया कि मेरा नाम करमसी है और बापका नाम मोटेराव जातका चूहान रहने-वाला ददरेरा का जो कि राजगढ़से आठकोस पश्चिम है, इस जगह शिकारके लिये आया था। बादशाह करमसी की बातोंसे बहुत खुश हुआ और उसके साथ हदसे जियादा पियार करने लगा, गरज अपने साथ दिल्लीको ले गया और वहां जाके बहुतसी खातिरदारी की आखिर सम्बत् १३८८ में मुसलमान करके करमसी नाम क़यामखां रक्खा और हिसारका नव्वाब बना दिया।

क़यामखांके छ बेटे हुए उनमें से एकका नाम महम्मदखां था, जिसकी औलाद ने तो झूंजनूंकी नव्वाबी की और दूसरेका नाम ताजखां इनकी औलाद (फतेखां) ने फतेहपुर की नव्वाबी की, एक वक्त बादशाह बहलोल लोदीके साथ फतेहखां का कुछ अनबनाव हो

गया था, इसपर फतेखांने हिसारमें रहना मुनासिब नहीं समझके अपने दिलमें सोचा कि अब ऐसा कोई काम करना चाहिये कि जिससे अपना नाम और बहादुरी कायम रहै, आखिर हिम्मतके साथ कमर बांधके वहां से चल धरा और रिणाऊ गांव जो कि फतेहपुरसे ३ कोस दखण तरफ है वहां आनके अपना खेमा खड़ा कर दिया और वहां बैठे बैठे फतेहपुरका किला बनाना शुरू किया, कितने दिन बाद जब कि वह किला तय्यार हो चुका तो नव्वाब फतेखां रिणाऊसे सम्वत् १५७८ चैतसुदी ५ के दिन किलेमें दाखिल हुआ और अपने नामके शहर फतेहपुर आबाद करने लगा। नव्वाब फतेहखां बहुत दिलावर और बहादुर था, "कयामरासा" किताबमें इस नव्वाब की बहुत तारीफ लिखी है।

दोहा। फतन भयो अतिही अबल नयोन काहु सीस।
काहुको मानत नहीं एक बिना जगदीश ॥

और ख्वाजा हाजी नजमुद्दीन चिश्तीने भी अपनी किताबमें फतेखां की नेकबख्ती और दिलावरीका अहवाल खूब लिखा है।

एक वक्त बादशाह बहलोल लोदीने चीतोड़गढ़ पर चढ़ाई की, यह खबर फतेहपुर पहुंची नव्वाब फतेहखांने अपने दिलमें सोचा कि अगरचे बादशाहके साथ अपना बनाव नहीं है, लेकिन इस वक्त अपनी बहादुरी बादशाह को दिखलाने का मौका आ गया है, नव्वाबके पास उस वक्त अच्छे अच्छे सूर वीर जवान मौजद थे, उनको हुकम दिया कि जलद चीतोड़ चलो, यह सुनतेही सिपा सब नव्वाबके साथ चीतोड़ गढ़को रवाने हुई, इधर नव्वाबको फतेपुरमें नहीं सुनके कांधल जोधेका (जिसने जोधपुर बसाया) फौज लेके फतेहपुर लूटनेको चढ़ आया, इस खबरके सुनते ही बोहगुण नामका शख्स जातका सरखेल कांधलका साम्हने चढ़ गया और फतेहपुरसे ८ कोस दखण तरफ अलखपुरा गांवके पास फौजके साथ मुकाबला किया, वहां पर इस कदर खनखार जंग किया कि कांधल की फौज एक वक्त तो हट गई आखिर बोहगुन काफिर

दुश्मनोंने तलवारसे उतार लिया, तथापि बिना ही शिरके इस कदर जूझा कि फतेहपुर तक दुश्मनों को कतल करता हुआ चला आया, और आखिर किलेकी पश्चिम बुरजके नीचे एक जांटके दरखत तले आनके गिर पड़ा वहां जांट और कबर अबतक मौजूद है। एक कूआ भी वहां पर है उसको लोग बोहशुनके नामसे पुकारते हैं, शिर बोहशुनका भलखपुरमें गिरा था वहां पर भी कबर मौजूद है, फतेहखां जब की चीतोड़ में पहुंचा तो बादशाह उसको देख के बहुत खुश हुआ, आखिर चीतोड़ फतेह करके फतेहपुर चला आया।

फतेहखां के बाद (इनका बेटा) जलालखां गद्दीपर बैठा और अच्छे अच्छे न्याय इनसाफ किये और जंगके मैदानमें भी शमशेर खूब चमकाई, फतेहपुरका कोट १६ कोसके घेरमें इसी नव्वाबने रखवाया था और कोटके दक्षिण किनारे अपने नामसे जलालसर गांव बसाया— जलालखांके बाद दरेदौलतखां गद्दीपर बैठा और बहुत हिफाजतके साथ अपनी रइयतकी परवरिश करने लगा, एक रोजका जिक्र है कि काबुलसे बाबरशाह बादशाह फकीरका भेष बना एक शेरको साथ लिये हुए फतेहपुरमें किलेके नीचे आनके डेरा किया, इनके आनेकी खबर रफते रफते शहरमें पहुंची कि एक फकीर शेर पर सवार होके कहींसे आया है यह सुनतेही तमाम शहरके लोग क्या बुड्ढा और क्या बच्चा तमाशा देखनेको चले आए और उधरसे नव्वाब साहिब भी फकीरकी जियारत के वास्ते गये, नव्वाबको देखके फकीरने बैठनेको कहा, नव्वाबने दरवेशसे दावतके वास्ते कहा, यह सुनके फकीर बोला कि मेरा शेर तीन रोजसे भूखा है पहिले यह कुछ खा ले तो फिर मैं खाऊंगा, नव्वाब साहिबने उसी वक्त शेरके लिये खुराक ले आनेके वास्ते हुकम दिया, उस वक्त फकीरने कहा सुन बाबा! मेरा शेर बहुत भूखा है इस लिये एक गाय मंगवा दो, यह सुन पहिले तो नव्वाब साहिब बड़े फिक्रमें आये कुछ देरके बाद फकीरको आहिस्तेसे अरज किया कि इस शहरमें हिन्दुलोग बस्ते हैं, यहां किसीका मकदूर नहीं है कि गऊकी तरफ

देख सके, फकीरने उस [redacted] जरा तेवरी पर [redacted] चढ़ा तिरछी निगाहसे कहा कि मेरा शेर तो गउही का भक्षन करैगा। दरेदौलतखां भी तो कुछ कम नहीं था तुरन्त एक बछिया को मंगवाके फकीरके साम्हने पीठ पे थप्पी लगाके खड़ी कर दी और कहा कि ऐ हजरत! अब आप अपने शेरको हुकम दीजिये गउ हाजिर है, फकीरने शेर की तरफ देख [redacted] कहा कि उठ अब क्या देखता है. शेर ज्योंही गउकी तरफ दुम उठाके लपकने लगा उस वक्त दरेदौलतखांने कहा, खबरदार अगर और आगे बढ़ा तो, शेर यह कलाम सुनतेही खड़ा रह गया, फकीरने शेरसे फिर कहा कि क्या सोचता है, उधर नव्वाबने भी ललकारा कि खबरदार, आवाजके सुनतेही शेर तो अपनी दुम दबाके बैठ गया, इसीतरह फकीर ने फिर शेरसे कहा वलेकिन दरेदौलतखांके साम्हने शेरका कुछभी चारा नहीं चला, फकीर [redacted] हाल देखके अपने दिलमें बहुत खुश हुआ और कहा कि जैसा शखस [redacted] देखने चाहता था वैसाही नव्वाब दरेदौलतखां है, नव्वाब तो सलामालेकम करके अपने किलेमें दाखिल हुआ, और बाबरशाह बादशा हिन्दुस्तानमें घूम फिरके चन्दरोज बाद काबुलमें पहुंचा और वहां जाके सबके साम्हने बहुत तारीफ करके कहा कि फकत तीनही शखस हिन्दुस्तानमें देखे—एक तो नवाब दरेदौलतखां फतेपुर शेखावाटी में, दूसरा हसनखां मेवाती अलवर में और तीसरा बदशा सीकंदर लोदी दिल्लीमें इन शखसोंके साथ लड़ाई करके फते पावै ऐसी किसीकी ताकत नहीं है, और करामातका हाल भी सब बयान किया।

नवाब दरेदौलतखांके वक्तमें भीखजन नामका एक महा ब्राह्मण बड़ा ईश्वर भक्त था, उसका बयान ऐसा सुननेमें आया है कि भीखजन लक्ष्मी नारायणजी के दरशनके वास्ते हमेशा जाया करता था, लेकिन मन्दिरमें जाके दरशन करना उसका लोगोंको पसंद नहीं था और उस [redacted] दरशनके वक्त एक दूसरेके मुंहकी तरफ तकता था, गरज इसीतरह बहुतसे आदमी चरचा करने [redacted] तो पंच महाजनोंने विचार किया कि

दरशन बन्द कर देना तो भीखजन का उचित नहीं पर मन्दिर [redacted] न आना बिहतर है, यह सलाह करके ठाकुरके साम्हने रास्तेकी दीवारमें एक खिड़की इस मुराद [redacted] बनवा दी कि दूरसे दरशन तो कर सकेगा, और मन्दिरमें नहीं आ सकेगा, यह हाल सुनके भीखजन अपने मनमें एक दफा तो बहुत उदास हुआ कुछ देर के बाद मनोमई ठाकुर का ध्यान करके नीति प्रार्थनाके ५२ कवित्त बहुत सुन्दर बनाये और उस ग्रंथका नाम भीखबावनी रक्खा, उन कवित्तोंमें का एक कवित्त यह है।

कवित्त।

मंजारी कुसमेद रतकेशर परसंगा नागरवेल खलसंग
सहतमाखी मिले अंगा कस्तूरीमृगनाभि कीटपाटम्बर
सोहे मणिअधर उपजंत अकोमञ्जूठा जगमोहे पारिस
संसपाषानहे संखहाड़समकोव कहै हरिगुनहैतव भीखजन
नाहीन कुलकारन चहे ॥ ४६ ॥

इस पर लोगोंने भीखजनकी भक्ति और कविता देखके अपने मनमें फिर कुछ जाती अभाव नहीं रक्खा—मूरती लक्ष्मी नारायणजी की बहुत विशाल है न मालूम किस जमानेमें कहां [redacted] हुई थी, पर कहते हैं कि उस मूरत को भोजक (जैनसेवक) कहींसे लाए थे इसी लिये भोजक लोग भी पूजा करते हैं। मन्दिर लक्ष्मीनाथजी [redacted] पहिले इतना बड़ा नहीं था, संवत् १८०८ [redacted] सब ही महाजन पंचोंने मिलके बनवाया था इसका [redacted] मन्दिरमें एक पत्थर पर खुदा हुआ है, फतेहपुरमें लक्ष्मीनाथजी की अजब महिमा है, सब औरत मर्द दरशनको लिये जाते हैं, और औरतोंको भी दुनियांदारीकी सलाह करनेका वहां पर खूब मौका है, मन्दिर बहुत खूबसूरत संग मर मरके आमला सिखरदार शहरके बीचमें बना [redacted] और मन्दिरके असबाब भण्डारकी कुंजी पंच महाजनोंके कबजेमें रहा करती है।

दरेदीलतखां की कबर किलेके नीचे अबतक मौजूद है, हिन्दु और मुसलमीन दोनूं ही जाके जियारत करते और औरनी चढ़ाते हैं—

इसदौलतखांके बाद नाहरखां संवत् १५९२ में गद्दीपर बैठा, उनके बाद नवाब फदनखां हुए यह नवाब बहुत रंगीला और बांका था, और बादशाह अकबरकी तरफसे कई लड़ाईयां भी इन्होंने फते की थी, एकरोजका जिक्र है कि बादशाह निहायत खुशीमें आके फदनखांसे कहने लगे कि हम तुम्हारे साथ कुछ संबन्ध करने चाहते हैं, नवाबने जवाब दिया कि जैसा हजरत फरमावेंगे तामील करूंगा, आखिर फदनखां अपनी बेटीको शाह जहानके साथ व्याह दी, यह वही ताजबीबी है कि जिसका रोजा आगरेमें जमना किनारे मौजूद है तमाम दुनियांमें उस रोजेकी खूबी और कारीगरी मशहूर है, फदनखांके बाद नवाब ताजखां सानी हुआ और इनके बाद नवाब महमदखां गद्दीपर बैठा, इनके मौकू आलिफखां गद्दी नशीन हुआ, इस नवाबकी तारीफ ख्वाजाहाजी नजमुद्दीन चिशतीने अपनी किताबमें खूब लिखी है, नवाब आलिफखां कोट का गढ़में वफात हुआ और लाशफतपुरमें लाके रक्खी और उसके ऊपर एक मकबरा खूब बलन्द गुंबजदार बनवाये गया था, अबतक शहरके पूर्वतरफ मौजूद है। इसी अरसेमें दादूजी महाराजका शिष्य सुन्दर दासजी बड़े महात्मा और कवि हो गये हैं, हिन्दुस्तानमें इनकी कविता मशहूर है, इनका देहान्त संवत् १७४६ कार्तिकसुदी ८ बुधवारके दिन सांगानेरमें हुआ है उमर करीब ९२ बरसकी थी—फतेहपुरमें जिस स्थानमें महाराजजी विराजते थे वह मकान अबतक मौजूद है, इनके बाद संवत् १७१४ में दौलतखां हुए सन १०१४ हिजरी में किले की मरम्मत इन्होंने करवाई थी, आखिर कन्दहारमें वफात पाई—इनके बाद ताहरखां, सरदारखां, दीनदारखां और रसीदखां नवाब हुए, इनके बाद सरदारखां सानी हुआ, इन्होंने खूबसूरत देखके तेलनके साथ शादी की थी, अबतक किलेमें तेलनके नामसे महल मशहूर है, नवाब होके जब की तेलन कसायनके साथ शादी करने लगे तो फिर नवाबी डूबनीही थी, इनके बाद आखिरी नवाब फतेहपुरका कामयाबखां हुए। नवाब फतेहखां से लेके यहां तक

२१० बरसोंमें १५ नवाब हुए, जब की नवाब कमज़ोर पड़ गये तो सेवसिंघ जी शेखावतने सम्वत् १७८८ सन ११६० हिजरीमें राज्य छीनके अपना अमल किया, सेवसिंघजीके चांदसिंघ जी और चांदसिंघ जी के बाद देवीसिंघजी हुये इनके बाद राव राजा श्री लक्ष्मन सिंघजी गद्दीपर बैठे, लक्ष्मण गढ़ इन्होंने बसाया था और किलेके चौतरफ खंदकभी इन्ही लोगों की बनाई हुई है, और किलेके अंदर मन्दिर और महलभी इन्होंने बनवाए हैं, इनीके वक्तमें गुसांई बुधगीरजीने संवत् १८६२ फागुण बदी १३ दीतवारको २५ बरस की उमरमें जीवत समाधी लीनी है, बुधगीर जी बड़े महात्मा पुरुष थे, बुधगीर जी की मर मशहूर है और दूर दूर से दिखलाई देती है उसकी तय्यारी मे कुछ न्यूनाधिक ५००० रुपये लगे बतलाते हैं और मुफस्सल हाल एक कीर्त्ति-स्तम्भ पर वहां खुदा हुआ है, शिवरात्रीके दिन महादेव की पूजाके लिये प्राय सब हिन्दुलोग वहां जाते हैं, रावराजा जी लक्ष्मण सिंघजीके बाद रावराजा जी श्री रामप्रताप सिंघजी हुए, लोग इनकी बहुत तारीफ करते हैं, इनके बाद रावराजा श्री भैरूसिंघजी हुए, इनके वक्तमें प्रजा की खूब तरक्की हुई, इनके बाद अब हालमें रावराजा जी श्री माधोसिंघ जी फतेपुरका राज्य करते है, राजधानी इनकी सीकर है। अब हाल इन्हींके वक्तमें ख्वाजाहाजी नजमुद्दीन चिश्ती हुए हैं, दर्गाह उनकी फतेपुरकें दक्षण तरफ बीड़के किनारे है, हजरत मौसूफ के कावे के ऊपर सुनहरी कलस चढ़ा हुआ, गुम्बज बहुत खूबसूरत बना है और गुम्बजके अंदर कवितांके साथ अरबी फारसीमें अच्छी अच्छी इबारत लिखी है, गुम्बजके पूर्वतरफका बंगला मुसाहिब इलाहीबख्शखां रावराजा जी श्रीमाधोसिंघजी के ने बनवाया है सवालके महीनेमें हजरत मौसूफकी उर्स हुआ करती है जिसकी जियारतके वास्ते दूर दूरसे अच्छे अच्छे अमीर और आलम आते हैं, हजरत मौसूफ बड़े नेकबख्त और आलम मशहूर थे, कई किताबें इलम और मजहब के बारे में उन्होंने तसनफ किया हैं—हिन्दु मुसलमान जियारत को वहां आते हैं, करीब ५२

बरस की उमर सन १२८७ तारीख १८ माह रमजान मङ्गलवारके रोज झूंझनूं में वफात हुए—इनके साहिबजादे (जो हाल में मौजूद है) उन का नाम मौलवी हाजीमहम्मद नसीरुद्दीन है वह भी बड़े आलम मशहूर हैं—राजा लोगोंका हाल मुझको पक्का नहीं मिला इस लिये वेरे वार नहीं लिखा गया है, अगर शरीर वर्त्तमान है तो फिर कभी लिखा जावेगा।

शहर फतेपुरका करीब ॥ मैलके उत्तर दक्षिण है और प्राय १॥ मैल पश्चिम पूर्व है, शहर सहोला बंध बहुत आबाद है, शहरके पूर्वतरफ एक नागोरके रहनेवाले काजी की बनाई हुई एक देखने लायक बावड़ी है इसकी तय्यारी में बहुत से रुपये खर्च हुए बतलाते हैं मफस्सल हाल इसका वहां एक पत्थर पर खुदा हुआ है। शहर के बाहर मुसाफरों के उतारे के लिये करीब ११ धर्मशाला परोपकारार्थ सेठ लोगों ने बनवाई हैं और मन्दिर वैष्णवों का २५ श्रावकों के २ छत्री ६ और पशुरक्षार्थ धर्मशाला अर्थात् पिञ्जरा पोल ठाकुरसी दास अग्रवाल महाजन देवड़े ने अब हालमें बनवानी शुरू की हैं, और इसी जगह गुलराज सिंवालिया भी धर्म के कामों में मशहूर हुआ है, पर हाल में उनके बेटे जगन्नाथ जी की भी अच्छी लियाकत है शहर के बाहर और भीतर करीब ५० पक्के कूए हैं मगर शहरके भीतरका अकसर पानी खारा और बाहरका मीठा है, तालाब ३ शहर के बाहर पक्के बने हैं, और शहर के गिर्द कई मन्दिर असतल बगीचियां भी हैं, वहां साधु सन्त और अमली जंगी भंगी ब्राह्मणलोग पड़े रहकर चैन करते हैं। शुरू में शहर फतेपुर का किले के ठीक उत्तर तरफ बसा था बाद इसके पूर्व तरफ को आहिस्ता २ आबाद होता चला गया है, पहिले इस शहर के चौतरफ शहरपना भी थी पर अब तो कोई एकादी जगह ही निशान दिखलाई देता है बाकी सब टूट फूट गई है। फतेहपुर तो और भी पांच छः है पर जैसा नाम इस फतेपुर शेखावाटी के बाशिन्दों का मशहूर है वैसा औरों का नहीं है।

चीठी वगैरह लिखने पढ़नेकी और कलम बनानेकी रीतियां।

प्रथम कलमका बयान और बनानेकी रीति।

दुनियांमें हर एक तरहका फायदा या नुकसान, भला या बुरा, बिगाड़ या सुधार और दोस्ती या दुश्मनी वगैरह काम सिर्फ ज़बान और कलमहीके जरिये से हुआ करते हैं, इस लिये लिखनेवालों को चाहिये कि जिस वक्त कलमको हाथमें लेके चलावें ज़रा आगे लिखी हुई लिखावटको गौर करके अमलमें लावें।

१।—कलम और लेखनीका अर्थ तो एकही है पर लिंग भेद दो हैं, कोई तो कलम को स्त्रीलिंग मान कर कहते हैं कि "कलम अच्छी है" और अरबी फारसीवाले पुंगलिंग (अर्थात् मुजक्कर) मान करके कहते हैं कि "कलम अच्छा है" असलमें कलम लफ्ज़ अरबी है और लेखनी शब्द है सो संस्कृत स्त्रीलिंग है, इस जगह दोनोंही का लिंगभेद लिख दिया है, अब जिसका जीव जो चाहिये माने पर हां। जहां लेखनी है स्त्रीलिंग माननी चाहिये और जहां कलम है पुंगलिंग मान कर लिखना बोलना चाहिये।

२।—कलम बनानेके पहिले सांठो को साफ और पुख्त जगह पर ढलका दो, जिस रुख पर वह ढलकके ठहर जावे उसी रुखसे तराशनी चाहिये, मतलब इसका चौड़ाई की तरफसे तराशनेका है और जितना सांठोका मोटाईका गिर्द हो उतनाही तराशने बाद कलमका मुंह लम्बा रखना चाहिये।

३।—कलमकी लम्बाईमें कमसे कम १२ अंगुलके नीचे नहीं रखना चाहिये, ओछा कलम रखनेसे न तो अक्षर दुरुस्त आ सकेंगे और न कलमके साथ हाथ की सजावट हो सकती है, हकीकतमें हाथके अंदर रहै उतनाही तूल ऊपर रखना चाहिये इस अंदाजसे हाथमें वजन बराबर रहता है।

४ ।—कलम बनानेके वक्त इसका दोनूं पर यानी मुंह फाड़ बराबर रहै, एक महीन और एक मोटी रहनेसे दुरुस्त नहीं चल सकता है ।

५ ।—कलमको लिखनेके वक्त दुरुस्त रखना चाहिये बाजे आदमी एक दफा बनाके कई दिनोंतक उसीसे घसीटे चले जाते हैं, क्या उनका हरफ दुरुस्त आवेंगे ? दुरुस्त कलमसे दुरुस्त और मरोड़दार हरफ आते हैं और उनकी खूबसूरती देखके दिल भी खुश होके लिखने को चाहता है, जैसे कि "औरत सिंगार करके चलती है उस वक्त अपनी चाल की तरफ देख देखके अपनेही दिलमें खुश होती जाती है" उसी तरह अपने खूबसूरत हरफोंको देख देखके लिखनेवाला भी खुश होता जाया करता है ।

६ ।—कलमको अकसर लोग लिखनेके वक्त कानमें टांक लेते हैं सो यह एक विश्राम है, पर बाजे आदमी कहते हैं कि कलम कानमें यह कहा करता है कि "मैं दुनियां का कान हूं मुझे होशियारीसे चलाओ" ताकि मेरे लिखे हुये में न तो कोई कहीं ऐब निकाल सके और न वक्त पर शरमन्दगी पैदा हो ।

चीठी लिखनेकी रीतियां ।

चीठी लिखने और पढ़नेका काम अकसर सबही जातियोंके मनुष्यों के यहां पड़ताहै और परस्परमें अपना अपना मतलब समझ बूझके काम निकालतेही हैं, परन्तु चीठी की लिखावटमें जो कुछ मारपेच और बारीक भेद है, उन सबको सिवा चतुर इल्मवालोंके बहुतसे आदमी नहीं जानते हैं, इसलिये बाजे नावाकिफ चीठोंकी लिखावटमें ऐसे बन्ध जाते हैं कि वक्तपर कुछ भी उजर और जवाब नहीं करने लायक रहते हैं, बल्कि शरमिन्दा भी होना पड़ता है, यह समझके अपनी बुद्धि अनुसार और उस्तादोंके कलाम सुन सुनके चीठी लिखने और पढ़नेकी

थोड़ीसी रीतभांत इस किताबमें जमा करके आगे लिखता हूं, अगरचे उन सब रीतियों को बुद्धिमान होशवाले सब जानते हैं, तथापि इस जगह लिखनेका मतलब यही है, कि बनिसबत् सुनी हुईके लिखी हुई बातोंपर अधिक अमल हो सकता है। अब आशा है कि बुद्धिमान पाठक आगे लिखी हुई रीतियों पर निगाह करेंगे और अगर कहीं न्यूनाधिक लिखा भी गया हो तो उसके लिये मआफ़ करेंगे, और पढ़ने पढ़ानेके वक्त सुधार भी लेंगे।

१।—प्रथम तो यह जानना चाहिये कि अगले जमानेमें कागज नहीं थे चीठी सिर्फ तालपत्र और भोजपत्रही पर लिखा करते थे, इसी लिये चीठीका नाम पत्र भी है।

२।—आदमी अपने दिलका हाल केवल मुंह और हाथही के जरिये से जाहिर कर सकता है, अर्थात् मुंहसे समझाना तो करका और हाथके जरियेसे दूरका है, सैंकड़ों हजारों कोसोंका मिलाप, और भला बुरा चीठियोंही की राह हरफोंके नियामसे मालूम हो सकता है, जो शख्स समझ करके चीठी लिखेगा अथवा लिखावेगा वह कभी कोई तरहसे किसीके कोल और पंजेमें नहीं आ सकेगा, और अगर सच पूछो तो रीतिसे चीठी लिखनेवाले की समझदार पढ़नेवाला तारीफ़ करता है, और दुकानदारी भी इसीसे है।

३।—व्यवहारिक कागज अर्थात् चीठीपत्र और बही खाता लिखनेके वक्त शुरूमें प्रथम १। अथवा १॥ का चिन्ह लिख करके लकीर खेंचते हैं, सो यह चिन्ह "ॐ" कारका है और ॐ अक्षर ही है (अर्थात् यह सबसे पहले है इससे पहिले कोई नहीं) अ, उ, म, अक्षर और अर्द्धमात्रासे ॐ बना है, बाजे आदमी १। अथवा १॥के चिन्हके ऊपर एक मिहराबदार हाथी मस्तका कर लकीर ऊपर की तरफ तिरछी टानकर उसके नीचे मुक्ता लगा देते हैं, सो यह चिन्ह भी उसी ॐ ऊपरके विभागका है, बंगाली लोगभी इसी तरहका चिन्ह श्रीदुर्गा और श्रीहरिके नामके

प्रथम लिखते हैं, पर बाजे इस चिन्हको गणेशजी का मस्तक बतलाते हैं अर्थात् गणेशको आदमें लिखते हैं ।

४ ।—हर एक पुस्तक और व्यवहारिक कागज पत्र लिखनेके वक्त प्रथम "श्री" लिखते हैं, जिसका कारण यह है कि श्री है सो सर्वशक्तिमान जगदीश्वरके अंग की ज्ञानशक्ति है, और उत्पति, स्थिति, संहारमें रूप प्रथम है, और सबसे उत्तम और मांगलिक है, इस लिये जहां तहां लिखनेके वक्त प्रथम हिन्दुलोग श्री लिखा करते हैं ।

५ ।—श्रीरामजी, श्रीगणेशजी इत्यादिक मांगलिक नाम हैं सो (चीठीके शिरेपर जगह छाड़के लिखनेसे चीठी लोटाके लिखनेके वक्त समाचारोंके नीचे वह नाम आ जाता है इस लिये शिरेके ठीक् जड़में लिखनेसे श्रीनामा ऊपर का ऊपरही रहेगा। शिरनामेके ऊपर समाचार हरगिज नहीं लिखने चाहिये ।

६ ।—चीठीके शुरूमें "सिद्धि श्री" अथवा "स्वस्ति श्री" लिखा करते हैं, सो सिद्धि श्री छोटे की तरफसे बड़ों को और बराबरवालोंके लिये लिखनी चाहिये और स्वस्ति श्री का अर्थ आशीर्वाद है इसलिये अपने से छोटों को लिखनी योग्य हैं ।

७ ।—उपरोक्त सिद्धि श्री अथवा स्वस्ति श्री की जगहसे ऊपरकी तरफ एक हिस्सा कागजका सादा रहना चाहिये और बाकी हो हिस्से नीचे रहें उसमें समाचार लिखने चाहिये, पर आरबाल छाड़े सिवा चीठी को नहीं आरम्भ करनी चाहिये ।

८ ।—आदमीका नाम लिखनेके पहिले किसको कितनी श्री लिखनी उनकी संख्या, गुरुको श्री ६ स्वामी अर्थात् अपने से बड़े और मान्यवर हो उनको श्री ५ शत्रुको श्री ४ मित्रको श्री २ और स्त्री, पुत्र, नौकर इत्यादिक को श्री १ लिखनी चाहिये, परन्तु व्यवहारिक चीठियोंमें प्रमाणसे श्री लिखनी इस पर लोग कुछ विशेष ध्यान नहीं रखते हैं ।

९ ।—चीठी भेजनेवाले जिसको चीठी लिखते हैं उस धनियोंके नाम

के पहिले और पीछे जो जो उपमा, अलकाव लिखते हैं वह थोड़ी सी निम्न लिखित प्रमाण अर्थ सहित है, पत्र प्रेरकको चाहिये कि उन सब की अर्थ भेद समझके नामके पहिले और पीछे प्रयोज्य शब्द लिखैं।

नामके पहिले लिखनेकी उपमा।

श्रीमान्—लक्ष्मीवान। श्रीमन्त—भाग्यवान। श्रीमत्—लक्ष्मीवान। श्रीयुक्त——प्रतापी। श्रीयुत्—शोभायुक्त।	यह सब राजवर्गि, बड़े आदमी और मान्यवरोंके लिये लिखना चाहिये, इन सबका मतलब एकही है।

श्रीमती—केवल स्त्रीही के नामके पहिले लिखना चाहिये।
श्री, द,—शोभादाता, धनपति।
श्री, ल,—शोभायुक्त।
लायक—अपने बराबर से और बड़ोंको लिये है।
उपमा लायक—जोकि उपमाके लायक हो उनको।
नैकोपमा लायक—जिसको बहुतही मान देना हो उसको।
सर्व्व उपमा लायक—साधारण आदमीको नहीं लिखना चाहिये।
वीर्य्यवान—बलवान, तेजस्वी, पराक्रमी।
राज्यवान—केवल राजवर्गीको लिखना चाहिये।
विराजमान—शोभायुक्त सुखभोगनेवाला, बड़ोंके लिये है।

पूज्य पूजनीय पूजमान परम पूज्य पूज्यपाद	गुरु, पिता, माता और इनके तुल्यवालोंके लिये है और स्त्रीको तरफसे भी "पूजनीय" पतिको लिखना चाहिये।

भाई—साधारण और अपने से बड़ा न हो उसको।

भाईजी—बराबर से को पर दरजेमें छोटा न हो।

भाई जी श्री—अपने से बड़े भाईको और मान्यवर भाईको।

शाह—एक पदवी है अर्थ इसका बादशा और फकीर दोनूं है।

चिरञ्जीव—पुत्र और पुत्र तुल्यके लिये है, अर्थ दीर्घायु है।

बाबु—सम्बोधन बंगाली है साधारणके लिये।

बाबुसाहिब—मानके साथ बोलने और लिखनेमें।

लाला—साधारण है और सम्बोधन शब्द है।

लालाजी श्री—मानके साथ लिखना बोलना।

लालाजी साहिब—बहुतही मान देना हो वहां बड़े को।

सेठ—एक पदवी लिखने बोलनेमें लगाते है।

सेठजी श्री—मानके साथ बोल चालमें और मालिक को।

पत्री श्री—जिसको कुछ भी पदवी नहीं लिख सकें उनके वास्ते।

महाजन—उत्तम जनके नामके पहिले लगाना।

महाशय—महत् आशय युक्त, उदार स्वभाव बड़ेके लिये।

जोग—यह शब्द योग्य है और इसका अर्थ लायक है प्रथम जहां "जोग" लिखते है वहां लायक लिखना बिहतर है क्योंकि "जोग"का अर्थ कुछ भी नहीं होता है।

महा—इसका योजना शब्दके पहिले करनेसे श्रेष्ठ वा बड़ा समझा जाता है। जैसे महाराज महामहीम इत्यादि।

महामहिम—अतिशय महिमा युक्त [उत्तम जनके लिये]।

महाराज श्री—राजा, सरदार, ठाकुर और ब्राह्मणको लिखना। बराबर से और छोटों को यह शब्द हरगिज नहीं लिखना चाहिये।

राजराजेश्वर } जोके राजोंका राज हो सिवा उनके, ऐसे वैसोंको
राजाधिराज } नहीं लिखा जाता है।

महाशया:—स्त्री जो कि गम्भीर है केवल उसीके लिये है।

शिरोमणि—शिरका भूषण पण्डित, पति और राजाके लिये एक

बड़ाई है, परन्तु वाचक शब्दके अंतमें लिखना चाहिये जैसे पण्डित शिरोमणि इत्यादि।

अखण्डित लक्ष्मी } ब्राह्मणकी तरफसे महाजनको एक आशी-
धर्म्ममूर्त्ति } र्व्वाद है।

मान्यवर—जो मानके लायकहो केवल उसीको लिखना चाहिये।

पियारे मन
पियारे साहिब } स्त्री को तरफसे अपने पतिको अथवा जिसके साथ
प्रियतम } अधिक पियार हो केवल उसीके लिये है।
प्राणपियारे

प्राण पियारी
पियारी साहिबा } पुरुषको तरफसे अपनी स्त्रीको अथवा जिसके
पियारी मन } साथ अधिक पियार हो वे उसको लिखना
प्रियतमा } चाहिये।

सौभाग्यवती } पुरुष को तरफसे अपनी स्त्री को अथवा कुलीन
सौभाग्य भूषण } स्त्रीको लिखना।

शय्याभूषण—पुरुष को तरफसे केवल अपनी स्त्रीके लिये है।

स्वधर्म्मपरिपालिका—पुरुष को तरफसे स्त्रीको।

कुंवरजी—राजा सरदार बड़े आदमी वा अपने मालिकके लड़के को और दामाद को।

कविवर—ब्राह्मण, भाट, चारण वगैरह जातियोंके कवियों को।

सेवक—बड़े को तरफसे शिष्य वा शिष्य तुल्य हो उसको।

दास } अपने को छोटा मानके अपने नामके पहिले लि-
दासानुदास } खना चाहिये जैसे दास फलाना।

महापुरुष—साधु, महात्मा और सज्जन लोगोंके लिये।

हजरत
हजूर } राजा, बादशाह, फकीर, हाकिम वगैरह बड़े आदमियोंके लिये लिखने और बोलनेमें लगाये
खुदावन्द } जाते हैं।

———०———

नामके पीछे लिखनेकी उपमा ।

आशीस, आशीर्व्वाद, धर्मलाभ, कल्याण।

बड़े की तरफसे छोटे को जो कि आशीसके लायक हो।

दण्डवत्, पायलागन, पावां धोक, अष्टाङ्ग दण्डवत्, बन्दगी आदाब, बन्दना।

छोटों को तरफसे महात्मा गुरु पिता पूज्यमानको लिखना।

मुजरा, प्रणाम, विनति, अरज, जुहार।

अपने से दरजमें ऊंचा मानकर यह सब उपमा लिखनी चाहिये यह भक्तियुक्त नमस्कार हैं।

राम राम, जैगोपाल, जै श्री जी, जै रघुनाथ, सलाम।

सर्व साधारणको परन्तु गुरु पिता वगैरह को नहीं लिखना चाहिये अगर लिखो भी जावे तो दोष नहीं है क्योंकि ईश्वरके नाम है।

यथायोग्य।

बहुतसे आदमियोंको चीठी लिखनी हो वहांपर यथायोग्य लिखना चाहिये और जिसको कुछ उपमा लिखनी समझ नहीं आवे उसके लियेहै।

नमस्कार।

परस्पर को करना असल अर्थ इसका यह है कि देह देवालयमें जो आत्मा है उसको देह अभिमान छोड़के मैं नम्र हूं।

जी।

आदमीके नामके अंतमें जी लगाते है जिसका मतलब जीवनार्थ और जयार्थ है, पण्डित, गुरु, राजा, सेठ और बड़े आदमीके नामके साथ दूसरे शब्दको योजना चाहिये केवल नाम बोलने और लिखने से न्यूनता होती है।

१०।—अपने से बड़े और बराबर वालोंको जहां तहां सम्बोधनकी जगह "आप" अथवा "आपकी" या "आपको" लिखना चाहिये, बाजे आदमी तुम, तुमारी, तुमारा लिखते हैं सो हलकापन है।

११।—समाचारों को पहिले बिचार करके लिखने से बहुत फायदे हैं, दूसरे लिखावट भी सजीली होती है।

१२।—समाचारोंके शुरूमें कोई आदमी "अपरंच"को उपरंच अथवा उप्रंच लिखा करते हैं और उच्चारण भी यूंही करते हैं, पर लिखना और पढ़ना अपरंच ही सही है यह संस्कृत शब्द है इसका अर्थ "इसके आगे" ऐसा है।

१३।—जहांतक बन सके कम लिखनेमें मतलब जियादः रहै, अगर सच पूछो तो संक्षेपमें लिखना उसीका नाम चीठी है। बहुतसे आदमी बेमतलब लम्बी चौड़ी लिखके खुश होते हैं सो फजूल है, क्या पढ़ने वाले खुश होंगे?।

१४।—एक दफा जिस समाचारको लिख चुके फिर उसको उसी चीठीमें दूसरी जगह कभी नहीं लिखना चाहिये।

१५।—समाचार जिस लकीरमें जहां खत्म हो चुके उसको उसी जगह छोड़ देना और दूसरा समाचार "सीगा" अर्थात् एक खड़ी लकीर खेंचके लिखना चाहिये जैसे।—

१६।—समाचार और हरफ चीठीमें ऐसी सुघड़ता और रंगीन इबारतके साथ यथार्थ लिखने चाहिये कि जिसको देख सुनके कोई कहीं भी रोकटोक नहीं कर सके, हकीकतमें दूर बैठे हुए आदमी की होशियारी और गैर होशियारी सिर्फ चीठीही पढ़नेसे जानी जाती है।

१७।—झूठा अथवा किसी दूसरेका बनावट समाचार या शकभरा हुआ अपने हाथसे या दूसरेके कहनेसे अपनी चीठीमें हरगिज नहीं लिखना चाहिये। ऐसे समाचार लिखनेवाले बहुत पछताचुके हैं।

१८।—चीठी को बाजे आदमी आगे पीछे से यहांतक लिख करके भर देते हैं कि कहीं तिल रखनेको भी जगह बाकी नहीं छोड़ते हैं।

अगर समाचार जियादः ही लिखने होवे तो कागज की किफायत नहीं करके दूसरे कागजमें लिखना बिहतर है ।

१९ ।—लिखने लायक जवाब को सुस्तीसे मुलतवी मत रक्खो बल्कि उसी दिन की डांकमें चीठी जवाबके साथ भेज देनी चाहिये, इस जगह सुस्ती नुकसान करती है ।

२० ।—लम्बी चौड़ी चीठीको पढ़ पढ़के जवाब लिखना चाहिये याद दास्त लिखनेसे अकसर पूरा समाचार और जवाब नहीं लिखे जाते हैं ।

२१ ।—चीठोमें हरफ न तो ऐसे फीके, बारीक; गिचपिच और मिले हुए लिखने कि मुशकिलसे पढ़े जावें और न ऐसी गु'दल सियाहीसे लिखने चाहिये कि जिससे चीठी की तह आपसमें चिपट जावे और चीठी खोलनी कठिन पड़े, अगर वक्तपर चीठी की तह चिपट भी जावे तो उसके खोलनेके लिये एक यह तरकीब है :—एक बरतनमें पानी डा-लके कपड़ेसे उसका मुंह बन्ध करके आगपे चढ़ा देना जब की उसमें भाफ पैदा होके बाहर निकलनी शुरू हो उस वक्त चीठो को भाफ लगा लगाके आहिस्ता आहिस्ता खोलनेसे आसानीके साथ तुरन्त खुल सकेगी, और हरफ नहीं बिगड़ेंगे ।

२२ ।—लिखनेके वक्त कलमको इस अंदाजसे भरना चाहिये कि न तो कहीं छींटा टपकने पावे और न हरफ फूटके कागज खराब हो सके, बाजे आदमी पहिले तो रोशनाईमें कलमको खूब भरते हैं और पीछे झाड़, चटका, पूछ, करके कपड़े खराब करते हैं ।

२३ ।—बिगड़े हुए हरफों को बहुतसे आदमी चाकूसे उड़ाके उस जगह दूसरे बनाते हैं पर यह काम बहुत होशियारीका है और खियाल रखने की जगह है ।

२४ ।—चीठी वगैरह कागजपत्र लिखनेके वक्त गर्दनको बहुत झुका के लिखनेसे जरा सीधी रखके लिखनेकी तारीफ है, शुरूहीसे बालकों कोरोकटोक करने से गर्दन झुकाके लिखने की आदत नहीं पड़ेगी ।

२५ ।—चीठी बही और खातेमें लकीर सब पूरी सीधी और एक

मुजब फरक रखके खेंचनी चाहिये और बायें से दहना किनारा एक अंदाजसे ऊंचा रखना चाहिये ।

२६ ।—चीठीका बायां किनारा लिखनेके वक्त बतौर एक मगजीके इस अंदाजसे शुरूसे आखीर तक सादा रखना चाहिये कि जिसमें बायें हाथकी तर्ज्जनी अंगुलीका अग्रभाग खाली जगह पर टीका रहै ।

२७ ।—चीठीके लिये हमेशा परदा रखना चाहिये अर्थात् लिखनेके वक्त, पढ़नेके वक्त, और भेजनेके वक्त, सिवा इनके एक परदेहीसे सिल सिलेवार रखनी चाहिये कि जब दरकार हो तुरन्त मिल भी जावे ।

२८ ।—हर एक चीठी और दस्तावेजकी नकल अपने पास जरूर रखनी चाहिये इसका फायदा वही जानता है जो कि नकल रखता है ।

२९ ।—चीठीमें फलाने की चीठी या हुण्डी, मोठ वगैरह भेजा है ऐसा लिख तो देते हैं, पर चीठी बन्ध करनेके वक्त बाजे भूल भी जाते है इस लिये इस बात पर खूब खियाल रखना चाहिये ।

३० ।—चीठीमें जहां कहीं अंक लिखने हो उसके साथ अंकोंई भी जरूर लिख देनी चाहिये यह बहुत जरूरी बात है ।

३१ ।—चीठीमें कठिन और अजान समाचार किसीको लिखना हो तो वहां पर मात्रा लगा देनी चाहिये मुड़िये हरफोंमें लिखा हुआ समाचार कुछ का कुछ पढ़ा जाता है, बल्कि खुद लिखनेवाला भी वक्त पर नहीं पढ़ सकता है । पर अफसोस तो यह है ! कि मात्रा क्या चीज है बाजे (मारवाड़ी) यहांतक भी नहीं जानते हैं ।

३२ ।—बड़े आदमी की मांदो तबियतका अगर हाल पूछने चाहो तो उस जगह तुम्हारी या उनकी नहीं लिखके तुम्हारे या उनके दुश्मनों की तबियत कैसी है लिखना चाहिये ।

३३ ।—चीठी चार संयोग मिले बिना दुरस्त नहीं लिखी जाती है, प्रथम दुरस्त कलम, दूसरा साफ सियाही, तीसरा उम्दा कागज और चौथा सुघड़ लेखक, इनमें तीन तो मिलने सहज है पर सुघड़तासे

लिखनेवालेका चौथा संयोग मिलना कठिन है, चौठी लेखकको चाहिये कि उपरोक्त चारोंको इकठ्ठा करके स्थिरताईके साथ लिखें।

२४।—एक प्रसंगको एकही चीठीमें ऊंचे नीचे तोड़ तोड़के जहां तक बन सके मत लिखो, एकके बाद दूसरा समाचार अनुमान करके लिखना चाहिये इसमें सुघड़ता है।

२५।—चीठो लिखने और पढ़नेवालोंके परस्परमें एक ऐसा संकेत भी रखना चाहिये कि जब कोई बहुतही गुप्त समाचार लिखना हो तो इशारेसे लिखें, खुलसा [जिसको दूसरा समझ सके] कभी नहीं लिखना चाहिये न मालूम वक्तपर चीठो दूसरेके हाथ लग जावे या खुद पढ़नेवाला ही दुश्मन हो जावे।

२६।—गुमाश्तेकी या किसी गैरको चीठो या दस्तावेज लिखी हुई पर जब को मालिक या मूनीम अपना दस्तखत् करने चाहे, उस वक्त चीठो को एक दफा अच्छी तरहसे पढ़के सही करे, अगर लिखी हुई पर मालिक सही कर चुके और उसमें कहीं गलती निकल आवे तो इसमें सही करनेवालेका दोष समझना चाहिये।

२७।—अगले जमानेमें चीठी लिखने बाद चर्च करके भेजा करते थे, अर्थात् पण्डित, गुरु, पिता, पुत्र और सन्यासीके पत्रको चंदनसे, राजाको कस्तूरीसे, स्वामीको सिंदूरसे, स्त्रीको लाखके रंगसे, नौकर वगैरहको रक्तचंदनसे, विवाहादि जन्मपत्रिकाको हलदी से और शत्रुके पत्रको रक्तसे आंकित करके भेजा करते थे, पर हालमें वह सब रिवाज बन्ध हो गई हैं, केवल श्रीपूजन, विवाहादि जन्मपत्रिकादी को कुंकुम, अर्थात् हरदी से चर्चते हैं।

२८।—वररुचिके लिखने मुजब चीठीके नीचेका दहना किनारा प्राय एक अंगुलके तराशके चीठी बन्ध करनी चाहिये, सो यह चाल हालमें महाजनोंमें तो कहीं भी नहीं देख पड़ती है, पर हां! राजस्थानमें अब भी है, कहते हैं कि यह खुशमिजाज और मुबारकी की निशानी है।

३९।—चीठी वगैरह दस्तावेज को लिखने बाद एक दफा अच्छी तरहसे पढ़ लेनी चाहिये पढ़नेमें बहुत फायदे हैं और नहीं पढ़नेवाले वक्त पर धोखा भी खा जाते है।

४०।—चीठी की भांज अर्थात् तह बन्ध करनेके वक्त इस अंदाजसे करनी चाहिये कि जिसमें जरा लफाफा खाली रहै इसका कारण चीठी खोलने के वक्त सुभीता और भीतरसे चीठी नहीं फटे यही है।

४१।—बाजे आदमी आधे आनेके महसूलके लालचके सबबसे चीठी और हुण्डीको यहांतक कतर तराशके उसका बिलकुल डौल बिगाड़ देते हैं, सो ऐसा किफायत करनेमें कुछ तारीफ नहीं है।

४२।—गुप्त अक्षर लिखने हों तो पियाज अथवा नीबू अर्कसे अथवा दूध और आककी दूधसे कागज पर लिखने से अक्षर बेमालूम हो जाते हैं, फिर जरा आगसे तपानेही से पढ़नेमें आ जाते हैं।

लफाफा लिखनेकी रीतियां।

[illegible]।—लफाफा ऐसे संगीन कागजका बनाना चाहिये कि रास्तेमें डाक मुहोर लगनेसे नहीं फटने पावे।

२।—लफाफे पर प्रथम ७४। अथवा ७४॥ के जो अंक लिखते हैं सो यह चिन्ह (धनीकी इजाजत बिना चीठी खोलनेवालेके लिये) तलाक [illegible] ताला है, इस पर एक तो यह कथा है कि सन १५६१–६२ ई० में बादशाह अकबरने चितौड़पर चढ़ाई करके किले को घेर लिया था, उसवक्त किलेदार राठोड़ जयमल बहादुरके मारे जाने पर राने की फौज बिलकुल बेदिल हो गई, पहिले तो औरतों को जोकि किलेमें थी जयमल की लाशके साथ जल दिया बाद उसके तलवारे सूंत और केसरेये बागे पहनके किलेसे बाहर मैदानमें निकल आये, कहते हैं कि उस वक्त कमसे कम नामी आठ हजार आदमी मुसलमानोंके हाथसे कतल हुए थे और रणखेतमें से जनेऊ जमा करके वजन किया तो ७४॥ मन हुआ था, वही तिलाक चीठियों पर लिखते हैं—चितौड़ की लड़ाई

में हजारहां हिन्दु मुसलमानोंके हाथसे मारे गये, किताबोंके देखनेसे सबूत है, पर ७४॥ मन जनेउके वजन को तिलाक उसी वक्तसे चीठियों पर लिखनी शुरू हुई हैं, सबूत नहीं होती है। टोडसाहिबने भी अपनी किताबमें राजस्थानका पत्तेवार कुल अहवाल लिखा है पर जहां ७४॥ मन जनेउका जिक्र लिखा है उस जगह आखिर यही लिख गये हैं कि उस वक्त मण [illegible] सेरका था, इससे यह सिद्ध हुआ कि साहिब मौसूफको भी शक पैदा हुआ था। असल प्रमाण इस तिलाकके बारेमें यह है— वररुचि नाम कवि जोकि १९०० बरस पहिले राजा विक्रम की सभामें नवरत्नमें गीना जाता था, उन्होंने अपनी "पत्रकौमुदी" नाम ग्रन्थमें ७४॥ के चिन्ह बाबत ऐसा लिखा है कि "७ समुद्र ४ वेद और दो चरण धर्म्म" का (सत्ययुगमें [illegible] त्रेतामें ३ द्वापरमें २ और अब हाल कलयुगमें सिर्फ एकही चरण धर्म्मका रह गया है) जो आदमी ७४ के ऊपर। एकपाई लिखता है एक चरण धर्म्मका है, और बहुतसे ७४ के ऊपर॥ दोपाई खेंचते है सो द्वापरयुग प्रमाण दो चरण धर्म्मका समझ लेना चाहिये, कोई तो उस तिलाक को लफाफेके बाये किनारे पर लिखते है, और बंगाली वगैरह जहां लफाफे को बन्ध करते है बीचमें लिखते हैं, हकीकतमें जहां लफाफे को बन्ध करते हैं उसी जगह वह तलाक लिखना चाहिये।

[illegible]।—गुजराती मुर्शुदाबादी वगैरह लोग ७४॥ के पहिले ०॰० इस मुजब तीन सुन्यभी लिखते हैं, इनका अभिप्राय बाजे तो कहते है कि "यह भूत भविष्यत् और वर्तमान काल है अर्थात् तलाकी हुई चीठी को किसी कालमें नहीं खोलनी चाहिये और बाजे यह भी कहते है कि यह तीन देवता ब्रह्मा विष्णु और शिव हैं, जो कोई धनी की अनुमती बिना चीठी खोलेगा इन देवताओं की शपथ लगेगी, इस पर एक हमारे पण्डितवर मित्रने यह कहा है कि यह जो ०॰० सुन्यका चीन्ह है सो तीनलोक स्वर्ग, मृत्यु, और पाताल है। जहां से जो तिलाकके बारेमें प्रमाण मिला सो लिखा है, पाठक मेरे लिखनेमें कुछ दोष नहीं निकालेंगे।

४ ।—अमृणिक और अधूरा शिरनामा लिखनेही से अकसर चीठी ठिकाने पर पहुंचनेमें अटक जाया करती है इस लिये लिखने-वालेको चाहिये कि लफाफे पर धनीका नाम और पत्ता ठिकाना पूरा साफ सही और खुशखतोंके साथ लिखें 'ताकी चीठी तौरबन्ध पहुंचे ।

५ ।—व्यापारीलोग अकसर यह समझते हैं कि पेड चीठीसे बेरंग ठीक पहुंचती है, और यही समझके जरूरी चीठी बेरंग भेजतेहैं, पर यह नहीं समझते हैं कि शिरनामा अगर दुरस्त नहीं लिखा जावेगा तो दोनूंही बराबर है और बेरंगसे पेड कुछ पहिले पहुंचती है इस लिये पेडही भेजनी बिहतर है

६ ।—नामी शहर की चीठी जैसी वक्तपर पहुंचती है वैसी छोटे छोटे गांव और ष्टेसनोंको तौरबन्ध नहीं पहुंचती है, इसका कारण यही है कि छोटे और नये मुकामोंके नाम ठीक नहीं लिखे जाते हैं अगर जो देवनागर अक्षरोंमें भी जिलेके साथ सही लिख देवें तो चीठीको कभी गोते नहीं खाने पड़ेंगे ।

७ ।—अपनी चीठीमें दूसरे के नाम की खुलि हुई चीठी भेजो उस पर ७४॥ की तिलाक नहीं लिखना चाहिये, सिर्फ गोंगा लगाके शिर-नामा लिख देना चाहिये ।

८ ।—जिनके यहां चीठी लिखनेका अधिक काम है उनको चाहिये कि चीठी लफाफेमें बन्ध करनेके वक्त जरा खियाल रक्खें ऐसा न हो कि एकको चीठी पर दूसरेका नाम गलतीसे लिखा जावे, इस गलतीके बचावके लिये पहिले लफाफे लिख लेना बेहतर है बाद उसके शिरनामे मुजब चीठी बन्ध कर देनेसे गलती न हो सकेगी ।

९ ।—लफाफा बन्ध करने बाद जरा वजन की तरफ भी खियाल कर लेना चाहिये, टीकट लगाने से ॥⁄ तोले तक आध आना और एक तोले तक ⁄ आना तोलेके ऊपर वजन होनेसे २ तोलेका महसूल लगेगा, बेरंग भेजनेसे दूना ।

१०।—चीठी तयार होने बाद अपने हाथसे या भरोसेदार आदमी की मारफत मुताबक टैमके डाकघर भेजनी चाहिये।

११।—गमगीन चीठीके लफाफे पर यह लिख देना चाहिये कि "चीठी वक्त देखकर खोलें या देना" इस लिखनेकी रिवाज गुजराती और बंगाली लोगमें अधिक है।

चीठी पढ़नेकी रीतियां।

१।—प्रथम लिखनेवालेके हरफ पहचानने चाहिये।

२।—किस जगहसे चीठी कब चली और मञ्जिल पर कब पहुंची दोनूं जगह की डाक महोर अव्वल देख लेनी चाहिये इससे एक तो यह निश्चय हो जाता है कि चीठी उसी दिन या बाद उसके डाकमें डाले गई है, दूसरे जिस मुकामके लिये चीठी हो वहांके पोस्ट अर्थात् चीठीरसेने उसी दिन बांटी या अटकाके बांटी सबूत हो जाता है, तीसरे चीठी अगर गलतीसे किसी दूसरे ठीकाने भी चली जावे तो डाक महोरसे वह भी मालूम हो सकता है।

३।—चीठी पर कहीं अशुभ चिन्ह लिखा हुआ वक्त पर आ जावे तो मौका देखके चीठी खोलनी चाहिये।

४।—दूसरे कामोंको छोड़के स्थिरताके साथ पहिले चीठी पढ़ लेनी चाहिये।

५।—चीठी खोलनेके वक्त लफाफेको दहनी तरफसे डाकमहोर बचाके फाड़ना, तराशना या खोलना चाहिये।

६।—पैदल रास्ते चलते हुए वक्त चीठीको नहीं पढ़नी चाहिये।

७।—चीठी जबतक शुरूसे आखीर तक नहीं पढ़ी जावे दूसरेको मत दिखाओ और सुनाओ बल्कि किसीके हवाले भी मत करो।

८।—अपनी चीठीमें अगर किसी दूसरेके नामकी लिखी हुई चीठी आवे तो धनीको, जहांतक बनसके तुरन्त हवाले कर देनी चाहिये, समझ बूझके बेमतलब रख छोड़नी नहीं चाहिये।

९।—चीठी या दस्तावेज पढ़ने बाद अगर लायक फाड़नेकी हो तो, इधर उधर फाड़के फेंकनेसे पानीमें गलानी या आगमें जलानी बिह-तर है, पर बहुतसे आदमी जलानेमें ऐब समझते हैं, इस लिये ऐसी जगह पुरजी पुरजी करके फैंको ताकी कोई जमा नहीं कर सके।

१०। पढ़नेके वक्त हर एक चीठीकी लिखावट पर खूब ध्यान देना चाहिये, अगर समझो कि इबारत नापसन्द है और लिखनेवाला लायक समझाने कीहै तो उसी वक्त समझा करके खुलासा जवाब लिखो, ताकी दुबारा फिर वैसा मजमून नहीं लिखे और अगर देखो कि समाचार सुघड़तासे लिखा हुआ है तो उस पर खुद अमल करो और उसके अनुसार लिखो।

११।—चाहिये कितनेही दिन की पड़ी हुई पुरानी चीठी क्यों न हो पर रद्दी समझके नहीं बरतनी चाहिये, अगर रद्दी कोई काममें वक्त पर लगाई भी जावे तो पर वाह नहीं परन्तु किसी दूसरे को तो कभी देनी ही नहीं चाहिये।

१२।—मुड़ये हरफोंमें लिखी हुई चीठीका समाचार वक्त पर कुछ का कुछ पढ़ा जाता है, इस लिये बिन मात्राके अक्षरों की चीठी पढ़नेके वक्त बहुतही खियाल रखना चाहिये, ऐसा न हो की अक्षरोंके जोड़ने में अर्थका अनर्थ हो जावे।

१३।—अपनी चीठीमें वक्तपर किसी दूसरे आदमीका गमगीन समाचार कहींसे लिखा हुआ आजावे तो एकाएकी बेमौके नहीं सुनवाना चाहिये।

१४।—पढ़ने बाद चीठियों को सिल सिलेवार लफाफे समेत ऐसी जगह रखनी चाहिये कि जब दरकार हो तुरन्त मिल जावे।

———०———

बालकोंके सीखनार्थ राजपुताना देशनिवासी व्यापारियों की भाषा की चीठियें लिखनेकी रीति।

प्रथम सर्राफी काम सम्बन्धी चीठियां।

सिद्धि श्री सवाई जयपुर शुभस्थान भाई जी श्रीगणेशप्रदास जी देवीप्रसाद योग्य लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे रामप्रताप हरिप्रसाद केन श्री जयगोपाल बाचीज्यो, इतूं तरफ श्रीनाथ जी सहायक रहसी अपरंच श्री महालक्ष्मी जी का पूजन कार्त्तिक बदी १५ मंगलवार गोधूलिक समय कुलके बन्धुमामें आनन्द विनोदसे कीनोछे आप पणघणे आनन्द हंगामसे कीजेको चीठियां दियावरांने लिखी होस्यो और हिसाब हमारे बदको कार्त्तिक सुदी १ सुधी तुरन्त भेजवा दीज्यो मिति सम्वत् १९२७।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री रामप्रताप हरिप्रसाद योग्य लिखी श्री सवाई जयपुरसे गणेशप्रदास देवीप्रसाद केन श्री जयगोपाल बंचना अठेका समाचार भला छे थाहांरा सदा भला चाहिये अपरंच चीठी आपकी कि श्रीपूजनकी लिखी आज दिन आई, समाचार बांच कर खुशी मानीछे, हमारी चीठी लारसे पहुंची होसी। और हिसाब भेजनेकी ताकीद राखस्यां मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई श्री रा० रा० योग्य लिखी—से, म० ल० केन श्री जैगोपाल बंचावज्यो अठे श्री जी कृपासे कुशल है, आप की हमेशा चाहिये अपरंच हुण्डी किता २ रु० ५०००) कलकत्ते की इस चीठी साथ सकार लीज्यो हमारे खत जमा करके लिख दीज्यो मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई श्री म० ल० योग्य लिखी—से, रा० रा० केन श्री जैगोपाल बांचो ज्यो अपरंच चीठी आपरी आज दिन आई, हुण्डी रु० ५०००) कलकत्ते की भेजी सो पहुंची छे दाम, पटे से आपरा

जमा करस्यां, इस भांत जवाब छै, चीठो काम काज साथ हमेशा दीज्यो मिति० सम्वत्।

सिद्धिश्री—शुभस्थान पूज्यश्री मनमोहनदासजी राधावल्लभ योग्य लिखी कलकत्ता बन्दरसे रघुवरदयाल केन श्री जुहार बंचाव ज्यो अठेउठे श्रीनाथजी सहाय करसी अपरंच हुण्डी किता १ रु० २५००) आपके ऊपर लिखी हमारी राख्या गणपत राव काशीनाथ का मगसर सुदी १ दिन ५१ पीछे कीनीछे सो देनी लग्यां सकार, दाम हमारे नाम लिखना चीठी पाछी दीज्यो काम काज की फरमायस लिखाय ज्यो मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री—शुभस्थान चिरंजीव रघुवर दयाल योग लिखी बम्बई बन्दरसे म० रा० केन श्री आशीस बंचना अपरंच हुण्डी किता १ रु० २५००) की सकारने साह नकल लिखी सो देनी आया सकार दाम तुम्हारे नाम लिखसां, वलती चीठी दीज्यो मिति० संवत्।

सिद्धि श्री सवाई जयपुर शुभस्थान भाई जी श्री चन्द्रभाण जी अभय मल योग्य लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे मनसुखचन्द केन श्री जयगोपाल बांची ज्यो अठेउठे श्री गुरुदेवजी सहायक रहसीं अपरंच चीठी वदी १० ने दीनी जिणसाथ हुण्डी रु०२०००) भेजीछे सो जमा कीनी लिख जी—हुण्डी किता ५ रु० २५००) इस चीठो साथ सकार लीजो, सकारायनै हमारे वद जमा कर ज्यो समाचार तुरन्त लिख दीजो मिति०।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री मनसुखचन्द जी योग्य लिखी सवाई जयपुरसे चन्द्रभाण अभयमल की जुहार बांचाव ज्यो अठे उठे स्वधर्म सहायकछै अपरंच हुण्डी २०००) की पहुंच आगे लिख चुक्या छा, आज दिन थहारी चीठी साथै हुण्डी रु० २५००) पहुंची छै रुपया मुद्दत पर पटेसे जमा कर स्यां इस भांत जवाब छै कागद पाछो दीज्यो काम काज ख्यान जाणो सो थोक लिखाव ज्यो मिति०।

सिद्धि श्री आगरा शुभस्थान भाई जी श्री दीनदयाल जी भैरूमल योग्य लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे रामप्रसाद गणपतलाल केन

श्री जैगोपाल बांची ज्यो यहां कुशल है आपके यहां क्षेम कुशल चाहिये, अपरंच चीठी आगे दीनो छी समाचार निगाह कीना हो सो, और हुण्डी किता १ रु० २५००) की आपके खाते प्र० ८३।। हिसाबसे आज दिन राख्या रामलाल गुलाबचन्दका दिन ५१ पीछे की किनीछे सो देनी सागां सकार दाम दीज्यो चीठी पाछी दीज्यों मिति०।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाईजी श्री रामप्रसाद जी गणपतलाल योग लिखी श्री आगरेसे लिखी दीनदयाल भैरूबक्स कैन श्री नरसिंह जी की बांच ज्यो अठे उठे श्रीजी सहाय आरहसी अपरंच चीठी आपकी आज दिने आई हुण्डी रु० २५००) की हमारे घरू कीनी जिसकी नकल लिखी सो जान्या देनी आया सकार दामदेस्यां और हिसाब हमारे बदका कार्त्तिक सुदी १ तकका तुरन्त उतार भेज दीज्यो चीठी काम प्रसंग की पाछी दीज्यो मिति०।

सिद्धि श्री भिवानी शुभस्थान भाई आत्माराम जुगलदास योग लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे भानकुमार लीलाधर कैन श्री राम राम बंच ज्यो अठेका समाचार भलाछे तुम्हारा भला चाहिये अपरंच हुण्डी किता १ रु० ५००) लिखी तुम्हारी राख्या शिवलाल अग्रवालेका कार्त्तिक सुदी १० दिन ६१ पीछे की सकार दीनीछे परंतु नकल हुण्डी पहिले लिखी नहीं सो हुण्डी चीठी करो जिसकी नकल साकारने सारू पहिले लिख देनी चाहिये।

सिद्धि श्री हैदराबाद शुभस्थान पची श्री ५ बलदेव सिंघजी रामसिंघजी योग्य लिखी कलकत्ता बन्दरसे लिखी मनोहरदास कैन श्री मुजरो बांच ज्यो अठेउठे श्री सीताराम जी सहायक रहसी अपरंच हुण्डी किता २ रु० ५०००) की हमें भोपतराम गोपीनाथ ऊपर पौस बदी १ दिन ६१ पीछे की किनीछे सो हुण्डी खड़ी सुनाछां सो ऊपर ले धनीसे पुछवा लिजो कदाचित नहीं सकारे तो उन हुण्डियों को आप हमारे हिसाब सकार दाम दीजियेगा समाचार तुरन्त लिखियेगा ऐसा न हो कि हुण्डियां बिन सकरी फिर जावे मिति।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री म० योग लिखी हैद-राबादसे ब०रा० केन श्री जैगोपाल बांचा ज्यो अपरंच चीठीयां की आज दिन आई हुंडी किता २ रु० ५०००) बाबत समाचार लिखा सो समझ लिया के थाके लिखे मुजब भोपतराम गोपीनाथन कहवा भेज्यी के सो आनाकां हुंडीयां सकार देसी कदाचित नहीं सकार नेकी कहसो तो हमे सकार देस्यां हुण्डी पीछी नहीं फिरने पावेगी, खातर जमा रखना और कोई कामकाज अठे लायक हो सो लिखता रह ज्यो० मिति० ।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई श्री रा० गो० योग्य लिखी श्री बनारस से पु० म० की जैश्रीजी की बांचो ज्यों यहां खेम कुशल है आप सबको कुशल चाहिये, अपरंच नोट रु० १०००) का आधा टुकड़ा नंबर $\frac{B}{14}$ १० ५६२ का भेजा के बाकी आधा दूसरी चीठीमें भेजांगा इसकी पहुंच तुरन्त लिख दीज्यो चीठी काम काज साथी लिख ज्यो मिति० ।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई जी श्री——योग्य लिखी श्री—अमृतसर से—कि जैगोपाल बांचा ज्यो अठिका समाचार भला के आपके भला चाहिये, अपरञ्च चीठी आगे दोनी की समाचार निगाहकोज्या छोज्यो और हिसाब कार्त्तिक सुदी २ सुधो का इस चीठी साथ भेजा के, रुपये १६०।/) बाकी देना निकला के सो आप जमा खर्च करके लहना काठ लिज्यो जवाब पाछो लिख दीज्यो मिति ।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई जी श्री—योग्य लिखी श्री कलकत्तासे केम श्री जैगोपालजीको बंचावज्यो अठे उठे श्रीजी महाराज सहायके अपरंच चीठी आपको आज दिने आई, हिसाब हमारे रुक कातिग सुधी १ तांईको भेज्यो सो पहुंचा के तपास कर समाचार सारते लिख स्यां मिति० ।

सिद्धि श्री—शुभस्थान चिरंजीव—चुन्निलाल शिवबल्लभ योग्य लिखी मथुराजी से मनोहर दास केम आशीस बंचना अपरंच हुंडी किता १ रु० २०००) इस चीठी साथ भेजी के सो सकाराय कर रामनारायन बंसी-

घर इन्दौरवाले खातें जमा कर ज्यो चीठी पाछी दीज्यों समाचार हुंडी जमाकीनेका हमने तथा इन्दौरवालोंने लिख दीजो मिति० ।

सिद्धि श्री मिरजापुर शुभस्थान शाहजी श्री दुर्गादत्तजी गङ्गादयाल योग्य लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे नारायनप्रसाद गोपालदास कीन श्री जयगोपाल बांचाव ज्यो अठे उठे श्रीजी सहाय करसी अपरंच चीठी आपकी इन दिनोंमें आई नहीं सो दिराव ज्यो—तार १ आपको आयो रुपये बीस हजार रोकड़े भेजनेकी लिखी सो ठीक है, [illegible] दिन डांक गाड़ीमें भेजेंगे और चाहिये तो मंगवा लिज्यो चीठी सारे समाचारों की दीज्यो मिति० संवत् ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान उपमा लायक शाहजी श्री नारायन प्रसाद गोपाल दास योग्य लिखी मिरजापुरसे दुर्गादत्त जी गङ्गादयाल कीन श्रीजैगो पाल बंच ज्यो अपरंच रोकड़ी रुपये बीसह-जार भेजे सो पहुंच गये है, आजकी मिति आपका जमा कीना छे फिर गियान देख सां तो मंगासां हुंडीका भाव कुछ तीखा रह गया छे इस भांत समाचार छे चीठी रूखपर संगको हमेशा दीज्यो हमापण देवांगा मिति० ।

सिद्धि श्री लशकर शुभस्थान भाई श्री योग्य लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे—कीन श्रीजी की बंचना अपरंच हुंडी किता एक रु० ५००, की आप लहनी भेजी सो जपर ले धनी नहीं सकारी छे सो इस चीठी साथ फिरत भेजी छे पहुंचेसे पीछी जमा कर ज्यो मलती चीठी दीज्यो काम काज इन दिनोंमें आप री बिलकुल आयो नहीं सो मज़र पूगे सो लिखाव ज्यो घनी फायदे साथ भुगता वांगा हमारे वरूपण लिखांगा मिति० संवत् ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री—योग्य लिखी श्री लशकर ग्वालियरसे—कीन श्री जैगोपाल बंचना अपरंच चीठी आपकी बदी २ की लिखी आई हुंडी रु० ५०००, की जपर ले धनी नहीं सकारी जिससें पीछी भेजी सो आनपुगी [illegible] जमा खर्च पीछा करलेसां

और हुंडी आपने काल दिन दर्शनी भेजागा देर नहीं है चीठी पाछी दीज्यो मिति०।

सिद्धि श्री बनारस महाशुभस्थान भाई जी आनन्दप्रसाद योग्य—लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे हरगोपाल हरनारायन केन श्री जयगोपाल बंचना आगे यहां क्षेम कुशल है आपको हमेशा चाहिये जी सुनमन आनन्दही चीठी आप की आई सो बांची पीछा उतर जान जो—कम्पनी के कागजोंका भाव पांच चार दिनसे ढीले हैं कारण सरकार लोन खोलैगी ऐसी खबर सुनते है सो अभी पोते करने को रुख तो नहीं है, आगे जैसी मरजी हो लिखायेगा आपके लिखे प्रमाण करेंगे, चीठी बदलेकी दीज्यो काम आप लिखोंगे सो फायदे साथ भुगतैगा मिति०।

सिद्धि श्री बंबई बन्दर शुभस्थान लायक श्री—योग लिखी कलकत्ता बन्दरसे केन जयगोपाल बंचना अठे उठे श्री जी सहाय करसी अपरंच चीठी पहुंचने साथ सोना बगडल पांच तथा गिनी विकटुरिया थान एक हजार ओतपाइकर खरीद लीज्यो जोखिम बेचकर डाकमें चालान कर दीज्यो बदले हुंडी दर्शनी हमारे ऊपर लिख दीज्यो समाचार बदलेका तुरन्त लिख दीज्यो मिति०।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थाक भाई श्री——योग लिखी श्री बंबई बन्दरसे——केन श्री जयगोपाल बंचना अठेका समाचार भला छै आपका सदा भला चाहिये, अपरंच चीठी आपरी आई समाचार बांचा सोना बडल पांच प्र० १९ लेखे तथा गिनी विकटुरिया थान एक हजार प्र० १२।⁄, आपकी हिसाबसे खरीद करके आज दिन डाकमें जोखिम बेचकर पारसाल २ रवाने कीनी छै सो पहुंचे से तुरन्त समाचार लिख दीज्यो हुंडी किता ६ रु० २०५०० की आपके ऊपर कीनी है राखरा बंक बंगाल सावण सुदी १५ पहुंचा तुरन्त सो देनी गया तुरन्त सकार दाम दीज्यो बलती चीठी दीज्यो काम काज फायदे रूपी समझो सो खुशीसे लिख ज्यो मिति०।

सिद्धि श्री दिल्ली शुभस्थान-भाई श्री योग लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे

रामचरणदास पुनमचंद वौन श्री नरसिंघ जी को बांच ज्यो अपरंच चीठी आये दोनोंके समाचार निगाहकीना हो सो और हुंडो किता एक रु० २५००, हमारे घरू निघानी को देनी लागी छै यीकाकु समाचार लिखो नहीं सो हवै तुरत लिख ज्यो हुंडी सकार दाम थाहरै घरूनामि मांडाछै कारण थाहोरो नाणों हमने देनो छै नहीं फिर बिना लिखा-वट किणतरै कामी चीठी आयां निश्चय हो सो चीठी पाछी दीजो काम काज लिखता रह ज्यो मिति ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री रामचरण दासजी पुनमचंद योग श्री दिल्लीसे लिखी हरवल्लभ जमनाप्रसाद कौन श्री जैगो-पाल बंच ज्यो अपरंच चीठी आपकी आई समाचार बांचा हुंडी रु० २५०० यहांरै घरू कौन जिण मधे समाचार लिखा सो समझ लीनाछै हुंडी आपरै घरू कीनोंछै कारण आप की तरफ रकम हमारी लहनी छै आप निगाह कर लीज्यो कच्चा हिसाब आपका इस चीठी साथ भेजी छै सो मिलान कर लीज्यो रु० तीनहजार आसरै हमारा लहना नीसरे छै मिति० ।

सिद्धि श्री सवाई जयपुर शुभस्थान पूज्य श्री सीतारामजी श्रीराम योग लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे लिखी—कौन श्री जुहार बांची ज्यो अठे उठे श्रीनाथ जी सहाय करसी अपरंच काल दिनकी चीठोकी समा-चार निगाह कीना हो सो और हमारे खाते मुहती कलकता हजार बीस करके बदले बंबई भेज दीज्यो ठील कर सो नहीं मिति० ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बंदर शुभस्थान भाई स्नेही रामजी किसनदास योगा लिखी सवाई जयपुरसे सीताराम कौन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच चीठी आप को आज दिन आई समाचार लिखा सो बांचे बंबई हजार बीस मंगाई बदले कलकता करने को लिखी सो ठीक छै सोदा ढूकैसे समाचार लिखसां चीठी हमेशा दीज्यो काम काजरी फर-माइश लिखता रह ज्यो घणो फायसें भुगतेगा मिति० ।

बालकोंके सीखनार्थ कपड़े सम्बन्धी चीठियें लिखनेकी रीति।

सिद्धि श्री मिरजापुर शुभस्थान भाई श्री देवीप्रसाद गणेशदास योग्य—लिखी कलकत्ता बन्दरसे गोपीनाथ शिवनारायण केन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच चीठी आपकी आई, कपड़ा मंगवाने की लिखी सो ठीक है जो दरकार हो खुशीसे मंगवा ल्यो आपके लिखे प्रमाण बहुत फायदे से खरीद भेजेंगे—आढ़त खर्च सौरभृताई लगेगी इस भांत समाचार है चीठी पीछी देना हमें भी देवेंगे मिति०।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री गोपीनाथ जी शिवनारायण योग्य—मिरजापुरसे लिखी देवीप्रसाद गणेशदास केन श्री राम राम बंचना, आगे चीठी आपकी आई समाचार लिखे सो समझ लिये हैं—लंकलाट कम्पनी मार गांठ दश खरीद करके तुरन्त चालान कर देना, बिलोटी तथा बिजक भेज देना—हुण्डी किता ॥ रु० १०००, इस चीठीमें सकार लीज्यो, हमारे जमा करना हुण्डी नहीं सकारे तो तुरन्त पीछी भेज देना चीठी पीछी देनी कपड़े की अर्थवती सब लिखना मिति०।

सिद्धि श्री मिरजापुर शुभस्थान भाई श्री देवीप्रसाद गणेशदास योग्य—लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे गोपीनाथ शिवनारायण केन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच चीठी आपकी आज दिने आई, समाचार बांचे कपड़े की अदद पांच आपके मंगाये मुजब चालान कर देई है, बिलोटी तथा लागत खर्च इस चीठी साथ भेजी हैं, सो पहुंचेसे रु० १४८०॥/, मिति आषाढ़ बदी ५ हमारा जमा करना और हुण्डी रु० १०००, भेजी सो पहुंची है दाम पटेसे जमा करेंगे, इस भांत समाचार है चीठी काम काज साथ लिखता रहु जो मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री बम्बई बन्दर शुभस्थान भाई जी श्री मानचन्द प्रभूदास योग्य—लिखी सवाई जयपुरसे प्रेमसुख मनीराम केन जुहार बंच ज्यो

अपरंच चीठी दिन दोय पहिले आपने दोनो छै खुदरा मालकी खरीद लिख भेजी छै सो चीठी पहुंची होसी हमारे लिखे मुताबक ओतपाक कर माल चालान कर दीज्यो, हुण्डी पीछेसें भेजाला और मालका भाव लिखोला फायदे मन्द देखां वासीं मंगावाला मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान शाहजी श्री घनश्यामदास जी मनीराम योग्य—लिखी दिल्लीसे काशीनाथ चुन्नीलाल केन श्रीजी की बांच ज्यो अपरंच आजकल कपड़ेको बाजार निहायत सुस्त है, सो हमारे खाते माल कोई भी रकम को हमारे लिखे सिवा चालाण कर ज्यो मतीना रुख प्रसंग तथा भाव रवोतो बराबर लिखते रह ज्यो मिति० ।

सिद्धिश्री दिल्ली शुभस्थान शाहजी श्री काशीनाथजी चुन्नीलाल योग्य —लिखी कलकत्ता बन्दरसे घनश्याम दास मनीराम केन श्री जय-गोपाल बांच ज्यो अठेका समाचार भला छै आपका सदा भला चाहिये अपरंच चीठी आपकी आई समाचार बांचे बाजार सुस्त जिसकेवास्ते माल भेजने की मनाही लिखी सो ठीक छै, आपके लिखे बिना भेजांगा नहीं अठे तो बजार बन रहा है, अंगरेज लोगोंकी रुख तो नरम छे नहीं बाकी समाचार चीठी आपकी से होसी मिति० ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई जी श्री नेमीचन्द जी जवाहरमल योग्य -लिखी भागलपुरसे राधाकिसन चेतनदास केन श्री जैगोपाल बाचीजो अपरंच लाल कपड़े की गांठ भेजी सो पहुंची छे, परन्तु थान १ कमती निकला है सो आपके उठे चौकसी करके थान एकका दाम हमारा पीछा जमा करना, पीछा जवाब तुरन्त लिख दीज्यो मिति० ।

सिद्धि श्री भिवानी शुभस्थान चिरंजीव लीलाधर नवलचन्द योग्य— लिखी कलकत्ता बन्दरसे कुञ्जलाल वृन्दावन केन आशीस बंचना यहां के समाचार भले हैं, तुम्हारे भले चाहिये अपरंच चीठी तुम्हारी आज

दिन आई सो बांची, हमारी चीठी पहुंची लिखी सो जाणा, अपरंच कपड़े की अदद पांच तुम्हारे हिसाबसे चालाण की है जिनकी बिलोटी तुम्हारे लिखे मुजब दिल्ली रामसुखदास जीने भेजी दीनी छै, मालकी नोध इस चीठी साथ भेजी है, बिजक पीछे से भेजेंगे, दरकार हो सो माल मंगाना, परन्तु रकम भेजणे की ताकीद रखणा इस भांत समाचार छै मिति० ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान पूज्य श्री कुञ्जलालजी बृन्दाबन योग्य—लिखी भिवानीसे लीलाधर नवलचन्द कीन जुहार बंचज्यो अपरंच चीठी आप की आई कपड़े की अदद पांच दिल्ली मारग भेजी लिखी सो ठीक है, मालकी नोध भेजी सो पहुंची छै, और आगी दागी गांठ मधे कितना बट्टा किया समाचार तुरन्त लिखना चीठी सारे समाचारों की दीज्यो मिति० ।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई भवानीसिंघ योग्य—लिखी कलकत्ता बन्दरसे शिवदत्तराय शेसरीचन्द कीन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच साटिनके थान आपके मंगवाये मुजब पारसलमें आज दिन डाकवालेको जोखिम बेचकर रवाने किये है, पहुंचने से तुरन्त पहुंच लिख दीज्यो और माल पाव आना कम जियादा निकास कराजा ज्यो कारण अठैको बाजार दिन परदिन मन्दी हो तो जावे छै, चीठी पाछी दीज्यो मिति० ।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान लायक श्री जवाहरमल जी भगवानदास योग्य—लिखी श्री बंबई बन्दरसे रामपतदास गणेशदास कीन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच सीटण गांठ२० थारेलिखे मुजब टीमर "इण्डिया"में आज दिन चढ़ा दीनी छै, बिलोटी डाकसे भेजांगा महसूल अठे चुका दीनो छै और अठेसेती लम्बर २० को सूत काल कात जावे छै सो भावलिखाकर जो पड़ता लागेगी तो भेजांगा चीठी सारे समाचार की तीखो दीज्यो मिति० ।

बालकोंके सीखनार्थ रूईके काम संबंधी चीठियें लिखने की रीति।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री हरीप्रसाद जमनादास योग्य—लिखी कानपुरसे बेनीप्रसाद केन श्री जैगोपाल बंचना अपरंच रूई हमारे पास यहां रखी है सो आपकी आढ़तमें भेजनेका विचार है, सो भाव रुखपर संग सब लिखना पूरवेगी तो चालान करेंगे जवाब तुरन्त लिखना मिति०।

सिद्धि श्री कानपुर शुभस्थान भाई श्री बेनीप्रसाद योग्य—लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे हरीप्रसाद जमनाप्रसाद केन श्री जैगोपाल बंचना अपरंच चीठी आपकी आई समाचार बांचे पीछा जवाब—रूईका बाजार पांच चार दिनसे रुखदार है, कारण चीन हंकांगसे कानपुरके मालकी १६॥) से १७) डालर की बिकरी और २२८) हुण्डीका भाव आया है, फिर भी उमेद भाव बढ़नेकी है, यहां अच्छे मालका ष्टोक निहायत कम है इस भांत समाचार है काम आप भेजोगे सो बहुतही फायदे साथ भुगतेगा, चीठी पीछी देना हमे भी रुख पर संग सुमेगी सो लिखा करेंगे मिति०।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री हरीप्रसादजी जमनाप्रसाद योग्य—लिखी श्री कानपुरसे बेनीप्रसाद केन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच चीठी आपकी सुदी तीजकी लिखी आज दिन आई समाचार बांचे हमारी चीठी पहुंची तथा रूई संबन्धी समाचार लिखा सो ठीक है, आपने लिखा है कि चीनसे कानपुरकी रूई बिकीका तारमें भाव डालर १७। तक आया है सो जाने परन्तु कितने वजन पर यह भाव है तथा हुण्डीका कांई हिसाब है समाचार बेरे वार तुरन्त लिखना मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री कानपुर शुभस्थान भाई श्री बेनीप्रसाद योग्य—लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे लिखी हरीप्रसाद जमनादास केन श्री राम राम

बंचना आगे यहां श्री गङ्गाजी कृपासे कुशल है, आपके यहां की कुशल क्षेम चाहिये, अपरञ्च चीठी आपकी आज दिन हमारी चीठीके जवाब की आई चीनमें रूई बिकै छै जिसका समाचार मंगाया सो समझ लिया है, जवाब इस भांत है :——अठै सेती चीणने ३०० रतल वजन आसेरे की गांठ चढ़ा करै छै, चीनमें पूरी ३०० रतलकी पीकल २। उतरै छै पीकल एककी कांटी १००होवै छै कांटी एकका वजन तोला ५२ होवै छै, हमने १७ का भाव जो आपने लिखा था सो पीकल ऊपर है, हुण्डीका भाव हमने २२८ का लिखा है सो यह रुपया है, चीनमें एकसो डालर पर भाव रहै छै, रकमकी छूट रह छै जणाती कलकत्ते बंबई ऊपर की हुण्डीका भाव घट जावै छै और रकम की टाण हो जणा हुण्डीका भाव बढ़ जावै छै, इस भांत समाचार छै सो समझ लीज्यो मिति० ।

सिद्धि श्री बंबई बन्दर शुभस्थान भाई श्री गोपीनाथजी सालग्राम योग लिखी नयानगरसे—रामधन दास कीन श्री जयगोपाल बंचना अपरंच रूई गांठ १०० थहांरे ऊपर चालाण कीनी छै जिसकी बिलोटी इस चीठीमें सहार लीज्यो माल पहुंचेसे बजार की रूण मुजब बेचकर उपना तुरन्त लिख दीज्यो, रूई सनमंदी हकीकत सारी लिख ज्यो तथा बिलायतसे धुलेरा की रूईका छै पेनीका भाव आया सुणा हां, परन्तु हमे तो इस भाव मांहे कुछ समझा हां नहीं सो बिगत वार समाचार चीठीमें लिख ज्यो मिति० ।

सिद्धि श्री नयानगर शुभस्थान भाई श्री रामधनदास हरसुखदास योग—लिखी श्री बंबई बन्दरसे गोपीनाथजी सालग्राम कीन श्री जयगोपाल बंचना अठे उठे श्रीजी सहाय छै अपरंच चीठी थां की आई समाचार बांचे पीछा जवाब ——

बिलायत माहे रूईका भाव रतल एक ऊपर रहै छै भाव पेनी ६ धुलेरा का आया छै, सो रुपये एककी पेनी २४ आसरे होय छै इण हिसाबसे ।⁄ रतल पड़ै छै तथा रुपये एककी शिलिंग २ होय छै—बिलायतमें शिलिंग तथा पेनीका चलण छै—रूईका कारखाना सब ठीकर-

पुलमें छे सो लखनके पास छे तथा कापड़का कारखाना मानचेष्टर तथा गोलास गौ में छे इसभांत हकीकत छे सो ध्यानमें राखवज्यो चीठी पाछी दीज्यो कामकाज की फरमाइश लिखता रहज्यो नया जूना समाचार सुणा गासो तीखा भुगतावांगा मिति० संवत्।

सिद्धि श्री बंबई शुभस्थान भाई श्री—योग—लिखी अजमेरसे—रामभक्त दास कीन श्री नरसिंघजीरी बांच जो अपरञ्च कागज थहांरी इण दिनामें आयो नहीं सो दीज्यो और रुईका भाव तारमाहे थाहारे उठे से तीखा आया छे सो रुई खांडी १०० तेज भावमें हमारे खाते मास एकके करारसे देनी-कर दीज्यो समाचार तारमें भुगता दीज्यो मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री अमरावती शुभस्थान भाई श्री गणेशदासजी गोपालदास योग्य—लिखी—से—कीन श्री जुहार बांची ज्यो अपरञ्च चीठी आगे दीन के समाचार मिगह कीनि होसी और हमे इसी सुणाछांकि थहांरी तरफ इण सालमाहे रुईकी पैदावरी कम छे सो समाचार बिगतवार फसल का तथा मालकी आमदनीका तुरन्त लिख ज्यो मिति०।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई श्री योग लिखी अमरावतीसे गणेशदास गोपालदास कीन श्री जैगोपाल बंचना अठेका समाचार भला छे आपरा सदा भला चाहिजे अपरञ्च चीठी आपरी आई, रुईकी फसल का समाचार मंगवाया सो ठीक है। जवाब ——

इण सालमें बरसातके तोड़ कर कर मालकी पदावारी ।।) भर हो गई छे, जिणसेती रुई अमर बेपारी लोगोंकी आमना तीखी छे, और दिशावरोंका भाव बध रह्या छे रम्रोतीसे जाण ज्यो बलती चीठी तीखी दीज्यो मिति० सम्वत्।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई श्री हजारीमलजी राधाकिसन योग—लिखी आगरे से—कीन श्री जयगोपाल बंचना अपरञ्च कागद आपरी आयो समाचार लिखा समझ लीनी छे पीछा जवाब,

थाहारी रुई मैलणे की पुरी निगहे छे: गाहक लागे से बेचकर-

तुरन्त छपना लिख देस्या, आमेरीकानकी तरफका कुछ समाचार सुना छे नहीं पक्का सुणांगा सो लिखांगा, रूईको बाजार अठे तो निहायत सुस्त है गाहकी कम छे, मालकी टीक दिनपर दिन बध तो जावै छे इस भांत समाचार छे मिति॰ सम्वत्।

बालकों के सीखनार्थ अफयून सम्बन्धी चीठियें लिखने की रीति।

सिद्धि श्री बम्बई बन्दर शुभस्थान लायक भाई श्री हीरालालजी पनालाल योग—लिखी कलकत्ता बन्दरसे मेघराज कैन श्रीजी की बंचना अपरञ्च चीठी आपनी रोज मिति देवांछा समाचार निगह करता हो सो और लीलाम पहला आजदिन हो गया छै, आवरेज पटणा—तथा बनारस—पेटी १ लारे आयो छे, समाचार तारांमाहै पहिलै भुगताहो सो, लीलाम धारणा सेती तीखो उठो छे कारण यहूदीलोग माल बहुत जोरसे खरीदो छे, बाजार को प्रसंग देखतां बार १ तो बाजार तीखो रहैसी आपको आगेने काई आमना छै समाचार बलती चीठी साथ लिखाव ज्यो मिति॰ सम्वत्।

सिद्धि श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई मेघराज योग—लिखी बम्बईसे—कैन श्री जयगोपाल बंचना अपरञ्च चीठी तुम्हारी लीलाम हुये की आज दिन आई समाचार लिखा सो निगह कर लीनाछै, हमारी तो रुख आगेने तीखो बैठेछे कारण मालवी अफीमको चालाण चीणने निहायत कमछै दूसरे देशावरवाला तेजीमें छै तीसरे चीण माहैं टीक कमछै सो जाण ज्यो चीठी रोजीना दीज्यो मिति॰।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई श्री—योग लिखी श्रीकलकत्ता बन्दरमे कैन श्री जयगोपाल बंचना अपरञ्च चीठी आपने बराबर देवांछै समाचार निगह करता हो सो और आजदिन चीण हंकांगसेती तार माहे इस भांत समाचार आया सुणा छै——

पटनेका भाव डालर	...	...	...		६५०
बनारसका भाव डालर		...	...		६०■
ढुण्डीका भाव	...	...	...	...	२२५

स्टौक पटना पेटी १००० तथा बनारस पेटी ७५० है और चीणने बोट आज दिन खुल गयोछे, इब अठेकी गो दाम माहे पेटी रही छे नहीं इस भांत समाचार छे, चीठी पाछी दीज्यो हमा पण नया जूना समाचार सुनागा सो लिखांगा मिति०।

स्वस्ति श्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाई राधाकिसन मथुरादास योग—लिखी अजमेरसे—कीन श्री नरसिंघजीरी बांचा ज्यो अपरञ्च चीठी थांकी आई चीणसेती भाव तीखा आया तथा समाचार लिखा सो समझ लीना छे, फिर सुनो सो समाचार तुरन्त लिख जो कोई वक्त जियादा तेज मंदेको रुख देखो तो समाचार तारमें भुगता दीज्यो चीठी हमेशा दीज्यो सो दो सूत तुमे लिखोगा सो भुगता देवांगा मिति०।

सिद्धि श्री इन्दौर शुभस्थान भाई श्री चेतनदास जी चैनराम योग लिखी श्री—से—कीन श्री जैगोपाल बांचा जो अठे उठे श्री जी सहाय छे अपरञ्च चीठी थहांरी आई बोझा पेटियांके भाव तीखा लिखा सो जाने मालवे माहें कितनीक पेटी बालास गियेछे तथा नई पेटियां ऊपर कांई धारयांछे समाचार सब लिख ज्यो चीठी दीज्यो मिति०।

सिद्धि श्री—शुभस्थान भाई जी श्री—योग लिखी श्री इन्दौरसे चेतनदास चैनराम कीन श्रीजी की बंचना अपरञ्च चीठी आपकी बांची समाचार जाने पीछा जबाब,—मालवे माहे स्टौक विशेष छे नहीं जिण से बाजार तीखो छे, नई फसलका समाचार मंगाया सो हाल तो कछु काम जियादा की रोली उठी छे नहीं बाकी साख भलेरीही दीसेछे मालवी लोग तेजी माहे पड़ रहा छे सो बाजारको प्रसंग हाल घटणेको काम दीखे छे पाछे तो अफीमके कुछ ठिकाणो नहीं इस भात समाचार छे मिति०।

पिता की तरफ़ से पुत्रको ।

स्वस्तिश्री कलकत्ता बंदर सुभस्थान चिरंजीव—योग्य लिखी आगरे से—की आशिस वाचना यहां कुशल है तुम्हारी कुशल चाहिये अपरञ्च बहुत दिनोंसे तुमने हमको चिट्ठी लिखी नहीं जिस की चिंता लग रही है, तुम्हारे पास के जो लोग आवते हैं उन्हीं से मुख ज़बानीतो तुम्हारी तन दुरस्ती का समाचार मिलता रहता ही है परंतु तुम्हारे रोजगार सम्बन्धी और दिलका ब्योरा तो चिट्ठी पढ़नेसे हम को रहै प्रवास का मिलापतो केवल पत्र द्वारा है, इसकेवास्ते पत्र लिखने का इतना आलस्य नहीं रखना यह चिट्ठी पहुंचनेसे वेरेवार समाचार लिखना, तुम्हारी चिट्ठी आनेसे जबाव लिखने में आवेगा—जियादह शुभमिति ।

पुत्रको तरफ़ से पिताको

सिद्धिश्री आगरा सुभ स्थान परम पूज्य काकाजी श्रीद्—योग्य लिखीतं कलकत्ते से आज्ञाकारी—की प्रणाम बांचियेगा अपरंच पत्र आप का पहुंचा परन्तु मेरी चिट्ठी बहुत दिनोंसे आपकी सेवामें नहीं पहुंची सो आपकी लिखनेकी आज्ञा सत्य है क्षमा कीजियेगा आगे को आपने जैसी आज्ञा की है वैसाही करूंगा और रोजगार थोड़ा बहुत निर्वाह मुवाफिक तो चलताही है, परन्तु पांच रुपये प्राप्ति होवै ऐसा अभि तक संयोग नही लगा है, पैदाकी उपायमें हूं आगे एक पारसल कलके दिन आपको भेजा है जिसमें रु०५०, पंचास डाकवालेको जोखिम देचकर भेजे हैं उनकी पहुंच लिखियेगा ।

स्त्रीकी तरफसे स्वामीको ।

सिद्धिश्री कलकत्ता बंदर सुभ स्थान सर्वोपमा लायक आनंद दायक सौभाग्य भूषण शिरोमणि श्रयुक्त श्री ६ प्रिय—योग्य लिखी जैपुर से शय्या दासी प्रियम्बाको विनति वाचीयेगा यहां आपकी कृपासे मङ्गल

समाचार है, आपके शरीर सम्बन्धि आनंद रातोदिन चाहती हूं, अपरंच आप सिधारेथे उसवक्त जो जो कोल दासीसे कर गयथे उनमें से एक भी पूर्ण करते तो क्या नहीं हो सक्ताथा परन्तु यहभी एक संशय है कि आपके कदाचित स्मर्ण न हो, आपका उत्तर आनेसे जाना जायगा आगे आपकी कृपा पत्रको रातोदिन बहुत अभिलाषालगी रहती है। धन्य है उस दिनको जिसरोज आपका दर्शन होवेगा जियादह सुभ—

पतिकी तरफसे स्त्रीको।

स्वस्तिश्री सवाई जेपुर सुभ स्थान सभ्या भूषण विद्यमान गुनवति श्री प्रिया—योग्य लिखी कलकतेसे कुञ्जबिहारी का स्नेहयुक्त मान्य बंचियेगा अपरञ्च यहां कुशल है तुम्हारी चाहिये, और प्रेम पत्रिका तुह्मारी आइ कोलकी बाबतमें समाचार लिखा सो ठीक है हम कुछ भूले नहीं हैं परन्तु क्या करें! जो मनोरथ करके आयाथा अभीतक परिपूर्ण नहीं हुआ है होनेसे तुरत्त संदेशा मिलेगा, हमारी तरफसे बहुत खुश रहना और अपने नित्यके कामोंमें और कुल व्यवहारमें सावधान रहना शुभमिति—सम्वत्—

औरतकी तरफ से मर्दको।

श्री सिध सर्व उपमा लायक मालिक पियारे—योग्य—लिखीतं आपकी पियारी की घनेमान से जुहार बंचावज्यो अठेका समाचार आपकी कृपासे भलाछे आपके शरीर की कुसल रातदिन चाहती हूं, अपरंच चोठी आपकी आगे आईथी जिसके बदले की आपने पहुंची होसी— और घरका हाल कठेताई लीखुं आप अच्छी तरहसे जानते हैं।

दोहा कहन सुनन को है नहीं लिखापढ़ी नहीं जात।
अपने दिल से जानीयोमेरे मनकी बात

अब आप अगर कुछ मेरी खबर लेंगेतो जान बचेगी नहीं तो दिल को दिलही में रहेगी मेरीतो यही अरजी है आगे जैसी हजूरकी मरजी चीठी पांछो दीरावज्यो—

मर्दकी तरफ़ से औरतको जवाब।

स्वस्तिश्री उपमा लायक पियारी साहिबा योग्य लिखी—से क्षेम श्रीजी की बंचना अपरंच चीठी तुम्हारी आई घरके समाचार बाबत लिखा सो हम सब जानते हैं परन्तु हमारा लिखना अब तुमको यह है कि घरके मालिक और मालिकनीके हुकम मुजब कामकाज बहुत ही हुशियारी से करती रहना सबकी साथ हिल मिलके राजी रहना—औसवस्त तुमको सागे जोग मिलेंगे—

सिद्धि श्री—शुभस्थान उपमालायक भाईजी श्री—योग लिखी—फते पुर से—क्षेम श्री जैगोपाल बंचज्यो अठेका समाचार भला छै आपका सदा भला चाहि जे अपरंच कागद तथा समाचार आपको रण दिना माहे आयो नहीं सो दिरावजो—और भाई रामप्रसाद के बाल संध्याने सिंह लग्नमें चिरंजीव हुआ छै जिसकी बहुत खुशाली मन रहीहै आप प्रणाम स्यो—

सिद्धिश्री—शुभस्थान भाईश्री———योग्य लिखायतु—से—भवानी शंकर प्रभुदयाल क्षेम श्री जयगोपाल बंचना अठे उठे श्री माथजी सहा करसी अपरंच चिरंजीव मदनलाल का विवाह माहा सुदी ५ रविवार गोधुलिक लग्नमें होवेगा इसपर आपलोग दिन ४ पहिले पधारि येगा आपके पधारणे से बहुत शोभा बढ़ैगी इति शुभ—

माकी तरफसे बेटी को।

सस्तिश्री—शुभस्थान चिरंजीव अहल्याबाई योग्य तुम्हारी माताका आशीस बंचना अपरंच चीठी तथा संदेशा तुम्हारा दोयचार बार आया समाचार समझकर तुमको पहुत्तर लिखती हूं—बेटी तुम बहुत प्रसन्न रहना और जन्मभर प्रीति पूर्वक अपने पतिकी सेवा करती रहना स्त्रियोंका मुख्य यही परम धर्म्म है देखो। संसार बेटा या बेटी दो पदार्थ हैं परन्तु बेटा अपने घरमें रहता है और बेटी गरीब और भाग्य वानकी दूसरेके घरमें परतंत्र रहती है माता पिता को अधिकारहैकि उत्तमकुल और वरको कन्यादान करैं—

हमारा तो अब तुमको मुख्य यही लिखना है कि चाहिये कोई कुछ भी कहो पर तुम तो केवल एकही परध्यान रखके सावधानी से रहो इसी से तुम्हारी और हमारी शोभा बढ़ैगी—

स्वस्ति श्री कलकत्ता शुभ स्थान सर्वोपमा योग्य चिरंजीव कृष्णदत्त योग्य लिखी मिरजापुरसे शुभ कांक्षी मनोहर दासकी आशिस बंचना यहांके समाचार भले है तुम्हारे सदा भले चाहिये आगे १ चांदीकी और १ सोने की घडियां मंगवानीकी हैं, सो क्याहिसावसे छूट बट्टा मिलता है और क्या दाम लगेगा, इसका ब्योरा जरूरसे लिखो क्योंकि एक हमारा मित्र है उनको चाहिये हैं, आगे घडियोंकी जो कीमत होगी हम तुमको पहिले भेजदेंगे कोइ बातका अंदेशा नहीं लाना सुभमिति— सम्वत्

सिद्धिश्री मिरजापुर महा सुभस्थान सर्वोपमा सकल गुणालंकृत मान्यवर श्री ६ मनोहर दासजी योग्य लिखी कलकत्ते से कृष्णदत्तकी प्रणाम बंचना अपरंच चिट्ठी आपकी आज पहुंची आपने घडियोंकी कीमत और छुटका हाल मांगा सो इसभांत घडी साजोंसे पूछनेसे मालूम हुआ है कि घडी जिस जातकी लेओगे वैसाही दाम लगेगा और छूट अंगरेज लोगतो एक आना रुपया पीछू देते हैं और हिंदुस्तानी दोकानदारोंसे जैसा पहिले खोले इसभांत समाचार आपको लिखा है इसके उपर जैसी मरजी हो लिखियेगा।

मालिक की तरफसे गुमाश्तेको।

स्वस्तिश्री नागपुर सुभ स्थान लायक श्री—योग्य लिखी कलकत्ता बंदरसे ब्रजविहारी लालाकी जैगोपाल बंचना अपरंच जो माल तुम वेचने लेगएथे उसमेंसे कितना बिका और बाकी कितना रहा या कबतक बिकेगा या बिकचुका अथवा नहीं बिका कुछभी आजतक समाचार नहीं भेजा यह तुह्मारी होशीयारी है। आगे अब तुमको लिखाजाता है की अगर माल नहीं बिका होवैतो असल लागत तक वेचडालना

इस उपर कुछ विचार नहीं लाना क्यों कि व्यापारका काम है,सो वा य इसके नीकास नहीं होता समझपड़े तो फिर जैसा मुनासिब समझो सो करो, हमारी ताकीदका मतलब यह है कि यहां बाजारमंदा हो गया है जियादह सुभमिति

गु ज्ञातिकी तरफसे सेठको

सिद्धिश्री कलकत्ता बंदर सुभ स्थान सर्वोपमा लायक सेठजी साहिब श्री ५ ब्रजबिहारी लालजी योग्य लिखी नागपुरसे मोतीलालकी बिनति बाचीयेगा अपरंच पत्र आपका आया समाचार आपने लिखकर भाया सो बाजब है, परंतु ईश्वर कृपासे सबमाल मुनाफे सहितही बिका है आप खातर जमा रखियेगा अबसेरे आनेमें फकत आढतियेसे हिसाब रुजू करके बाकी नीकाल लेनेकी ढील है आगे यहांसे कुछ रेशमी कपड़े खरीदके लेआनेका इरादह है, सो खरीद करना वा नहीं करना तारसे लिख भेजीयेगा औरतो समाचार आपके रूबरू बयान करूंगा जियादह सुभमिति—सम्वत्

महाजनकी तरफसे पंडितको ।

सिद्धिश्री फतहपुर सुभस्थानेकोपमा गुणालंकृत विद्वज्जन समाज भूषण मान्यवर पंडितजी श्री ६ रामप्रतापजी शर्म्मा योग्य लिखी कलकत्ता बंदरसे सेवक वैश्य रामप्रतावको साष्टांग मान्यपूर्वक दण्डवत् बाची एगा अत्रयंतत्रास्तु अपरञ्च ।

जैनीलोग परस्परमें क्षमा क्षमावनकी चीठ्ठी लिखाकरते हैं

श्रीमत् पार्श्वजिनं प्रणम्य ।

सिद्धिश्री मुरशिदाबाद सुभस्थान, श्रीपवित्र अनेकोपमा लायक सरावकोंके उत्तमोत्तम गुणाकार, मान्यवर सधर्मी शिरोमणि श्री ५ बहादूर सिंवजी, प्रतापसिंवजी, राय लक्ष्मीपत सिंघ बहादूर, योग्य लिखो [redacted] कत्ते से—तीन मान्यपूर्व्वक प्रणाम बाचीयेगा, यहां श्रीजिनवर धर्म-

प्रसादसे कुशल हैं, आप साहिबोंके कुशल क्षेम चाहते हैं, अपरंच कृपापत्र आपका इनदिनोंमें आयानहीं सो सावकाश लिखा करियेगा, आगे श्री प्रजूसणजी पर्व्व बहुत आनंदसे उत्सव महोत्साह सहीत हुए तथा तपस्या भी समय प्रमाण हुई भादवा शुक्लपक्ष——बारको सम्वतसरी प्रतिक्रमण करके सविनय सबसे क्षमा क्षमायन करे हैं तथा आप साहिबोंसे भी मनसा, वाचा, और काया करके खमवाते हैं,:-बारह महीने चौबीस पक्ष तीनसो साठ दिनोंमें जो कुछ अविनय हुईहो सो सु क्षमा करियेगा जी, तथा आपलोगोंनेभी वहां अति आनंद सहित आराधन करेहोंगे, जिसका समाचार लिखियेगा और जो कुछ यहांके लायक फरमायश होवे सोभी लिखियेगा, आगे विशेष समाचार दूसरी चिट्ठीमें लिखेंगे जियादह शुभ मिति—

श्रावक की तरफ से श्रीपूज्यजीको ।

ॐ नत्वा श्री अहमदाबाद नगरे शुभस्थाने सर्वोपमालंकृत सकल गुणगरिष्टान् सर्वलब्धिप्रतिष्ठान् चारुचारित्रपात्रान् निर्मलगुणगाकान् सरस्वतिकंठाभरणान् निजकुल कमल विकासभान एवंविध श्रीजिनाज्ञा प्रालकान् द्विविध धर्मप्ररूपकान् त्रीभिगुप्ति गुप्तकान् चत्वारि कषाय जीपकान् पंचाचार प्रपालकान् षटकाय रक्षकान् सप्तभय निवार कान् अष्टमदजीपकान् नववाड ब्रह्मचर्य पालकान् इत्यादि अनेक शुभउपमा विराजमान् जंगम युगप्रधान् श्रीश्री १००८ श्री—सकल पाठक वाचकान् मुनिमंडली संसेवित चरणकमलान् योग्य श्रीकलकत्ते से लिखी दासानुदास—की द्वादशावर्त वंदना त्रिकाल२ अवधारीयेगाजी यहां आपकी कृपासे सुख साती है आपके शरीर सम्बन्धी सदा कुशल चाहिये आगे समाचार बांचयेगा—

उर्दू चिठी लिखनेका तरीका ।

औरतकी तरफसे मर्दको ।

प्रानपियारे साहिब सलामत

आपकी चिट्ठी निहायत कम आनेका सबब इस तरहसे सुननेमें

आया है कि आपका दिल दूसरे कामोंकी तरफ झुका है और जिस कामकेवास्ते आप सिधारेथे उस कामसे हाथ खेंचते हैं उसकेवास्ते काम अकल लोंडोकीतो आखिर यही अरज गुजारिश है कि अपना छोड़के बिगाने कामोंमें पैरवी करनेसे सरासर नुकसानके सिवाय नफा हरगिज नहीं मिलता है, आगे आपको अखतियार है जैसा मुनासिब समझे जो कुछ लिखनेका हक़था सो लिखभेजा है आगे इसका जवाब आनेसे खातिर होगा।

मर्दकी तरफसे औरतको जवाब।

दिलोजानसे पियारी।

तारीख २० वीं माह मारचका आपका खत लिखा पढ़ करके निहा एत ताज्जुब करताहूं कि दूसरे कामोंके उपर मेंने इरादहकियेका आपने यह खबर कहांसे पाई बिलकुल गलत है, अब इस खतसे खातर रखीयेगा किनतो मेंने दूसरे कामोंकी तरफ इरादहकिया है और न करनेका है और हमेशासे चलाभी आता है कि घरको छोड़कर गेरोंपर नजर जो रक्खेगा आखिर बहुतही पछतावेगा और चिठी अब आगे जो आपकी आवेगी वेजवाबके नरहेगी खातरजमा रखियेगा जो कुछ लिखा है सही है।

औरत की तरफसे

पियारे दोस्तमन सलामत्।

है। पियारे जिस दिनसेआप कलकत्ते तशरीफ लेगये यह शहर मेरी आखोंमें उजड़ा जैसा मालूम देता है बैठतीहूं तो जिगरमें दर्द यहां तक पैदा होता है किरोंगटा २ बदनमें नशतरसा चुभता है और कलेजा आठ पहर अंगारासा भवकता है और जो उठतीहूंतो थरथराने लगजाती हूं चलनेकी ताकत नरही खानापीना छुटगया औरनिंगोडीतो खाबमें भी सूरत नहीं दिखलाती रात पहाड़ होजाती है जागनेके गवाह सितारे हैं और दिनको बेपानीकी मछलीकी तरह तड़फती

हूं क्याकरूं और किधरजाउं मेरातो हजूरकी जुदाई और यादमें यह हाल है और आपने मुझसे ऐसा दिल भूलायाकि कभि संदेशा और सलामसेभी याद नफर्माया अब खुदाकेवास्ते अपनी खैरयत और खुश-खबरी मुलाकातकी जल्द सुनाईये और जियादह क्या अरज, और अगर हजूरको कोईवक्त फुरसत रहैतो एकघड़ी अंगरेजी तोहफा खरीद करके भेजवा दीजियेगा क्यों कि जुदाइ केरंजमें तारेंतो गिनती रहती होहूं अब वक्तकाभी आपकी इन्तजारीमें घड़ीसे शुमार किया करूंगी।

पियारी साहिबा।

इनायतनामह क्या पहुंचा। गोया पतंगकेवास्ते चीराग पहुंचा मैं अपना अहवाल क्या लिखुं। जुदाई में बेचैन रहताहूं और आठपहर आपहीकी कहानी अपनेहीं दिलसे कहताहूं हड्डियां शमाकी तरह जलती हैं और मिसल मोमकी तरह पिघलती हैं दुबला इतना हो गयाहूं कि पानीकी लहरकी तरह अपने आंसुओंसे दरयामें आपही बहा जाताहूं हरचन्दकी जिंदगी काकुछ भरोसा नहीं लेकिन अगर हयात बाकी है तो फिर वही सुहबत और वहीबातें और वही दिन रातकी मुलाकातें और वही शिकार और वही ऐश और बागोंकी सैर और अगर नहींतो खैर, घड़ी बहुत उमदा और नफीस भेजताहूं उसकी सूईसे आप हमारी नातवानी और दूबलाईका अहवाल समझ लि जियेगा और पुरजे उसके मेरे दिलके पुरजोंकी खबर देंगे जियादह सिवाय मुलाकातके क्या लिखुं।

साहिब मन सलामत।

तुम्हारी खैरएतसे अपनी खूशी समझता हूं निहायत अफसोस की बात है कि बहुत अरसेसे आपका खत मुझको नहीं पहुंचा मालूम होताहै कि मुझपर कुछ खफगी होगी वलेकिन मेरी दानिश्तमें तो कोई ऐसा कसूरभी सबूत नहीं है कि जिससे खफगी का हाल भी मालूम रहता अब अरज यह है कि अगर फुरसतके वक्त चार हरूफ आपकी

तन दुरुस्ती के लिख फरमावेंगे तो बहुत मिहरबानगी समझूंगा

मिहरबान क़द्रदान सलामत ।

खत आपका पहुंचा यहां का अहवाल चंदरोज़से नहीं पहुंचा लिखा, जिसकेवास्ते आप मआफ कीजियेगा क्यों कि बसबब हर तरह के कारोबार के इस क़द्र मशगूल था कि खत खतूतका तो क्याही लिखना था खाने पीने सोने तकका भी सुभिता नहीं मिलता था, अब आपकी मिहरबानगीसे कारगुज़ारी का बंदोबस्त बखूबी हो गया है, थोड़े दिनों में कुछ यहां से माल जेपुर को लेजाके बेचनेका इरादह है, हाल में जैसी रोनक़ जेपुर की है वैसी दूसरे शहरकी नज़र नहीं आती है, और तो जो कुछ अहवाल होवेगा आप का मिहरबानी नामह आनेसे फिर लिखा जावेगा । जियादह क्या अरज़ ।

जनाबमन मिहरबान साहिब सलामत ।

आपकी खुशखबरी और कारगुजारी के बंदोबस्त के अहवाल का खत ऐन इन्तजारी में पहुंचा बाद पढ़ने के निहायत खुशी हासिल हुई, आपका इरादह जेपुर तशरीफ लेजानेका फरमाया मालूम किया, मेराभी इरादह आप के इरादह उपरसे कुछ वहांसे माल खरीद के ले आनेका पक्का हो चुका है यहां उसवक्त, अगर आपके साथ हमक मुला क़ात होवेगी तो वह दिन निहायत खुशीका है और अब जियादह क्या तकलीफ़ देउं ।

मिहरबान मन सलामत ।

इस हफ़ते में आपकी खिदमत शरीफ़ में यहां का अहवाल कुछभी नहीं पहुंचा जिसका सबब यह है कि दोस्त साहिबकी दुशमनों की तबियत कुछ अलील है जिस के वास्ते अपना कारोबार छोड़के उनके यहां रातो दिन हाजिर रहता हूं उम्मेद है कि भगवान की कृपासे पांच चार दिनमें तन दुरस्तीका समाचार आप को पहुंचेगा और सब खेर आफियत है ।

पियारे दोस्त साहिब ।

मिहरबानी नामह आपका आया पढ़नेबाद सिवाय आपकी दोस्त

साहिब के दुश्मनों की तबियत अलीलके सिवायत खुशी पैदा हुई और हालमें तावेदारको कुछ जिंनसोंकी फरमाएश नहीं भेजी सो अब आगे उम्मीद है कि भेजेंगे बमुजिब आपके हुकम के तामील करूंगा, मिहरबानगी आपकी हमेशीसे है जियादह चाहिये ।

दलील दस्तावेज ।

हुण्डी ।

सिद्धिश्री सवाई जैपुर शुभस्थान लायक भाई साहिब श्री दीनदयाल जी मनोहरलाल योग्य, लिखी कलकत्ते से दुर्गाप्रसाद नरसिंघ प्रसाद की श्री जैगोपाल बांचयेगा, अपरंच हुंण्डी किता एक रुपये १०००, अंके न एक हजार, नीमे रुपये पांचसोके दूने पूरे यहां रक्खे लाला भगवतप्रसाद से मिति माघ वदी १ एकम से मुद्दत दिने २१ इक्कीस पीछे नामी शाह योग्य रुपये हुंडी चलन रीति प्रमाण दीजियेगा, मिति माघ वदी १ संवत् । दस्तखत नरसिंघप्रसादका,

पैठ ।

सिद्धिश्री सवाई जैपुर शुभस्थान लायक भाई साहिब श्री दीनदयालजी मनोहर लाल योग्य, लिखी कलकत्ते से दुर्गाप्रसाद नरसिंघ प्रसाद केन श्री जैगोपाल बांचियेगा, अपरंच हुण्डी किता एक रुपये एक हजार अंके न एक हजार नीमे रुपये पांच सौ के दूने पूरे यहां रक्खे लाला भगवत प्रसादसे मिति माघ वदी१ एकमसे मुद्दत दिन २१ इक्कीस पीछे नामी शाह योग्य रुपये हुण्डी चलन रीति प्रमाण दीजियेगा लिखी थी, पर्यंतु रखेवाला धनी कहता है कि हुण्डी खोई गई ईसवास्ते पैठ लिख देते हैं आप अपनी सब वहियोंको चोकस देख तपासके इस पैठ की रीति प्रमाण सकार दाम दीजियेगा, कदाचित हुण्डी पहिले सकार चुकी होवे तो पैठ रद्दी समझ बांच करके फिर दीजियेगा, सनद२ आपके उपर लिखी हैं उनमें से एक सनद का रुपये मुजरे देंगे मिति माघ सुदी १ संवत् ।

पर पैठ

सिद्धिश्री सवाई जैपुर सुभस्थान लायक भाई साहिब श्री३ दीन दयाल जी यनोहरलाल योग्य लिखी कलकता से दुर्गाप्रसाद नरसिंघ प्रसादकी श्रीजैगोपाल बांचियेगा अपरञ्च एक किता हुण्डी रुपये हजार की अंकेन एक हजार नीमे पांच सौ के दूने पूरे यहां रखे लाला भगवतप्रसाद से मिति माघवदी १ एकम से मुद्दत दिन २१ इक्कीस पीछै नामी शाह योग्य रुपये हुण्डी चलन रीति प्रमाण दीजियेगा लिखी थी, तथा पैठ लिखी है मिति माघसुदी १ सोभी रखे वाला धनी कहता है कि खोई गई, इसवास्ते परपैठ लिख देतें हैं आप वहां अपनी सब बहियोंको चोकसदेख तपासके परपैठ लिखे प्रमाण सकार दाम दीजियेगा कदाचित हुण्डी अथवा पैठ आगे सकर चुकी होवे तो यह परपैठ रद्दी समझ, बांचके फेर दीजियेगा, सनद ३ आपके ऊपर लिखि हैं उनमेंसे एक सनदका रुपये मुजरे देंगे, मिति फागुण बदी१ संवत्।

जिकरी चिठी।

परपैठ में तो हुण्डी और पैठका दाखला दिया जाता है और जिकरी चिट्ठीमें हुण्डी पैठ और पर पैठका दाखला देना चाहिये, बाकी लिखने की रीति एक ही है।

अपनी बेचीहुई हुण्डी जिसधनी उपरही अगर वह धनी कोई सबबसे हुण्डी नहीं सकारेतो दूसरे धनीपर जिकरी लिखी जातीहै उसकी [redacted] यहहै।

सिद्धिश्री बंबई शुभस्थान भाईश्री रामचन्द्रजी सीताराम योग्य— लिखी श्री कलकता बन्दरसे मनमोहनदास प्रेम सुखदासकेन श्री जैगोपाल बांचीजो अपरंच हुण्डी किता १ रु० ५०००) अंकेन पांचहजार रामग्रालमल चेतनदास उपर लिखी दिल्लीसे मनीराम सालिगरामकी राखे चन्द्रभाण चुनीलालका आषाढ़ सुदी १ दिन ६१ इस नकलकी हुण्डी हमे अठे गणेशदास सुरजबकसने बचीथी सो उपरलो धनी हुण्डी

नहीं सकारैतो आप इस जिकरीको सकार दाम हमारे नामे लिखना हुंडी सादे पूठे तथा रसीदभेजदेना मिति सावण सुदी २ संवत् १९३७।

जिकरी चिठी जोधनी सिकारैंगा वह सिकारायनेवालेसे कोरे पूठे हुंडीलेगा और रुपयोंकी रसीदभी लिखवावेगा जिकरी सकारने वाला रसीद उस धनीके नामपर लिखेगा जिसने उसको हुंडी लहनीभेजीहो

जिकरीकी रसीद।

सिद्धिश्री कलकता बन्दर शुभस्थान भाईश्री गणेशदासजी सूरज बगस योग्य—लिखी बंबई बन्दरसे रा० जी० केन श्रीजीकी बांचजो अपरंच हुण्डी किता १ रु० ५,०००, की रामप्रताप मल चेतनदास उपर लिखी दिल्लीसे मनीराम सालिगरामकी राखे चन्द्रभाण चुनीलालका आषाढ़ सुदी १ दिन ६१ इस नकलकी हुण्डी आप लहणी भेजीथी सो उपरले धनी नहीं सकारी जणा इसके रुपये अठे रामचन्द्रजी सीतारामसे लेकर यह रसीद मांडदीनीछै तथा हुण्डी कोरे पूठे सौंप-दीनीछै मिति भादवाबदी—संवत्।

फिरती हुंडीकी रसीद।

उपरलाधनी हुण्डी नहीं सकारै तथा हुण्डी फिरती चलाजावे पीछेसे दूसरा धनी उसका रुपया देयकर रसीद लिखावे उसकी नकल

सिद्धिश्री कानपुर शुभस्थान भाईश्रीदयारामजी दवारकादास योग्य—लिखी कलकता बन्दरसे रा० रा० केन श्रीजैगोपाल बंचजो अपरंच हुण्डीकिता १ रु० २५०० अंकेन पचीससौ मितमदास रामगोपाल उपर लिखी हाथरससे बिहारीलालकी राखे शिवदयालरामका आषाढ़ सुदी १० दिन २१ ईसनकलकी हुण्डी उपरले धनी नहीं सकारी जणा तुमको फिरती भेजदीनी हबे उस हुण्डीका रुपये रामनारायण

रामदाससे लेयकर यह रसीद मांडदीनीछे तथा हुण्डीकोरे पुठे सोंपदीनीछे मिति सावण सुदि १४ संवत् १८३७।

खाता चुकती चिठी।

सिद्धिश्री—शुभस्थान भाईश्री प० स० योग्य लिखी—से-सु० रा० केन श्रीगोरधननाथजीकी बांचज्यो अपरंच रु० २४३॥ कातिक सुदी १ संवत् १८३६ सुधी खातेबाकीलहणा निकले छासो चुकती बियाज सुधा प० रा० पाससे लेकर जमाकीमाछे तथा खातो डेढोकरदीनोछे भूलचूक होसाबी लेणी देणीछे—मिति०

चालान चिठी।

सिद्धिश्री—शुभस्थान—योग्य लिखी—से——केनश्री—बांचिज्यो अपरञ्च सागा १ गाडी १० अदत ४० कपडेकी रामसिंघ राजपूतको साथ देकर आज दिन चालान किनोछे सो माल सेवा सुध सम्हाललीज्यो गाडी-वालोंने भाडेका रु० ४०, अंकेने चालीस देदीजो तथा रु० २, राम-सिंघको खुराकीकादीज्यो "मालपहु"चेको चिठो मांडदीज्यो।

आढत चीठी।

सिद्धिश्री—शुभस्थान—योग्य लिखी—से—केन—जुहारबांचीज्यो अपरञ्च भाई गणेशदास नन्दराम आपके उपर काम काज लिखेगा सो फायदे साथ भुगताय दिना करजो आढत खरच सिरस्ते प्रमाण जमा लीज्यो इसभांत समाचारछे वलती चिठो दीज्यो मिति० सम्वत्।

रुपयेदेनेकी सिफारिश चिठी।

सिद्धिश्री कलकत्ता बन्दर शुभस्थान भाईश्री केशवदासजी लीलाधर योग्य लिखीश्री मिरजापुरसे नरसिंघदास नरोतमदासकेन श्रीजेगोपाल बंचनो अपरञ्च रु० ५००, अंकेन पांचसो कलदार चिठीपहु"चने साथ केशवजी दलालने देयकर रसीद भेजदीज्यो मिति०।

जबाब।

सिद्धिश्री मिरजापुर शुभस्थान भाईश्री नरसिंघदासजी नरोत्तमदास योगा लिखी श्री कलकत्ता बन्दरसे केशवदास लीलाधरकेन श्रीजीकी बंचना अपरञ्च चिठी आपकी आई आपकी लिखे मुजब रु० ५००, केशवजी दलालने देदीनाछे रसीद इस चिठी साथ लिखाभेजीछे आज कीमिति हमारा जमाकरज्यो मिति० सम्वत्।

रसीद चिठी।

सिद्धिश्री शुभस्थान योगा लिखी से केशवजी दलालकेन श्रीजैगोपाल बांचीजो अपरंच रु० ५००, अंकेन पांचसी कलदार भाई केशोवदासजी लीलाधरसे आज दिन लेयकर यह रसीद लिखदीनीछे दस्तखत मिति संवत्।

मियादी सिफारिश चिठी।

सिद्धिश्री बम्बई बंदर शुभस्थान शाहजी श्री५ जुगल किशोरजी नंद किशोर योग्य लिखी कलकत्ता बंदरसे, गोपाललाल की बहुमान्य श्री जैगोपाल बांचएगा, अपरंच राधिकावल्लभ यह चिठी लिखवाके बंबई आवता है, सो आप उनको इस से रु० ५००, अंकेन पांच सौ कल दार हमारे हिसाब से दीजियेगा, और रुपहों की रसीद उनसे दस्त-खती लिखवाय कर हमको भेज दीजियेगा, इस चिठीकी मियाद आज से १ महीने तककी है, उस उपरांत रुपये मांगेतो हमारेको समाचार लिखदीजियेगा जियादह सुभमिति—संवत्।

भरती सिफारिश चीठी

सिद्धिश्री शुभस्थान योगा लिखी से केन मुजरो बांचजो अपरंच हमारी तरफसे भाई रामचन्द्र ब्राह्मण यह चिठीलेय कर आपके उठे आवेछे सो काम काज मालकी खरीद तथा रफतनीबाबत लिखांगा सो

रामचन्द्रके कहनेमु जब फायदे साथ निगहराखकर भुगतादीज्यो बाकी समाचार पीछेसे लिखेंगे चिठीपाछीदीज्यो मिति०।

अफीमकी खरीद बिक्रीके लिये कलकत्ते में दोतरहकी चिठियें चलतीहै।

तेजीकी चीठी

भाई रामसुखदास अग्रवालेसे (चिठीकाटनेवालेका) जैगोपाल बंचना अपरंच अफीम लाट १ (पेटी ५ अंकेनपांच) पटनाई पाका मालकी तेजी प्र० १३५०, अंकेन साढे तेरासो सन १८८० के पहिले लीलामकी खाइ हैसो लीलामको दिन इस चिठीको आप सही करा ओगेतो दरखास लाट १ (पेटीपांच) पटनाई मालकी आपको देंगे बदले डिपाजिट रुपये गवर्नमेंट सिरप्रते प्रमाण लेंगे लीलामकी छाक का भाव फरक होसी देना लेना है कदाचित दरखास के बदले पास आपके देवेंगेतो बदलाईके रुपये पांचपीटीलार काटकरके भुगतावन बाजार के सिरप्रते लेंगे और तेजीके रुपये जो खायेहै उनोसे आपका दावानहीं है कदाचित लीलामके दिन यह चिठो नहीं सहीकरा ओगेतो रातके १२ घंटेबाद यह चिठी रद्दीहै मिति०।

मंदीकी चिठी

भाई रामसुखदास अग्रवाले से [चिठी काटने वालेका] जैगोपाल बंचना अपरंच अफीम लाट १ (पेटी ५ अंकेन पांच) पठानाई पाका मालकी मंदी प्र० १३५० अंकेन साढेतेरासो सन १८८० के पहिले लीलामकी आपकी खाईहै सो लीलामके दिन इसचीठीको आप सही करा ओगेतो दरखास लाट १ (पेटी पांच) पटनाईमालकी आपसे लेवेंगे बदले डिपाजिटचे रुपये गवर्नमेंट सिरप्रते प्रमाणदेंगे और लीलामकी डाकका भाव फरक होगा सो देनालेनाहै कदाचित दरखास के बदलेमें हमको पासदेओगेतो बकलाईके रुपये पांच पेटी पीछे काटकरके भुगतावन बाजारके सिरप्रते देंगे और मंदीके रुपये जो

हमने खायेहैं उन्होंसे आपका दावा नहीं हैं कदाचित नीलामके दिन यह चिठी नहीं सही कराओगेतो रातके १२ घंडे बाद रद्दीहै संवत् मिति

जोखिम चीठी

भाईजीश्री शिवप्रसादजी दुर्गादत्तसे हीरालाल जवाहिरलालके न श्री जैगोपाल बंचना अपरंच जोखिम रु० १४०००, अंकेन चौदा-हजार अफीम पठना पेटी १० कलकत्तेसे हकांग बन्दरताईं स्टीमर फलाना फलानेकी प्र० ।।।, अंकेन बारा आन सैं कड़े हिसाबसे आपको लीनीहै सिरप्रते अंगरेजी पोलीसे के मारफत दलाल रामचन्द्र मिति०

शराकतनामह

भाईश्री गोवर्धन दास योग्य लिखी रामसहाय का जैगोपाल बंचना अपरंच तुम्हारी हमारीमरजी और सलाह के साथ कलकत्ते से लण्डन को १००० एक हजार थैले चावल "स्टीमर चुनारमें" भेजते हैं (अथवा भेजे गए हैं) उन थैलोंमें से तीन हिस्से अर्थात् ७५० तुम्हारे और एक हिस्सा अर्थात् २५० हमारे हैं और उसमाल में जो कुछ लाभ हानि और जोखिम वक्त पर होवे तो हिस्से मुजब तुमको और हमको कबूल और देना लेना है, और उस माल और थैलों पर रकम तुम्हारी लगी है जिसका हिस्से मुजब बियाज महाजनी सिरप्रते से वाजब भरदेऊंगा यह लिखावट और करार तुम हम आपस में इसवास्ते लिखते लिखाते हैं कि कोई तरह का हिसाफ्ती नुकसान नफे में सखुन तकरार उजर बेहिसाब आपस में न रहेगा जो उपर लिखा है सही है मिति—संवत्।

गवाह के दस्तखत। दस्तखत रामसहाय क सही।

वारिसनामह।

मैं निहालचंद कौम महाजन सकानह रामगढ़ इलाके जैपुरका सब को जाहर रहनेवास्ते अकल होशियारी बगैर निशे से इकरार करके

लिख देता हूं कि मेरे अयाल औलाद नहीं होनेके सबब से राजाराम वल्द गनेशदास कौम महाजन सकनह ऐजनको अपने स्थावर जंगम का जीतेजी आजको मितिसे वारिस कीया है, मेरे घरका सब वह मालिक हुआ है, मेरे मरनेबाद उसके साथ तकरार उजर दावे कोई तरह का कोई नहीं करने पावेगा अगर जो कोई फैल भरके करेगा झूठा होगा, मैंने मेरी राजी रजामंदी से यह वारिसनामह लिख दिया है सो सही।

दस्तखत निहालचंद खुद।

फ़ारगखती।

भाई रामलाल जौहरी योग्य लिखी रामचन्द्र महाजन सकनह दिल्ली हाल मुकाम कलकत्ता जो कि तुम्हारे साथ हमारा लेन देनका बहुत दिनों से व्यवहार चला आता था सो आज दिन हिसाब की रूह से समझ बूझके रुपये चुकती भरपाये हैं आज पहिलेके लेन देन बाबत आगे को कोई उजर दावा रहा नहीं, तथा आज पहिलेकी कोई तुम्हारे हाथ की वा तुम्हारे ऊपर की हमारे पास दलील दस्तावेज निकल आवे तो रद्दीसमझेंगे यह फ़ारगखती हम हमारी राजी रजा मंदी अकल होशियारी बगैर निशे लिख दी है सो मेरे को तथा मेरे वारिसों को लिखा सो कबूल और सही है, यह दस्तावेज मैं और मेरा वारिस वक्त पर नहीं मंजूर करें तो देश परदेश पंचराज में झूठे होवें मिति—सम्वत्।

मुचलका

मैं दौलतराम वल्द गनपत राम कौम अगरवाला सकनह जैपुर पेशा दलाली उमर ३० बरस अदालत फौजदारी जैपुर हाजर होयकर

इस इकरार से मुचलका लिख देता हूं कि आज पीछे रामनाथ बकाल के साथ कोई तरहका दंगा फिसाद नहीं करूं कराऊंगा और न बद ज़बान उसको बोलूंगा, अगर फिरकभी रामनाथ अदालत हाजामें मय साक्षी सबूत के मेरी तकसीर सबूत कर देवे तो गुन्हगारी का रु० ५० अदालत में बिला उजर दाखिल करूं जो लिखा सो सही है। मिति गवाह ▮ दस्तखत्।

दस्तखत् दौलतराम।

माल जामनी।

मैं अन बरखां कौम पठाण रहने वाला मुलतानका हाल मुकाम जैपुर बाबत लछमन जाटके माल जामनी लिख देता हूं कि परमानन्द महाजन लछमन के रुपये २०० अंके दोसे मांगता है वह रुपये बियाज सहित १ बरस में वह महाजन मज़कूरको अदाय कर देवेगा, अगर इस मियाद अंदर नहीं चुकती करे अथवा कोई उजर करे तो मैं मेरे घरसे लाकलाम सब रुपये बियाज सहित देऊंगा यह लिखा बट बतौक माल जामनीके मेरी रजामंदीसे लिखदी है कि वक्त जरूरतके काम आवे मिति—सम्वत्।

हाजर जामनी।

मै नारायन सिंघ कोम राजपूत सकनह मनोहरपुरका लीलाधर हज्जामके बाबत अदालत ▮ हाजर होयके इकरार करके लिख देता हूं कि लीलाधर को आजसे एक महीने तक जब ▮ अदालत तलबफरमावेगी हाजर कर देऊंगा अगर वक्त पर वह शखस अदालतके हुक्म सिवाय गैर हाजिर अथवा कहं गोम होजावेतो उसकी एवज में मैं खुद हाजर होयकर जवाब करूं और जो दावे उस पर अदालतका होवे मुझको मंजूर है यह सब बातें इस वास्ते मेरी राजामंदीसे लिखदी है की वक्त पर काम आवे जो लिखा सो सही है मिति—सम्वत्।

दस्तखत साखीका, दस्तखत नारायन सिंघ

फ़ैल जामनी ।

मैं हरसुखदास चौधरी सकने रामनगरका फ़ैलजामनी बाबत नानू लाल मेणेके एक बरसके लिये लिख देता हूं कि अगर वह शख्स आज की मितिसे—इस मयादके अंदर किसी तरहकी चोरीवा ठगाईकरे और जूवा खेले खीलावेगा तो इसके जवाबकी जिम्मा मेरा है यह लिखावट अपनी खुशीसे उसके वास्ते लिखदी है सो सही है मिति—

दस्तखत हरसुख दास ।

गिरवी नामह ।

राधिका प्रसाद से लिखीतं सीतारामका रामराम बंचना अपरंच आपके पास १ सरपेच (वजनमें १५ तोलेका हीरे और चुन्नीके जड़ाबका) गहने रखके रु० १०००) एक हजार लिये हैं इन रुपयों पर बीयाज प्र० ॥) सैंकड़े हिसाब से माहवारी देऊंगा और अपनी जिनस ६ महीनेके अंदर छुड़वा लेऊंगा अगर रुपये और बियाज चुकता इस मियाद अंदर नहीं देने सकूं तो अखतियार है कि उस सरपेचको बाजार [redacted] बेचके अपना रुपया और बियाज वसूल करो अगर बिक्रीमें रुपये कमती वा जियादह बंटे तो वाजब देना लेना है यह गिरवी नामह मैंने मेरी रजामंदीसे जरूरके वास्ते आपको लिख दिया है कि कोई तरहका झमेला इस लिखतके सिवाय नहीसके जो लिखा सो सही है मिति—सम्वत् ।

गवाहकें—दस्तखत सीतारामका

वकालत नामह ।

मैं हरगोपाल महाजन सकानहजारीका मनोहर कलवार पर अदा [redacted] दीवानी में २०६) रुपयेकी नालिसकी है इसकी वास्ते लाला नंदलाल को अपनी तरफसे वकील मुकर्रर करके इकरार करता हूं और लिख देता हूं कि वकील मौसूफ इस मुकद्दमे में जो कुल सवाली जवाब करे

यादद्दाश्त करे वह सब मेरेको मंजूर और कबूल है इस वास्ते यह वकालत नामह लिखदिया है सो सही है। तारीख—सन्—

दस्तखत हरगोपाल महाजन।

वकालत नामेको पीठपर वकीलकी सही इस भांत

महनतानेका रुपये नक़द समझबूझ के कबूलकिया है।

सही लाला नंदलाल वकील सिरश्तेदाजा।

आम मुख़तयार नामह।

मै गोकुलानन्द महाजन अगरवाला सकनह रेवाड़ी जिला गुरगांव इस इक़रार से लिख देता हूं कि मेरी स्थावर जंगम सम्पति के बाबत दीवानी फौजदारी कलक्टरी सदर वा महकमें वगैरह कचहरियों अंगरेजी अथवा राजस्थानमें मेरे पर जो नालिश वा मुकद्दमे दायर है अथवा होवे उसके वास्ते आम मुख़तयार बाबू कमला कांतको मुकर्रर किया है, मुखतयार मौसूफ मेरीतरफमें जो कोई मुकद्दमे में जवाब सवाल करे अथवा अरजी दाखिल करे वा सिरश्तेके वकीलको वकालत नामह देवे और दलील दस्तावेज अदालत में दाखिल करे वा सही करे वा रुपयोंकी रसीद देवे वह सब मेरे को और मेरे वारिसों को कबूल मंजूर है यह सब बातें बतरीकआम मुखतयार नामहके लिखदी है कि बर वक्त काम आवें जो लिखा सो सही है। तारीख—सन्

गवाह दस्तखत गोकुलानंद।

सुपुर्द नामह अथवा आकर नामह।

मैं भैरव प्रसाद जात खत्री रहने वाला अमृतसर का इमानसे इकरार करता हूं कि ज्वाला सिंघ राजपूत बेटा भूपाल सिंघने दो जोड़े बाज सोनेके जमा रुपये २०००) की मेरे सुपुर्द की है इस इकरार पर कि जब ज्वाल सिंघ अपनी रक़म मांगे तब बिना तकरार उज़रके देदूंगा और जिनसों की खबर दारी बखुबी करूंगा और किसी तरहका नुकसान उनमें हो जाय तो उसको जोखिम भरदूंगा इस

वास्ते यह सब बातें सुपुर्दनामह की राह पर लिखदी हैं कि वक्त पर काम आवें तारीख—सन् ।

दस्तखत भैरव प्रसाद ।

किराया नामह

लाला पूरणमल योग्य लिखीतं रामसेवक गुमाश्तह लालाहर्मन्दराय के अपरंच एक किता हवेली जोकि जोहरी बाजारमें नम्बर १० की है आपसे [illegible] बरसके वास्ते रुपये ४०, माहवारी किराया इस इकरारसे ली है कि किराया मुकर्ररी माहब माह बिला उज़र तकरारके देंगे और मरम्मत वगैरहकी दुरस्ती वक्त पर आप नहीं करावेंगे तो हम खुद करवाके जो खर्च पड़ेगा किराएके हिसाबमें मुजरे लेंगे, और सरकारी टेक्स लाग वगैरहका सब खर्च तुम्हारा हैं यह सनद अपनी खुशीसे लिख दी है सो सही और कबूल है तारीख—सन ।

दस्तखत रामसेवक

बेचान खत अर्थात् कन्टराक्ट ।

वृंदावन महाजनसे रामभक्त ज़मीदार का राम राम बंचना अपरंच गेहुं मन ५०० अंकेन पांच सो काठिया प्र० ३॥, रुपये मन हिसाब से आपको शिव परताप दलाल की मारफत बेचा है जिसका वजन आज की मितीसे एक महीने अंदर नमुने मुजब बजार सिरस्ते देंगे इन येलो पेटे १००, रुपये बायाना दाखिल पाये हैं बाकी रुपये माल वजन करके लेंगे इसमें कोई तरहका तकरार उजर वक्त पर निकले तोदो तुम्हारी औरदो हमारी तरफसे भले आदमी ठहराव कर दें सो तुम को और हम को कबूल मजूर है यह इकरार नामह तुम हमसे और हम तुमसे इसवास्ते लिखवा लिया है कि कोई तरह का बे सिरस्ते आपसमें आगे को उजर [illegible] करें मिति संबत् ।

दस्तखत रामभक्त ज़मींदार का ।

तक़सीमनामह ।

भाई मुकन्दलाल वलद क्षमा दत्त योग्य लिखितं कन्हैयालाल वलद मज़कूर का रामराम बंचना अपरंच अपनी बाप दादेकी ज़मीन असबाव ईंट जो अपनी आपस में एक शामलात आज पहिले थी सो आज दिन आपस में अपनी रज़ामंदी सेदो हिस्सों में बाटली हैं उन की तफ़सील की फरद तुम हमको और हम तुम को लिख दी है इस पर आगे को तुम हमारे माल ईंट वगैरह पर और हम तुम्हारे पर कोई तरह का उजर तकरार नहीं करेंगे जो कोई करेगा झुठा है यह तक़सीम नामह तुम्हारी हमारी खुशी और सलाहसे लिखदिया लिखवालिया है कि वक्त ज़रूरतके सनद रहै जो लिखा सो सही और क़बूल है मिति संवत् ।

दस्तख़त गवाह — दस्तखत जुदा जुदा एकमें मुकंदलालका और एकमें कन्हैयालालका ।

इतलाह नामह अर्थात् नोटिस ।

लाला रामप्रसाद सिंह साहिब योग्य ।

जो के आपके हिसाबमें रुपये २००/ असल वाकी बहुत दिनोंसे चले आते हैं रक़म और बीयाजके वास्ते कई मर्तबा आपसे तक़ा जा करवा चुका हूं तथापि मरज़ी अभीतक देनेकी न हुई इसवास्ते इस नोटिसके पहुंचनेसे तीनरोजके अंदर रुपये बियाज समेत भिजवा दीजियेगा नहीं तो दूसरे उपाओंसे वसूल करने पड़ेंगे वास्ते इतलाके लिखा है मिति संवत् ।

दस्तखत देवीदास महाजन ।

दानपत्र अथवा बखशिस नामह ।

सबपर प्रगटहो कि एक कूआ जो आहावादके पच्छम रुख पर है और उसके चौफेर २०० बीघा ज़मीन जोके हमारीथी सो आजकी मितिसे हमने विष्णु दत्त कुल परोहितको क्षमार्पण (बखशीस) की है और

इक़रार करके लिखदेते हैं कि बाद इसके हमको और हमारे वारिसो को उसकूआ और ज़मीनके बाबत कुछ उजर दावा नहीं रहैगा अगर हम अथवा हमारे वारिस कोई दावे करैंतो झूठा है हमने अपनी रजा मंदी होश हवास अक़लकी दुरस्ति से यह दानपत्र (बखशीस नामह) कूआ जमीनका पट्टा सहित कृष्णार्पण (बखशिस) कीया है सो सही है पट्टा सरकारमें रजिष्टरी कराया जावैगा मिति संवत्

दस्तख़त गवाह दस्तखत गिरधारीलाल महाजन।

पंचमुखतयार नामह।

लाला गनेशप्रसाद
बाबू हरगोपालचंद } पंच, राजारामकी तरफसे

माणिकचंद जोहरी
कालिकाप्रसाद चौधरी } पच, जैनारायनकी तरफसे

हम दोनों असामी उपर लिखेहूए पंचोंको इक़रार करके लिखदेते हैं कि हमारे आपसमें हिसाबका उलझाव कितने दिनोंसे चला आता है अभीतक सफाई नहीं हुई इसकेवास्ते आप लोगोंकों, आपसकी सलाह मरजीसे मुकर्रर करते हैं आपलोग बमुकाबले हमारे हिसाब किताब दलील दस्तवेज के वाजब तजबीज करके ठहराव करदेवें सो हम दोनोंको लाकलाम मंजूर और कबूल हैं, बाद फैसलह पंचोंके उसपर कोई उजर तकरार हममें से एकभी नहीं करैगा अगर जो कोई करै वह साफ झूठा है यह लिखावट बतौक पंचनामहके लिखदी है सो हमको और दोनोंके वारिसोंको कबूल और मन्जूर है।

क़रजखत।

भाई राधारमण योग्य लिखितं केशव चन्द्रके रामराम बंचना अपरंच रुपैये २००) अंकेन दोयसौ नक़द आपसे क़रज लिये हैं और उन रुपयों पर सूद प्र० १, सैकडे हिसाबसे माहवारी देंगे और इस इकरारसे लिख देते हैं कि रुपये जिस वक्त आप मांगे उस [illegible] लाक लाम बीयाज सहित चुकतो देंगे, यह तमस्सुक हमारी रजामंदी होश ह वास अक़लकी दुरसति बगैर सिखलाए लिखा है सो सही है और उन

रुपयोंके पेटे जो कुछ देवेंगेतो इस खतकी पीठ पर वसूल दिये सिवाय नहीं देंगे यह बातें इस वास्ते लिखी हैं कि वक्त जरूरतके काम आवें मिति—संवत्

गवाह दस्तखत केशव चन्द्रखुद

राजी नामह।

मैं रामसेवक रहने वाला मथुराका हाल मुकाम भागलपुर जोकि लाला मनोहरलालने मेरे पर कोरटदीवानी भागलपुरमें नालिश रुपये २००, की करी है उस के वास्ते यह राजीनामह अपने होशह वास अकलकी दुरसतिसे दाखिल करता हुं क्यों कि मैंने फरयादीको जैसा बना तैसेराजी करलिया है जो लिखा सो सही है तारीख— माह—सन्

गवाह दस्तखत रामसेवक मुद्दाले

दस्तखत मनोहर लाल मुद्दई

अरजी लिखनेका नक्शा।

गरीबपरवरसलामत

गुजारिश यह है कि मुसम्मे राजाराम वलद चेतनदास महाजन सकने देवगढ़ के को फिदवीने एकसौ रुपये कलदार रुपये सैंकड़े सूद दोसावसे कर्जदेकर सटाम्पी कागज पर तमस्सुख लिखवायाथा अब हालमें मुद्दालेसे रुपयों के लिये तकाजा कियातो गालियां देताहै और मारपीटकरने को तईयार है इसवास्ते अरजी हाजा गुजारानकर उम्मीदवार हूं कि मुद्दाले को तलब फरमाके रुपये सूद समेत देनेका हुकम फरमाया जावे, बाजवया अरजकिया आफताब दौलत अकबालका हमेशा चमकतारहै तारीख०

अरजी फिदवी नवलकिशोर
वलद रामजी महाजन सकने—
देवगढ

गरीबपरवरसलामत—

हालगुजारिश यह है कि फिद्वीके मकान की पूर्व तरफकी दीवार बरसात में गिरपड़ी थी सो उसको बनवाया चाहता है दीवार नहीं रहने से चोरीका खोफ रहता है और बेपरदगी से तकलीफ है लेकिन पड़ोसी रामरतन महाजन जबरदस्ती से नहीं बनवाने देता है मुजहर को गालियां देता और मजदूरों को मारपीट करता है इसवास्ते उम्मीद वार हूं कि मुदाले को तलब फरमाके ताकीद फरमाई जाय कि बरवक्त बनाने दीवारके चुपरहै पट्टा और नकशा मकानका वास्ते मुलाहजेके अरजीके साथ पेश किया है। अगर मुदाले का कुछ उजरहै तो अपना पट्टा और नकशा दाखिल करे जो वाजबथा अरज कियाहै—

अरजी फिदवी मोतीराम ।
सकने पालगंज ।

गरीबपरवर सलामत ।

गुजारिश यह है कि मूसम्मी लीलाधर

वल्द सेवाराम कौम महाजन सकने मंडावर को फिदवीने एक मकान जोकी सदर बाजार में है पांच रुपये माहवारी किराये से दिया था जिसको एक बरसका अरसा हो गयाहै लेकिन मुदालेने न तो कुछ आजतक किराया दिया और न मकान खाली करता है अबहाल में मकानकी मरम्मत के वास्ते कुछ मसाला वहांपर डालाथा उसको भी बरबाद करदिया और गालियां देता है यह सरासर जुलम है इसके वास्ते अरजी हाजा गुजराय कर उम्मीद वार हूं कि मुदाले को तलब फरमाके किरायादेके मकान खाली करनेका हुकम फरमाया जावे— जो वाजबथा अरज किया है—जवाबके वास्ते उम्मीदवार हूं।

अरजीफिदवी गिरधारीलाल
वल्दसीताराम महाजन ।
सकने प्रतापगढ

व्यापार सम्बन्धी नाप वजन।

वक्त

६०	सेकण्डकी	१	मिन्यूट
६०	मिन्यूटकी	१	घंटा
२४	घंटेका	१	दिन
७	दिनका	१	हफता
४	हफताका	१	महीना
१२	महिनोंका	[illegible]	बरस

कपड़ेका नाप

२॥	इञ्चीका	१	नेल
[illegible]	नेलका	१	क्वाटर
४	क्वाटरका	१	गज
५	क्वाटरका	१	एल

लम्बा नाप

१२	इञ्च का	१	फुट
३	फीटका	१	गज
५॥	गज का	[illegible]	पोल
४०	पोलका	१	फरलौंग
८	फरलौंग	१	मैल
३	मैल का	१	लीग
६०॥	मैलकी	१	डिगरी

वजन

१६	द्रीरामका	१	औंस
१६	औंसकी	१	पौण्ड
२८	पौण्डका	१	क्वाटर
४	क्वाटरका	१	हंडरवेट
२०	हंडरवेटका	१	टन

कागज

२४	शीटका	१	क्वायर
२०	क्वायर का	१	रीम
२	रीमका	१	बंडल

गिनति

१२	चीजका	१	डजन
१३	डजनका	[illegible]	लौंगडजन
१२	डजनका	१	ग्रोस
२०	चीजका	१	स्कोर
५	स्कोरका	१	हंड्रेड
६	स्कोरका	१	लौंगहंडरेड

विलायती सिक्का

१	पेनीका	८	पाई
१२	पेनीकी	[illegible]	शिलिंग
२०	शिलिंगकी	१	पौण्ड
२१	शिलिंगकी	१	गिन्नी

हिसाब करनेकीरीति ।

१ जितने रुपये सेर वस्तु बिकती हो, उतनेही आनेकी एक छटांक समझो—जैसे इलाएची ४) रुपये सेर बिकती है तो छटांक भरके ।) आने हुए ।

२ जितने रुपये मन वस्तु हो उतनेही आनेको अढ़ाई सेर आवेगी—जैसे चांवल २॥) रुपये मन आता है तो आढ़ाई आनेका २॥ सेर आवेगा ।

३ जितनेटके सेर वस्तुहो उतनीही दमड़ीयोंकी एक छटांक आवेगी—जैसे तीनटके सेर जो वस्तु बिकती होगी वह तीन दमड़ीयोंकी छटांक भर आवेंगी ।

४ एक रुपयेके जितने टके बिकते हैं, उतनीहीं दमड़ियोंका एक आना—जैसे एक रुपयाके ३२। टके मिलते हैं तो ३२ दमड़ियोंका एक आना ।

५ पैसेकी जेगंडे कौड़ियां बिकती हैं तो, उतनीहीं कौड़ीयांकी एक छदाम जानो—जैसे एक पैसेकी २४ गंडे कौड़ीयां बिकती हैं तो छदामकी २४ कौड़ी हुई ।

६ जितने रुपयोंका एकगज कपड़ा बिकेगा, उतनेहीं आनोंका एक गिरह आवेगा—जैसे तीनरुपये गज जो कपड़ा आताहै वह ≡) आनेका एक गिरह आवेगा ।

७ जितने टके गज कपड़ा बिकता होगा वह उतनीही दमड़ीयोंका गिरह आवेगा—जैसे जो कपड़ा ४। टके गज हैतो गिरह भर चार दमड़ीयोंका आवेगा ।

८ एक रुपयेकी जितनी सेर वस्तु हो वह एकआनेकी उतनीहीं छटांक आवेगी—जैसे एक रुपयेकी चारसेर मिश्रि आतीहै वह एकआनेकी चार छटांक आवेगी ।

९ एक रुपयेकी जितनी सेर वस्तु बिकतीहो वह चालीस रुपयेकी उत

नेही मन आवेगी—जैसे एक रुपयेकी मीठाई ५ सेर बिकती वह ४०) रुपयोंको ५ मन आवेगी ।

१५ पंद्रे रुपये का एकथान (गज २८) कापड़ा आताहै तो २रुपयेका कितना आवेगा ? जवाब ३॥/,॥। जैसे—अठाइस से दो को गुणा कियातो ५६ हुआ और १५का भागदियातो मिले तीन बचे ग्यारा यहां रुपयेका १५ टोकडा पाकडो ।

११ जितने सेर नाज नित खर्च होताहो, उनसेरोंको पौना करनेसे जो होगा उतनेहीं मन महनेमें खर्च होगा जैसे—जिसके घरमें ६ सेर अन्नका रोज खर्च होता है उनके महीने (३० दिन) में ४॥ मन खर्च होगा ।

१२ नित जितने सेरका पेटिया मिलता है उनको नौगुना करके मन समझो वही सालभरका पेटिया हुआ, जैसे—दोसेर चांवल रोज मिलताहै तो सालभर (३६० दिन) के १८ मन मिलेगा ।

१३ जितने रुपये महीनेका नौकरहो उन रुपयोंसे आधे तो आने और दूने टूकड़े (यहां ३० टूकड़ोंका एक आना समझना) जैसे—एक आदमी १०) रुपये महीनेमें पाता है उसको एकरोजका पांच आने और चारपाई देना चाहिये ।

१४ जितने रुपये मन वस्तु हो उतनेही एक सेरका टूकड़े समझना और एक आनेका २॥ टूकड़े—जैसे १२॥, रुपये मन घृतका भाव होवे तो एक आनेका २॥ टूकड़े, हिसाबसे पांचसेरका पांच आने हुए ।

१५ जितने रुपये कोड़ी (२० थान) का भाव हो उतनेही एक थानका टूकड़े समझना, और एक आनेका १। टूकड़ा जैसे—१२/, कोड़ी खारवेका भाव होवे तो एक थानका ॥/॥, आने हुए ।

१६ जितने रुपये तोला सोना बिकताहो, उतनेही एकरत्तीका टूकड़े जानो और एक आनेका ६ टूकड़े जैसे—१८) रुपये तोला सोना खरीदो तो १ रत्तीका ३/,आने देना चाहिये ।

१७ रुपये एक की २५ सेर जिंस आती है तो ७ सेरका दाम कहो ?

उदाहरण:—रुपयेका आना करके सेरसे सातगुणा किया तो ११२ हुए और २५ का भागदिया तो लब्धमिला सो आना सात सेरका हुआ।

१८ एक मनका ११) रुपये दाम होतो ७) रुपये की किसरीति से कितनी जिंसआई कहो? जवाब—मनका सेर करके सातगुणा किया तो २८० हुए फिर एग्याराका भाग दिया तो लब्धमिला २५-सेर और ५-टुकड़ा यहां ११ टुकड़े का एक सेर पकड़ना चाहिये।

हुण्डामणकाफलाव।

एकसो रुपये देके ८७॥ की हूंडी लिखाईतो साढेसत्तासी देनेसे कितनेकी लिखनी चाहिये? जवाब हूण्डीके भावसे जितने रुपयोंकी लिखावे उससे गुणा करके एकसौका भाग देनेसे ठीक हो जातीहै—जैसे:—८७॥ को गुणा किया तो ७६१२॥ हुआ और १०० का भाग दिया तो लब्धमिला ७६ और बचे १२॥ यहां ६। दोकड़ी का एक आना समझना चाहिये।

हूण्डीका भाव अगर १०५॥ का होतो ४०) रुपये की कितनी लिखनी चाहिये? जवाब ४० को १०० गुणा किया तो ४००० हुआ और १०५॥ का भाग देनेसे जो लब्धमिले उतनेही रुपयोंकी हूण्डी लिखी जावेगी।

हूण्डीकाभाव ८ रुपये अधिकका होतो ४१) रुपयेकी हूण्डामणका कितना देना चाहिये? जवाब ३।)॥ जैसे—४१ को आठगुणा कियातो। ३२८ हुआ और १०० का भाग दिया तो लब्धमिले ३ और बचे २८ यहां ६। दोकड़ीका एक आना समझलेना चाहिये हूण्डीका भाव ११ रुपये वट्टेका होतो ३२ का क्या वट्टा लेना चाहिये? जवाब ३।)२ जैसे:—११ को ३२ गुणा किया तो ३५२ हुआ और १०० का भाग दिया तो लब्ध मिला३—५२ यहां भी ६। टूकड़ोंका एक आना है।

मोतियोंके चउका हिसाब॥

एकदाना मोती आठरत्तीका है उसको चउकरने की रीति कहो? जवाब—रत्तीको रत्तीसे गुणा किया तो ६४ हुआ इसको पूणा किया तो

४८ हुआ और इसको भी पूरण किया तो २६ हुआ और रत्तीसे रत्तीको गुणा करने से जो होताहै वह ऊपर आना समझो यहां ८६ टोकड़ोंका एक वह समझलेना चाहिये इस हिसाबसे २६॥/४ वह हुआ मोतीदाना जितना हो उतनेही का भाग वहके देना जैसे २ दाना ८ रत्तीका हो तो २६॥/,४ के भाग देनेसे करीब १८।/ वह दो दानेका हुआ इसीतरह अधिक काले हो तो समझो ।

बाजार, कोठीका अर्थात् कच्चामण और हन्डरवेट वजनका शुमार

बाजार वजन—बाजारवजनका सेर (८० तोलेका) होताहै २रतल और १३ ड्रिरामका एकसेर होताहै और ८२ रतल २ अंस २ ड्रिरामका एकमण (४० सेर) होताहै ।

फैक्टरीवजन—फैकटरी वजनका सेर १ रतल १३अंस और १४ ड्रिरामका होताहै औरमण ७४रतल १०अंस ११ड्रिरामकाहोताहै ।

इन्डियन वजन—इन्डियन मण ८२ रतल और दो रतल का सातवां हिस्सा रतलका होताहै

बाजार मणसे कोठीका (कच्चा) मण करनेकीरीति दशवां हिस्सा और मिलानेसे कोठीकावजनहो जाताहै-जैसे ।

बाजारमण	३०	दोनूमिलकरके ३३मण कच्चा हुआ
दशवां हिस्सा	३	

बाजार मणसे हन्डरवेट करनेकी रीति बाजारमणमें दशवां हिस्सा मिलाना फिरतीसरा हिस्साबाददेना बाकीरहै सो हन्डरवेट समझो-जैसे

बाजारमण	३०	दोनूमिलकरके ३३ हुआ
दशवां हिस्सा	३	

इनमे तीसरे हिस्सेका ११ बाद किया तो बाकी २२ हन्डरवेट रहा

गये और हन्डरवेटको डेढाकरके इगरवां हिस्सा बाददेनेसे पाकामण हो जाताहै हन्‌रवेटका वजन ५४॥ सेर और आठछटांकका इग्यारवां विभाग अर्थात ५४॥ सेर और ॥≠ आनातोलेके आस पासहै ।

दूसराप्रकार

बाजारमणको ११ से गुणाकरके १५ भागदेनेसे बाकीरहै वह हन्डरवेट समझो—जैसे ५मणको ११गुणा कियातो ५५हुआ और १५का भागदियातो ३॥≠॥ हन्डर हुआ हन्‌रवेटको डेढाकरनेसे काचामण होता है और ४४ कच्चे सेरका एक पाकामण होताहै ।

क्यूबिकफीट नापनेकाहिसाब

इस वजनका हिसाब विशेषकरके जहाजमें माल रफतनी होताहै वहां लगताहै—जैसे, रूईकी गांठ ४फुट लम्बी ३फुट ऊंची और २फुट चौडी होतो उसकी २४ क्यूबिक फुटहोतीहै—जैसे ४से ३को गुणा कियातो १२ हुआ और १२को दो से गुणातो २४ हुआ अगर फुटके उपर इंचहोतो लम्बी चौडी और ऊंची तिंस सबको १२गुणा करके इंचकर लेना पीछो १७२८है का भागदेनेसे जो लब्धमिले वही क्यूबिक फुटसमझो

सिक्का और कम्पनीरुपयोंका चलन

सिक्के रुपयोंका अभी चलन नहीं है परन्तु कलकत्तेमें प्राय हुन्डियों का भुगतावन सिक्के रुपयोंकी आंटसे होताहै:—एकसो १००, रुपये सिक्केका १०६॥≠८पाई कम्पनी रुपये होतेहैं ।

सिक्कासे कम्पनी रुपये करनेहो तो पंदरवां हिस्सा और मिलानसे कलदारहोजातेहैं—जैसे

सिक्का	॥।≠,	सिक्का	१५,	सिक्का	१००,
पंदरवांहिस्सा	≠,	१५वांहिस्सा	१,	१५वांहिस्सा	६॥≠,८
कम्पनी	१	हुआ कम्पनी	१६,	हुआ कम्पनी	१०६॥≠,८

कम्पनी रुपयोंसे सिक्का करने होवेतो रुपये पीछे एकआना घटा-देनेसे सिक्का चलन बनजाते हैं जैसे १, का सिक्का ।॥/ और १६, कम्पनीका १५, सिक्का होतेहैं।

चीण और विलायतकी हून्डियोंका हिसाब

लन्डन उपरकी हून्डीकाभाव हिंदुस्तानमें सिर्फ एकरुपये पर रहताहै जैसेः—१—८—४ का भावहोतो समझो कि एकरुपयेसे बदलें एक शिलिंग सवानो पेनी लन्डनमें मिलेंगी—पौन्ड शिलिंग और पेनीका विलायतमें चलनहै वह सब उपर लिखें हैं वहांपर देखो।

चीन हंकांगमें डालरका चलन हैं कलकत्ते और बंबई उपरकी हून्डीकाभाव १०० डालरपर रुपयोंसे रहताहै जैसेः—हंकांगमें २२२॥ का भाव होतो समझना चाहिये कि १०० डालरके बदलेमें २२२॥ रुपये कलकत्ते या बंबई में मिलेंगें हंकांगमें रकमकी छूटरहतीहै जबतो कल-कत्ते, बंबई उपर की हून्डीकाभाव घटताहै और जब रकमपरतीजी आतीहै उसवक्त भावबढतेहै।

डालर और रूपयोंके हिसावकीरीति

जितनी डालरकी हून्डी हो भावसे गुणाकरना पीछे १००का भाग देना लब्धमिले वही रुपये समझो—जैसेः—२२२॥ के हिसाबसे १७डाल रकी हुंडीका ३७, ८२॥ टुकड़े हुए यहां एकसो टुकड़ेका एक रुपया समझ लेना—२२२॥ को १७ से गुणा कियातो ३७८२॥ और १०० का भाग दियातो ३७—८२॥ मिले—

चीनमेंजिंसोकातोल

चीनमें मालवा अफीम रूई धातवाना सोरा, वगैरह मालकाभाव एक पीकल पर रहताहै एक पीकलकी १०० काटी होतीहै और एक काटीको १६ टैलहोतीहै पीकल ५२०० तोलेकी और काटी ५२ तोलेकी होतीहै—एक रतलको पौन, काटीहोतीहै। ३०० रतल वजनकी रूईकी गांठकी प्राय २। पीकल गिणतेहैं—

अंगरेजी सन १८६० सेलगाय सन् १९५५ तकका यन्त्र।

अंगरेजी सन्				वारसूचक अक्षर
१८६०	१८८८	०	१९२८	कछ
६१	८९	१९०१	२९	च
६२	९०	०२	३०	ङ
६३	९१	०३	३१	घ
१८६४	१८९२	१९०४	१९३२	गख
६५	९३	,, ५	३३	क
६६	९४	,, ६	३४	छ
६७	९५	,, ७	३५	च
१८६८	१८९६	१९०८	१९३६	गघ
६९	९७	९	३७	ग
७०	९८	१०	३८	ख
७१	९९	११	३९	क
१८७२	०	१८१२	१९४०	छच
७३	०	१३	४१	ङ
७४	०	१४	४२	घ
७५	०	१५	४३	ग
१८७६	०	१९१६	१९४४	खक
७७	१९००	१७	४५	छ
७८	१	१८	४६	च
७९	२	१९	४७	ङ
१८८०	०	१९२०	१९४८	घग
८१	०	२१	४९	ख
८२	०	२२	५०	क
८३	०	२३	५१	छ
१८८४	०	१९२४	१९५२	चङ
८५	०	२५	५३	घ
८६	०	२६	५४	ग
८७	०	२७	५५	ख

जनुअरि, अक्टो	क	ख	ग	घ	ङ	च	छ
मई	ख	ग	घ	ङ	च	छ	क
अगष्ट...	ग	घ	ङ	च	छ	क	ख
फिब्रुअरि,... मार्च नवम्बर,	घ	ङ	च	छ	क	ख	ग
जून	ङ	च	छ	क	ख	ग	घ
सेप्टम्बर, डिसेम्बर	च	छ	क	ख	ग	घ	ङ
एप्रिल, जुलाई...	छ	क	ख	ग	घ	ङ	च

१	८	१५	२२	२९	र	श	शु	बृ	बु	मं	चं
२	९	१६	२३	३०	चं	र	श	शु	बृ	बु	मं
३	१०	१७	२४	३१	मं	चं	र	श	शु	बृ	बु
४	११	१८	२५	0	बु	मं	र	र	श	शु	बृ
५	१२	१९	२६	0	बृ	बु	मं	चं	र	श	शु
६	१३	२०	२७	0	शु	बृ	बु	मं	चं	र	श
७	१४	२१	२८	0	श	शु	बृ	बु	मं	चं	र

जिस वर्षका तारीख वारका देखना हो उसकी साम्हने वारसूचक अक्षर हैं। जहां पर दो अक्षर हैं पहिला जनवरी फरवरी का और बाकीके दूसरे महीनोंके समझना उन अक्षरों को उस महीने के सामने देखो जिसका वार तारीख देखना हो फिर उस अक्षर से बराबर नीचे चले आओ जहां तक वार मिले और वारकी बांए तरफ तारीख मिलेगी वही होवेगी। जैसे, सन१८७८ के साम्हने देखातो च मिला उसको जनवरी के साम्हने मिलाके नीचे चलेतो मंगल मिला मंगलके बांए तरफ देखातो १-८-१५-२२-२९ तारीख को मंगल है।

हिन्दुस्तानी मुसल्मानी और अंगरेजी वर्षों का मिलान ।

अंगरेजी सन	मुसलमानी सन	मुसलमानी शुरू	शालबाहन शाक	शालबाहन आरंभ	विक्रमादित्य संवत्	विक्रमादित्य आरंभदिन	अधिकमास
१८६५	१२८२	२७ मई	१७८७	११	१९२२	२८ मार्च	जैष्ठ
१८६६	१२८३	१६ मई	१७८८	११	१९२३	१७ मार्च	
१८६७	१२८४	५ ,,	१७८९	११	१९२४	५ एप्रिल	
१८६८	१२८५	२४ एप्रैल	१७९०	११	१९२५	२४ मार्च	
१८६९	१२८६	१३ ,,	१७९१	११	१९२६	१४ ,,	बैशाख
१८७०	१२८७	३ ,,	१७९२	११	१९२७	२ एप्रिल	
१८७१	१२८८	२३ मार्च	१७९३	१२	१९२८	२२ मार्च	
१८७२	१२८९	११ ,,	१७९४	११ (छ्रि)	१९२९	९ एप्रिल	भाद्रवा
१८७३	१२९०	१ ,,	१७९५	११	१९३०	२९ मार्च	
१८७४	१२९१	१८ फेब्रुयारि	१७९६	११	१९३१	१९	आषाढ़
१८७५	१२९२	७ ,,	१७९७	११	१९३२	७ एप्रिल	
१८७६	१२९३	२८ जनवरी	१७९८	११	१९३३	२६ मार्च	
१८७७	१२९४	१६ ,,	१७९९	११	१९३४	१५	जैष्ठ
१८७८	१२९५	५ ,,	१८००	११	१९३५	३ एप्रिल	
	१२९६	२६ डिसेम्बर					
१८७९	१२९७	१५ ,,	१८०१	१२	१९३६	२४ मार्च	आश्विन
१८८०	१२९८	४ ,,	१८०२	११	१९३७	११ एप्रिल	
१८८१	१२९९	२३ नवम्बर	१८०३	११	१९३८	३१ मार्च	
१८८२	१३००	१२ ,,	१८०४	११ (छ्रि)	१९३९	२० ,,	श्रावण
१८८३	१३०१	२ ,,	१८०५	१२	१९४०	८ एप्रिल	
१८८४	१३०२	२१ अक्टोबर	१८०६	११	१९४१	२८ मार्च	
१८८५	१३०३	१० ,,	१८०७	११	१९४२	१७ ,,	जैष्ठ
१८८६	१३०४	३० सेप्टम्बर	१८०८	११	१९४३	५ एप्रिल	
१८८७	१३०५	१९ ,,	२८०९	१२	१९४४	५ मार्च	
१८८८	१३०६	७ ,,	१८१०	११	१९४५	१४ ,,	बैशाख
१८८९	१३०७	२८ अगष्ट	१८११	११	१९४६	१ एप्रिल	
१८९०	१३०८	१७ ,,	१८१२	११	१९४७	२२ मार्च	भाद्रपद
१८९१	१३०९	७ ,,	१८१३	१२	१९४८	१० एप्रिल	
१८९२	१३१०	२६ जुलाई	१८१४	११	१९४९	२९ मार्च	
१८९३	१३११	१५ ,,	१८१५	११ (छ्रि)	१९५०	१८ ,,	आषाढ़
१८९४	१३१२	५ ,,	१८१६	११	१९५१	६ एप्रिल	
१८९५	१३१३	२४ जून	१८१७	१२	१९५२	२७ मार्च	
१८९६	१३१४	१२ ,,	१८१८	११	१९५३	१५ ,,	जैष्ठ
१८९७	१३१५	२ ,,	१८१९	११	१९५४	३ एप्रिल	
१८९८	१३१६	२२ मई	१८२०	११	१९५५	२३ मार्च	आश्विन
१८९९	१३१७	१२ ,,	१८२१	१२	१९५६	११ एप्रिल	
१९००	१३१८	१ ,,	१८२२	१२	१९५७	१ ,,	

राजा महाराजा सरदारों की मान्य तोप ।

गवरनर जनरलहिन्द	३१	बून्दि महारावराजा	१७
गवरनर बम्बई और मदराज	१७	करौली महाराजा	१७
लेफट्नेण्ट गवरनर	१५	भरतपुर महाराजा	१७
कमेंण्डर इनचीफ	१५	सिकम महाराजा	१५
एजेण्ट गवरनर जनरल	१३	उर्की [टिहरी] महाराजा	१५
चीफ कमिसनर	१३	किसनगढ महाराजा	१५
पोलिटीकल एजेण्ट	११	अलवर महाराव राजा	१५
दक्षिण [हैदराबाद] नीजाम	२१	धौलपुर राना	१५
बरोदा गायकवार	२१	जैसलमेर महारावल	१५
महिसुर महाराजा	२१	झालावर महाराजा राना	१५
ग्वालियर महाराजा	१९	प्रतापगढ राजा	१५
इन्दौर महाराजा हुलकार	१९	धार राजा	१५
भूपाल बेगम	१९	देवास दोनू राजा	१५
उदैपुर [मेवाड़] महाराजा	१९	दतिया महाराजा	१५
जम्बू [कश्मिर] महाराजा	१९	ईदर महाराजा	१५
खेलात खान	१९	खैरपुर मीर आलीमूराद खाँ	१५
त्रावानकूर महाराजा	१९	सिरोही राव	१५
कोल्हापुर राजा	१९	डूंगरपुर महारावल	१५
जैपूर महाराजा	१७	रामपुर नवाब	१३
जोधपूर [मारवाड़] महाराजा	१७	जावरा नवाब	१३
पटियाला महाराजा	१७	कूचविहार राजा	१३
कोटा महाराव	१७	त्रिपुरा राजा	१३
रीवां महाराजा	१७	बनारस महाराजा	१३
[illegible] राव	१७	रतलाम राजा	१३
कोचीन राजा	१७	बासवारा महारावल	११
भावलपूर नवाब	१७	झीन्द राजा	११
बिकानेर महाराजा	१७	नाभा राजा	११

कपूरथला राजा	११	झवुवा राजा	११
सम्पथर महाराजा	११	चम्बा राजा	११
जूनागढ नवाब	११	बावनी नवाब	११
नवानगर जाम	११	सिरमूर [नाहन] राजा	११
भावनगर ठाकर	११	सुकेत राजा	११
पन्ना महाराजा	११	टौंक नवाब	११
चिरकारी महाराजा	११	फरीदकोट राजा	११
छत्रपुर राजा	११	खाईलुर [बिलासपुर] राजा	११
मंडी राजा	११	सावतवाडी सरदेसाई	९
पालहनपुर दीवान	११	मालेरकोटला नवाब	९
राजपिपला राजा	११	छोटा उदैपुर राजा	९
राधनपुर नवाब	११	बरीया राजा	९
पोरबन्दर राना	११	बरवानी राना	९
धृांध्रा राजा साहिब	११	अलीराजपुर राना	९
अजैगढ महाराजा	११	बालासीनोर नवाब बाबी	९
बाओनी नवाब	११	संथि राजा	९
सिलाना राजा	११	लुनावार राना	९
सीतामऊ राजा	११	फुदली सुलतान	९
राजगढ रावत	११	लाहज सुलतान	९
नृसिंहगढ राजा	११	नागोद राजा	९

केवल इन्हींको मान्य।

तोप २१।

हिज हाईनेस महाराजा दलीप सिंघ जी, सी, एस, आई, हिजहाइनेस जीवाजीराव सेंधिया बहादुर, जी, सी, एस, आइ। महाराजा गवालियर।

हिज हाईनेस तकूजीराव हुलकर बहादुर, जी, सी, एस, आई। महाराजा इन्दौर।

हिज हाईनेस सवाई रामसिंघजी बहादर, जी, सी, एस, आई।
महाराजा जैपुर।

हिजहाईनेस रनबीर सिंघ बहादुर, जी, सी, एस आई महाराजाजम्बू।

हिजहाईनेसश्री रामवरम् जी सी एस आई महाराजा बावनकोर।

हिजहाईनेस महाराजा सज्जन सिंघजी उदैपुर (मेवाड़)।

तोप १९।

हिजहाईनेस नवाब मनसूर आलीखां नावब नाजिम बंगाल।

हिज हाईनेस यसवन्त सिंघजी बहादुर जी सी एस आई, महाराजा जोधपुर।

हिजहाईनेस रघुराज सिंघ बहादुर जी सी एस आई महाराजारीवा।

तोप १७।

हिज हाईनेस नवाब आलीजा अमीरल मुल्क कौनसरट औफर, हाईनेस बेगम भूपाल।

नवाब सरसलर जंग बहादुर जी सी, एस, आई वजीर हैदराबाद।

नवाब अमीर कबीर समसुल उमरा बहादुर वजीर हैदराबाद।

हिज हाईनेस——बहादुर महाराजा किसन गढ़।

हिज हाईनेस महम्मद एबराहिम खां बहादुर नवाब टोंक।

हिज हाईनेस महेन्द्रप्रताप सिंघ बहादुर महाराजा उरच्छा (टिहरी)।

तोप १५।

हिज हाईनेस प्रिन्स अजीम जाह अमीरुद्दौला बहादुर आरकोट।

हिज हाईनेस तखत सिंघ जी ठाकुर भावनगर।

हर हाईनेस कुडसिया बेगम भूपाल।

हिज हाईनेस मान सिंह जी राजा साहिब ड्रांगदर।

हिज हाईनेस महोवत खां के सी एस आई नवाब जूनागढ़।

हिज हाईनेस श्री विभाजी जाम नवा नगर।

हिज हाईनेस महम्मद कलब अली खां बहादुर जी सी एस आई नवाब रामपुर।

तोप १३।

हिज हाईनेस महाराज अधीराज——बहादुर बरद्वान।

हिज हाईनेस रघुबीर सिंह बहादुर जी॰ सी॰ एस, आई॰ राजाझींद।

हिज हाईनेस हीरा सिंह बहादुर राजा नाभा।

हिज हाईनेस रुद्रप्रताप सिंहबहादुर॰ के॰ सी॰ एस॰ आई, महाराजापन्ना

हरहाईनेस प्रिनसेस बिजेमिहम्मीबाई अमोनानी राजा साहिब तांजोर

हिज हाईनेस महाराजा मिरजा विजीया रामगजपती राज्यमान्य।

सुलतान बहादुर॰ के॰ सी॰ एस॰ आई बिजे नगरम्।

तोप १२।

उमर बिन सलाह बिन महम्मद नकीब मकला।

अवधबिन उमर अलकयाती जेमिदार शहर।

तोप ११।

महम्मद इबराहीम अली खां बहादुर नवाब मलेर कोटला।

बघजी ठाकूर साहिब मोरबी।

हिज हाईनेस परताप शाह राजा टेहरी।

तोप ९।

श्री नाराइन देवजी बरामदेवजी महारावल बांसडा।

रघुबीर दयाल राजा बिरौंदा।

महाराजा सर दिग बिजे सिंह बलरामपुर।

श्री गुलाब सिंहजी अमर सिंहजी महारावल धरमपुर।

जेसिंहजी ठाकूर साहिब धरोल।

भगवत् सिंहजी ठाकूर साहिब गोंडाल।

सीदी इबराहिम खां नवाब जंजीरा।

उदित परतापदेव राजा खरौंड।

अमर सिंह बहादुर राव किलचीपुर।

जसवंत सिंहजी ठाकूर साहिब लिमरी।

रघबीर सिंह राजा मईहर।

सूर सिंहजी ठाकूर साहिब पालीटाना ॥

ववीजी ठाकूर साहिब राजकोट ॥

सुलतान सकोतरा ।

सीदी अवदुल कादिर महम्मद याकूब खां नवाब सुचीन ।

दाजी राज ठाकूर साहिब वद्वान ।

बने सिंघजी राज साहिब बांकीनीर ।

हिन्दुस्तानके कोन कोन विभागमें कितना मनुष्य और जमीनका विस्तार कितना हैं उनकी संख्या ।

बंगालहाता ।

इस में ४७ जिले है इस का प्रमाण १९८०९० मील मुरब्बा है लोक संख्या ६३२४८४० हैं राजधानी कलकत्ता लोक संख्या ४४३६०० है ।

बम्बईहाता ।

इस में २२ जिले हैं इसका प्रमाण १२४४५८ मीलमुरब्बा है प्रजा संख्या १६२२८७७४ राजधानी बम्बई लोक संख्या ६४४४०५ ।

मंदराजहाता ।

इस में २१ जिले है भू परिमाण १३९६९८ मीलवर्ग हैं प्रजा संख्या ३१५९७८७२ राजधानी मंदराज लोक संख्या ३९७५२२ ।

उत्तरपश्चिमप्रदेश ।

इस का परिमाण ८१४६३ वर्ग मील है इस में ३६ जिले है अधिवासी संख्या ३०७६९०५६ राजधानी एलाहाबाद ।

पंजाब ।

इस में ३४ राजों का राज्य है उनकी प्रजा संख्या ५० लाख है सरकार के आधीन भू परिमाण १०३७४८ वर्ग मील है इस में ३२ जिले है प्रजा संख्या २७५९६७५२ राजधानी लाहोर ।

अवध ।

यह देश सन १८५६ में सरकार के तावे हुआ है इस का परिमाण २३९७० वर्ग मील है इस में १२ जिले है प्रजा संख्या ११२२०१२ राजधानी लखनौ।

मध्यप्रदेश ।

इस में १५ राजाओंका राज्य है उनका परिमाण २८०६४ वर्गमील सरकारी जमीन प्रमाण ८४९६१ मील है इस में ९ जिला है लोकसंख्या ८२०११९ राजधानी नागपुर।

ब्रिटिशब्रह्मदेश।

इसका परिमाण ८८३६४ मीलमुरब्बा है लोक संख्या २७४७१४८ है राजधानी रंगून ।

आसाम ।

इस में ११ जिला है भू परिमाण ५१०० मील मुरब्बा है प्रजा संख्या २९२६९९२ राजधानी गवालपाड़ा।

बराड ।

इस का प्रमाण १८००० वर्गमील है हैदराबाद के निजाम ने सन १८५३ में ब्रिटिशाधीन किया है इसमें ६ जिले हैं।

———०० ———

SHIKHIADARPAN.

Alphabet—वर्णमाला ।

बड़ेहरफ छापेका ।

A	B	C	D	E	F	G	H	I
ए	बी	सी	डी	इ	एफ्	जी	एच्	आइ
J	K	L	M	N	O	P	Q	R
जे	के	एल्	एम्	एन्	ओ	पी	क्यु	आर
S	T	U	V	W	X	Y	Z.	
एस्	टी	यु	वी	डबल्यु	एक्स	वाई	ज़ेड	

छोटेहरफ छापेका ।

a	b	c	d	e	f	g	h	i	j	k	l	m
ए	बी	सी	डी	इ	एफ्	जी	एच्	आइ	जे	के	एल्	एम्
n	o	p	q	r	s	t	u	v	w	x	y	z.
एन्	ओ	पी	क्यु	आर	एस्	टी	यु	वी	डबल्यु	एक्स	वाई	जेड

बड़े हरफ लिखनेका।

A	*B*	*C*	*D*	*E*	*F*	*G*	*H*	*I*
ए	बी	सी	डी	इ	एफ्	जी	एच्	आइ
J	*K*	*L*	*M*	*N*	*O*	*P*	*Q*	*R*
जे	के	एल्	एम्	एन्	ओ	पी	क्यु	आर
S	*T*	*U*	*V*	*W*	*X*	*Y*	*Z*	
एस्	टी	यु	वी	डबल्यु	एक्स	वाइ	जेड	

छोटे हरफ लिखनेका।

a	*b*	*c*	*d*	*e*	*f*	*g*	*h*	*i*
ए	बी	सी	डी	इ	एफ्	जी	एच्	आइ
j	*k*	*l*	*m*	*n*	*o*	*p*	*q*	*r*
जे	के	एल्	एम्	एन्	ओ	पी	क्यु	आर
s	*t*	*u*	*v*	*w*	*x*	*y*	*z*	
एस्	टी	यु	वी	डबल्यु	एक्स	वाइ	जेड।	

1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*	*9*	*0*
१	२	३	४	५	६	७	८	९	०

पहिले हिन्दुस्तानी नाम वा गाम अंगरेजी अक्षरों में लिखनेका कोई कायदा मुकर्रर नहीं था अब यह नया तरीका थोड़े दिनों से गवर्नमेण्ट ने मंजूर किया है सो इसके अनुसार लिखना चाहिये।

स्वर। Vowels.

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ॠ	ऌ	ॡ	ए	ऐ	ओ	औ
A	A′	I	I′	U	U′	RI	RI′	LRI	LRI′	E	AI	O	OU

अं	अः।
AN′	AH

व्यंजन। Cosonants.

*क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	ट	ठ	ड	
K	KH	G	GH	N′	CH	CHH	J	JH	N′	T	TH	D	
ढ	ण	[illegible]	[illegible]	द	ध	न	प	फ	ब	भ	म	य	र
DH	N	T	TH	D	DH	N	P	PH	B	BH	M	Y	R

ल	व	श	ष	स	ह।
L	V,	SH	SH	S′	H

बाराखरी। Barakhari.

[illegible]	का	कि	की	कु	कू	के	कै	को	कौ	कं	कः।
K	KA	KI	KI′	KU	KU′	KE	KAI	KO	KAU	KUN	KUH
ख	खा	खि	खी	खु	खू	खे	खै	खो	खौ	खं	खः
KH	KHA′	KHI	KHI′	KHU	KHU′	KHE	KHAI	KHO	KHAU	KHAN	KHAH

य YA क्या KYA किया KIA।

---

* हिन्दुस्तानी नाम गाम लिखनेमें [illegible] की जगाह बहुत आदमी C भी भी लिखते हैं परन्तु K लिखना चाहिये C नहीं।

हिन्दुस्तानी नाम और गांम लिखने और पढनेके लिये बालकोंको बहुत दिन तक परिश्रम करना पड़ता है इस लिये नीचे लिखे हुए थोड़ेसे शब्द सीखनेसे वे बातकी बातमें नामा लिखना और पढना आजावे गे। जो आदमी लगमात याने माचा जानता है और २६ अचर अंगरेजीके भी पचानता है उन आदमियों को तो अंगरेजी में लिखाहुआ नाम इसराहसे सिर्फ चारही घडीके अभ्याससे पढना आसकेगा।

Á आकार।

RAM	राम	RAMA	रामा	BABA	बाबा
LALL	लाल	LALA	लाला	PAPA	पापा

I ह्रस्व इकार।

SISA	सिसा	CHINI	चिनि	PALI	पालि
ZILLA	जिला	KILA	किला	BILL	बिल

EE दीर्घ ईकार।

SEETA	सीता	BEEMA	बीमा	BEERA	बीरा
PEELA	पीला	BEERI	बीरि	SEERI	सीरि

OO ऊकार।

ROOM	रूम	JOOTA	जूता	KOOLI	कूलि
ROOP	रूप	CHOONI	चूनि	OOMA	ऊमा

E एकार।

KELA	केला	DEHLI	देहलि	KEDAR	केदार
MERA	मेरा	MEHTA	मेहता	PEMRAJ	पेमराज

AI ऐकार।

FAILI	फैलि	JAIPUR	जैपुर	KAIRI	कैरि
JAIGO	जैगो	JAINI	जैनि	BAIRI	वैरि

O ओकार।

GORI	गोरि	DHOTI	धोति	ROJEE	रोजी
JOROO	जोरू	SONI	सोनि	MODEE	मोदी

OU औकार।

FOUR	फौर	GOURI	गौरी	BOULA	बौला
MOUJA	मौजा	KOUM	कौम	MOULA	मौला

N अनुस्वार।

RUNG	रंग	CHANDA	चांदा	GUNGA	गंगा
JUNGI	जंगि	CHUND	चंद	DUNKA	डंका

U अकार।

RUB	रब	PUR	पर	JUS	जस
SUB	सब	HUR	हर	DHUR	धर

YA या।

YAR	यार	BIAJ	ब्याज	HIAW	हियाव
PIAR	पियार	SIAMA	स्यामा	DYAL	द्याल

आदमियोंके नाम सीखनेके लिये।

हिन्दुस्तानी लोगोंका प्राय दो शब्दसे एक नाम बनताहै, दोनूको मिलानेसे पूरा नाम बनजाताहै। इनके लिखनेका असल मतलब यहीहै कि अंगरेजीमें नाम लिखना और पढना जो कोई सीखा चाहेगा जरा अभ्यास करनेही से बातकी बातमें खुदसीखलेगा

Ram	राम	dass.	दास	*Ramdass*
Gopi	गोपी	sing	सिंग	*Gopising*
Gopal	गोपाल	mull	मल	*Gopalmull*
Gunga	गंगा	dut	दत्त	*Gungadut*
Chetun	चेतन	bux	बक्स्	*Chetunbux*
Tara	तारा	dial	दियाल	*Taradyal*
Doorga	दुर्गा	lall	लाल	*Doorgalall*
Pali	पाली	dhur	धर	*Palidhur*
Alum	आलम	roy	राय	*Alumroy*
Bhola	भोला	nand	नन्द	*Bholanand*
Lila	लीला	persad	प्रसाद	*Lilapersad*
Oodai	उदै	sookh	सुख	*Oodaisookh*
Muhtab	माहताब	geer	गीर	*Muhtabgeer*
Fool	फूल	churn	चरन	*Foolchurn*
Dewa	देवा	deen	दीन	*Dewadeen*
Huri	हरी	narain	नाराइन	*Hurinarain*
Emun	येमन	ram	राम	*Emunram*
Asa	आसा	sookh	सुख	*Asasookh*

ENGLISH NUMBER.

अंगरेजी गिनती

¼ Quarter क्वार्टर पाव चारआना
½ Half हाफ् आधा आठ आना
¾ Three quarters तीनपाव ॥ु

---

1 One वन् १
2 Two टु २
3 Three थ्री ३
4 Four फौर ४
5 Five फाइव् .. ... [illegible]
6 Six सिक्स् ६
7 Seven सेवन् ७
8 Eight एट ८
9 Nine नाइन् ९
10 Ten टेन १०
11 Eleven इलेवन ११
12 Twelve टुवलव १२
13 Thirteen थारटीन् ... १३
14 Fourteen फौरटीन् ... १४
15 Fifteen फिफटीन् ... १५
16 Sixteen सिक्सटीन ... १६
17 Seventeen सेवनटीन ... १७
18 Eighteen एटीन ... १८
19 Nineteen नाइनटीन ... १९
20 Twenty टुअनटी ... २०

21 Twenty one टुअण्टीवन .. २१
22 Twenty two टुअंटी टु .. २१
23 Twenty three टुअंटी थ्री २३
24 Twenty four टुअंटी फौर २४
25 Twenty five टुअंटीफाइव २५
26 Twenty six टुअंटीसिक्स २६
27 Twenty seven टुअंटीसेवन २७
28 Twenty eight टुअंटीएट १८
29 Twenty nine टुअंटीनाइन २९
30 Thirty थरटी ३०
40 Forty फौरटी ४०
50 Fifty फीफटी ५०
60 Sixty सिक्सटी ६०
70 Seventy सेवनटी .. ७०
80 Eighty एटी ८०
90 Ninety नैनटी ९०
100 Hundred हण्डरेड .. १००
1000 Thousand थौजण्ड १०००
Ten thousand टेन थौजण्ड १००००
Lac लाख १०००००
Million दशलाख .. १००००००
One crore एककरोड़ १०००००००
Ten crores दसकरोड
Hundred crores सोकरोड

Lesson 1. पाठ १।

ba बे	be बी	bi बाइ	bo बो	bu बिउ	by बाइ
ca के	ce सी	ci साइ	co को	cu किउ	cy साइ
da डे	de डी	di डाइ	do डु	du डिउ	dy डाइ
fa फे	fe फी	fi फाइ	fo फो	fu फिउ	fy फाइ
ga गे	ge जी	gi जाइ	go गो	gu गिउ	gy गाइ
ha हे	he ही	hi हाइ	ho हो	hu हिउ	hy हाइ

Lesson 2 पाठ २।

ab एब	eb येब	ib इब	ob ओब	ub अब
ac एक	ec येक	ic इक	oc ओक	uc अक
ad एड	ed येड	id इड	od ओड	ud अड
af एफ	ef येफ	if इफ	of ओफ	uf अफ
ag एग	eg येग	ig इग	og ओग	ug अग
ak एक	ek येक	ik इक	ok ओक	uk अक

Lesson 3. पाठ ३।

bla ब्ले	ble ब्लि	bli ब्लाइ	blo ब्लो	blu ब्लिउ	bly ब्लाइ
bra ब्रे	bre ब्रि	bri ब्राइ	bro ब्रो	bru ब्रिउ	bry ब्राइ
cha चे	che चि	chi चाइ	cho चो	chu चिउ	chy चाइ
cla क्ले	cle क्लि	cli क्लाइ	clo क्लो	clu क्लिउ	cly क्लाइ

Lesson 4. पाठ ४।

phra फ्रे	phre फ्रि	phri फ्राइ	phro फ्रो	phru फ्रिउ	phry फ्राइ
scra स्क्रे	scre स्क्रि	scri स्क्राइ	scro स्क्रो	scru स्क्रिउ	scry स्क्राइ
shra श्रे	shre श्रि	shri श्राइ.	shro श्रो	shru श्रिउ	shry श्राइ

अ	
अजमेर ज,	Ajmir j.
अलिगढ़ ए,	Aligarh a
अमृतसर प,	Amritsar p.
अहमदावाद ब,	Ahmodabad b
अलिवाग ब,	Alibag b.
अमरावती न,	Amraoti n.
अलाहाबाद	Allahabad.
अलवर ज,	Alwar j.
अंजार ब,	Anjir b.
अम्बाला प,	Ambala

आ	
आगरा ए,	Agra a.
आरा क,	Arrah c.
आकोला न,	Akola n,
आबु ज,	Abu j.
आहरौरा ए,	Ahraura a.
आकोट न,	Akote n,
आरवि न,	Arvi n.
आटरौलि ए,	Atrauli a.

इ ई	
इन्दौर ए,	Indore A.
इगतपुरी ब,	Igatpuri b.
इरादतनगर ए,	Iradatnagar a.
इमामगञ्ज क,	Imamganj c.

उ ऊ	
उदैपुर ज,	Udaipur j.
उज्जैन ए,	Oojein a.
उनाउ अ,	Unao o.

ए	
एलिचपुर न,	Ellichpur n.
एरिनपुर ज,	Erinpoor j.
एटा ए,	Etah a.
एटावा ए,	Etawah a.
एवतमहल न,	Yeotmal n.

क	
* कलकत्ता	Calcutta,*
काछार क,	Cachar c.
काल्पी ए,	Kalpi a.
कानपुर ए,	Cawnpore a.
कहलगांव क,	Calgong c.
कुचविहार क,	Kuchbehar c.
कलियान व,	Kalyan b.
कटक क,	Kattack c.
कामठी न,	Kamptee n.
कानौड प,	Kanoud P.
कीकड़ी ज,	Kikri j.
किशनगढ़ ज,	Kishungarh j.
किशनगंज क,	Kissonganj c.
कोएलवार क,	Koilwar c.
कुचावन ज,	Kuchawan j.

